Page 11



खेल

हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 10



देश

वीरेन्द्र सहवाग की भविष्यवाणी : टी20 वर्ल्ड कप स्क्वायड में शिवम दुबे बनेंगे सूर्यकुमार यादव एवं ...

आप के एक और नेता पर कसेगा शिकंजा, समन पर नहीं हुए पेश, कोर्ट पहुंची ईडी...

कृष्ण पक्ष उत्तर भाद्रपद संवत 2080

• औरंगाबाद • रविवार • 07 अप्रैल 2024 • वर्ष 26 • अंक 116 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00


## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 24 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹71, 290 | ₹83,500 |



## आज का इतिहास

- 1843 : ईस्ट इंडिया कंपनी ने भारतीय गुलामता अधिनियम 1843 से दासता के लिए कानूनी समर्थन को हटाया गया।
- 2015 : अमेरिकी अभिनेता जियोफरे लेविस का निधन।

## न्यूज बाइट्स

### डूबती दोस्त को बचाने गईं दो बच्चियां, तीनों की मौत

**मधेपुरा (नि. सं.)।** मधेपुरा में शुक्रवार की शाम बकरी चराने गई तीन बच्चियों की तालाब में डूबने से मौत हो गई। घटना पुरैनी थाना क्षेत्र के बंशगोपाल पंचायत के चटनमा वार्ड-8 के पोखरिया बहियार की है। तालाब किनारे बकरी चरा रही बच्चियों में से एक का पैर फिसल गया और वह तालाब में डूबने लगी। एक-दूसरे को बचाने के चक्कर में एक-एक कर तीनों गहरे पानी में समा गई। मृतकों की पहचान सुनील मंडल की 14 वर्षीय बेटी ललिता कुमारी, अनिल मंडल की 12 वर्षीय बेटी आरती कुमारी व नुकूल मंडल की 11 वर्षीय बेटी सोनी कुमारी के रूप में की गई।

### जम्मू-कश्मीर में फिर महसूस हुए भूकंप के झटके, दो दिन में तीसरी बारी कांपी धरती

**जम्मूकश्मीर (ए.)।** जम्मू-कश्मीर में एक बार फिर से भूकंप के झटके महसूस हुए हैं। शनिवार दोपहर 2 बजकर 53 मिनट पर जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में भूकंप के झटके आए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार रिक्टर पैमाने पर तीव्रता 3.8 आंकी गई है। शुक्रवार दोपहर जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ और डोडा में भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। उस दौरान किश्तवाड़ में भूकंप की रिक्टर स्केल पर 3.2 की तीव्रता मापी गई। हालांकि अब आए भूकंप में .8 की बढ़ोतरी देखी गई है। वहीं जम्मू-कश्मीर में शुक्रवार देर रात एक बार फिर कश्मीर की धरती कांपी। बीती रात जम्मू कश्मीर के किश्तवाड़ में भूकंप की तीव्रता 3.2 आंकी गई थी। गौरतलब है कि किश्तवाड़ में एक दिन में दो बार भूकंप से धरती हिली है। भूकंप के झटके महसूस होने से लोग अपने घरों से बाहर निकलकर खड़े हो गए। मिली जानकारी के अनुसार किसी के हताहत होने की खबर सामने नहीं आई है। लेकिन बार-बार आ रहे भूकंप के चलते लोगों में दहशत पैदा हो गई है।

### दिल्ली में बच्चों की खरीद-बिक्री करने वाला गैंग पकड़ा गया

**नईदिल्ली (नि.सं.)।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने देशभर में बच्चों की तस्करी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया। जांच एजेंसी ने शुक्रवार (5 अप्रैल) को दिल्ली और हरियाणा में 7 जगहों पर रेड की थी। इस दौरान दिल्ली के केशवपुरम स्थित एक घर से तीन नवजात को बचाया। इनमें दो लड़के हैं, जिनमें एक डेढ़ दिन और दूसरा 15 दिन का है। एक बच्ची करीब महीने भर की है। सीबीआई ने एक अस्पताल के वार्ड बॉय समेत 7 लोगों को भी गिरफ्तार किया है। इनमें कई महिलाएं शामिल हैं। सीबीआई सूत्रों के मुताबिक, आरोपियों को एनसीआर के इलाकों से पकड़ा गया है। ये लोग अस्पताल से नवजात बच्चे चुराते थे। फिर ब्लैक मार्केट में सामान की तरह इनका सौदा करते थे। एक बच्चे के लिए लगभग 4 से 5 लाख रुपए में डील होती थी।

# 25 करोड़ की नकली किताबें बरामद

## पांच प्रिंटिंग प्रेस पर रेड, मार्केट से गायब हैं सीबीएसई और एनसीईआरटी की किताबें

**निज संवाददाता | पटना**



पटना में भारी मात्रा में नकली किताबें बरामद हुई हैं। यह कार्रवाई भारती भवन के शिकायत पर की गई थी। जब पुलिस ने प्रिंटिंग प्रेसों पर छापा मारा तो वहां अलग अलग ब्रांड की नकली किताबें मिली। इनमें से सब से ज्यादा सरकारी यानी सीबीएससी और एनसीईआरटी के किताबें सब से अधिक थी। ये सभी किताबें दो दिन में बाजार में निकाल दी जाती। ये सभी किताबें क्लास 6 से क्लास 8 तक की हैं। बताया जाता है कि 25 करोड़ की कुल नकली किताबें बरामद की गई हैं। पुलिस ने सभी प्रिंटिंग को फिलहाल अपने कब्जे में ले लिया है। पुलिस के मुताबिक पटना में इससे ज्यादा नकली किताबें एक साथ नहीं बरामद की गई है। पुलिस ने इसके मुख्य सरगना राकेश कुमार को भी गिरफ्तार किया है। भारती भवन के एक अधिकारी ने बताया कि एक साल से ऐसी शिकायत आ रही थी कि भारती भवन ने प्रकाशन की क्वालिटी खराब हो रही है। जिसके बाद इसकी जांच कराई गई। तो पाया गया कि भारती भवन की पटना में बिकने वाले में 40 प्रतिशत किताबें नकली हैं। जिसके बाद एक टीम बना कर इसके जड़ तक पहुंचने के काम शुरू किया गया। टीम को पटना के रामाकृष्णा नगर थाना इलाके में 3 और बायपास थाना क्षेत्र में दो प्रिंट प्रेस और गोडाउन का पता चला जहां सिर्फ बड़े बड़े ब्रांड्स के का नाम दे कर नकली किताबें छापी जाती हैं। भारती भवन ने इसकी सूचना सिटी एसपी पूर्वी भरत सोनी को दी। सिटी एसपी ने सत्यकाम एसडीपीओ 2 सदर पटना और गौरव कुमार एसडीपीओ 2 पटना सिटी को दोनों संबंधित थाना प्रभारियों के साथ छापेमारी का आदेश दिया। जिसके बाद पुलिस ने छापेमारी कर लगभग 25 करोड़ के नकली किताबें बरामद की हैं। जिसके बाद रामकृष्णा नगर थाना और बायपास थाना में मामला दर्ज किया गया है। राकेश पर 2020 में भी रेड पड़ चूका है। उस समय राकेश के 6 ठिकानों से लगभग 9 करोड़ के नकली किताबें बरामद हुई थी। राकेश जेल भी गया। 6 महीने के बाद बेल पर बाहर आ गया। अभी भी वो केस कोर्ट में चल रहा है। राकेश ने जेल से बाहर आने के बाद फिर से यहीं धंधा शुरू कर दिया। पटना में सब से ज्यादा सीबीएसई और एनसीईआरटी की किताबें पढ़ाई जाती है। लिहाजन इनकी किताबें भी बहुत बिकती हैं। अभी लगभग स्कूलों में पढ़ाई शुरू हो गई है या होने वाली है। पटना में इन प्रकाशनों के किताबों की मांग भी बहुत है। लेकिन के दुकानों में कक्षा 6 से कक्षा 8 की किताबें नहीं मिल रही है।

### टीएसीटी कंपनी के अधिकारी ने बताया

टीएसीटी नई दिल्ली कंपनी के अधिकारी अखिलेश कपूर ने बताया कि पटना में भारती भवन और एनसीआरटी से जुड़ी किताबें के नकली प्रकाशन करके बेचे जाने की खबर मिल रहे थे इस खबर की सत्यता के लिए पटना पहुंचे। जकरियापुर रामकृष्ण नगर थाना अंतर्गत आता है जहां राजेश कुमार के गोदाम में भारी मात्रा में नकली किताबों का प्रकाशन प्रिंटिंग वाइंडिंग किया जा रहा था।

### छाप रहे थे कई ब्रांड्स की नकली किताबें

भारती भवन की शिकायत पर पटना के 5 प्रिंटिंग प्रेस पर छापेमारी की गई। इस प्रेसों में सीबीएससी और एनसीईआरटी, भारती भवन, एस चांद, राजकमल समेत लगभग एक दर्जन प्रकाशन की किताबें छप रहीं थीं। इस प्रिंटिंग प्रेस में प्रिंटिंग मशीन बाइंडिंग मशीन लेबलर कटर के साथ साथ गोडाउन भी थे। इन पांचों में से 3 में तो सिर्फ एनसीईआरटी और सीबीएसई की ही नकली किताबें हीं छापी जा रही थी। जबकि ये दोनों प्रकाशन सरकारी हैं। 25 करोड़ के नकली किताबों में लगभग 20 करोड़ की किताबें एनसीईआरटी और सीबीएसई का ही था। भारती प्रकाशन के 4 करोड़ और बाकी की सब मिला कर लगभग 2 करोड़ की निकली किताबें थी।

## तेजस्वी यादव ने जमुई में की जनसभा, कहा

# प्रधानमंत्री ने एक भी वादा पूरा नहीं किया

**निज संवाददाता | जमुई**



लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम एवं नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने शनिवार को जमुई में जनसभा की। इस दौरान उन्होंने एनडीए के प्रत्याशी अरुण भारती के बाहरी होने पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि लोजपा रामविलास के मुखिया चिराग पासवान ने जमुई से अपने जीजा अरुण भारती को टिकट दिया है। वे बाहरी कैंडिडेट हैं। बाहर से आने वाले कैंडिडेट को बाहर का रास्ता दिखाइए। तेजस्वी ने कहा कि जमुई से आरजेडी की प्रत्याशी अर्चना रविदास स्थानीय उम्मीदवार है। वह हमेशा क्षेत्र के लोगों के लिए काम करेंगी। उन्हें ढूंढने के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा।

तेजस्वी यादव ने जमुई स्टेडियम में शनिवार को अर्चना रविदास के समर्थन में रैली करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को अब परिवारवाद क्यों नहीं दिखाई देता है। पहले चरण में बिहार के चार लोकसभा क्षेत्र में चुनाव परिवारवाद का उदाहरण बना हुआ है। उन्होंने देश की जनता से जो भी बड़ा वादा किया उसे पूरा नहीं किया। तेजस्वी ने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव में उन्होंने जनता से 10 लाख युवाओं को नौकरी देने का वादा किया था। जब मौका मिला तो आरजेडी ने सत्ता में आकर 17 महीने में 5 लाख युवाओं को नौकरी देकर दिखा दिया। उन्होंने दावा किया कि देश की कोई भी राज्य सरकार या केंद्र की सरकार 17 महीने में 5 नौकरी देने का काम किया है तो बताएं। उन्होंने कहा कि चिराग पासवान उनके भाई के समान हैं और यहां से उनके जीजा चुनाव लड़ रहे हैं। जबकि लालू प्रसाद यादव ने स्थानीय महिला अर्चना रविदास को उम्मीदवार बनाया है।

तेजस्वी यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीबी मिटाने, महंगाई को कम करने, दो लाख युवाओं को प्रतिवर्ष नौकरी देने और 15 लाख रुपया हर व्यक्ति के बैंक खाते में देने का वादा किया था। एक भी वादा को उन्होंने पूरा नहीं किया। जब भी वे जमुई आते हैं तो यहां के लोगों को ठगने के लिए आते हैं। उन्होंने भीड़ से पूछा कि क्या कोई यह बताया कि जमुई क्षेत्र से लड़ने वाले उम्मीदवार कहां के हैं। जनता ने हाथ हिला कर नहीं में जवाब दिया। उन्होंने कहा कि जिस रेलवे में युवाओं को नौकरी दी जाती थी, उसका निजीकरण हो गया है। देश की संपत्ति को पूंजीवादी के हाथ में बेचा जा रहा है। युवाओं के साथ छल किया गया है। जनता आने वाले चुनाव में जवाब देगी। इस मौके पर वीआईपी पार्टी के अध्यक्ष मुकेश सहनी ने भी अपने संबोधन में आरजेडी प्रत्याशी अर्चना रविदास को वोट देकर विजयी बनाने की अपील की। सभा को पूर्व मंत्री आलोक मेहता, पूर्व मंत्री विजय प्रकाश, जमुई के पूर्व विधायक अजय प्रताप, सिकंदरा के पूर्व विधायक बंटी चौधरी, शेखपुरा के विधायक विजय सम्राट, गोड्डा के पूर्व विधायक संजय यादव समेत आरजेडी के अन्य नेताओं ने संबोधित किया।

### नदियों, घाटियों के मुद्दे चुनावी घोषणा पत्रों में शामिल करने की मांग

**नयी दिल्ली (नि.सं.)।** राष्ट्रीय नदी घाटी मंच ने देशभर में नदियों और घाटियों से जुड़े मुद्दों को राजनीतिक दलों के घोषणा पत्रों में शामिल करने की मांग करते हुए कहा है कि नदियों को एक सजीव इकाई के तौर पर मान्यता दी जाए और मछुआरों, खानाबदोशों, चरवाहों और अन्य समुदायों के अधिकारों की रक्षा के लिए नदीय प्रशासन को मजबूत करने के साथ-साथ विकेंद्रीकृत भी किया जाए।

राष्ट्रीय नदी घाटी मंच ने शनिवार को कहा कि नदियों और नदी घाटी समाजों के अधिकारों की सुरक्षा को चुनावी एजेंडे में शामिल किया जाना चाहिए। प्राकृतिक संपदा – जल-जंगल-जमीन के पारिस्थितिक तंत्र को संतुलित रख देश के प्रत्येक नागरिक के जीवन-जीविका की गारंटी सुनिश्चित किया जाना चाहिए। हिमनदियों से लेकर पेरियार तक नदियों को एक सजीव इकाई के तौर पर मान्यता दी जानी चाहिए।

## पीएम ने कहा, तीसरे कार्यकाल के 100 दिन में बड़े फैसले लूंगा, तैयारी करके बैठा हूं

# दस साल में भ्रष्टाचारियों पर जो कार्रवाई हुई, वह ट्रेलर है : प्रधानमंत्री

**एजेंसी | पुष्कर (अजमेर)**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि तीसरे कार्यकाल के पहले 100 दिन में भ्रष्टाचार के खिलाफ और बड़े फैसले लेने जा रहा हूं। मैं पूरी तैयारी करके बैठा हूं। दस साल में जो कार्रवाई हुई, वह ट्रेलर है। बहुत कुछ बाकी है। मोदी ने शनिवार को अजमेर के पुष्कर के मेला मैदान में चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा- भाजपा की सरकार देश के 80 करोड़ जरूरतमंदों को मुफ्त अनाज देती है। दस साल में 30 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा गरीबों के खाते में सीधे भेजे हैं। कांग्रेस की सरकार में पैसा बीच में लूट लिया जाता था।

कांग्रेस के एक पीएम ने कहा था कि दिल्ली से 1 रुपए भेजते हैं तो 15 पैसा पहुंचता है। यदि 30 लाख करोड़ रुपए उनके पास होते तो क्या होता? हमने जांच की तो पता चला कि कांग्रेस ने 10 करोड़ से ज्यादा ऐसे फर्जी लाभार्थी बनवाकर रखे थे, जिनका कभी जन्म ही नहीं हुआ। योजनाएं उनके नाम पर चढ़ जाती थी। आपके हक का पैसा सीधे कांग्रेस के बिचौलियों के पास जा रहा था। मोदी बोले- कल (5 अप्रैल) कांग्रेस ने झूठ का एक पुलिंदा जारी किया है। यह कांग्रेस को बेनकाब करने वाला घोषणा पत्र है। आप देखें कि हर पन्ने पर भारत के टुकड़े करने की बू आ रही है। कांग्रेस के घोषणा पत्र में वही सोच झलकती है, जो सोच आजादी के समय मुस्लिम लीग में थी।

### पीएम आज बिहार, पश्चिम बंगाल में करेंगे चुनावी सभाएं

**नयी दिल्ली(ए.)।** आम चुनाव 2024 में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के चुनाव अभियान का नेतृत्व कर रहे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को बिहार और पश्चिम बंगाल में चुनाव सभाओं को संबोधित करेंगे। भाजपा द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार श्री मोदी रविवार को दोहपर 12 बजे बिहार में नवादा में जनसभा को संबोधित करेंगे और वहां से पश्चिम बंगाल में जलपाईगुड़ी में पार्टी द्वारा 3.15 बजे आयोजित दूसरी चुनाव सभा में भाग लेंगे।

### सीएम की गया में नौ और औरंगाबाद में 11 को सभा



**पटना (नि.सं.)।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का चुनावी प्रचार अभियान शुरू हो गया है। बीते दिनों जमुई में पीएम के साथ चुनावी सभा में शामिल होने के बाद मुख्यमंत्री रविवार को भी नवादा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सभा में मंच साझा करेंगे।

नवादा में सीएम चुनावी सभा को संबोधित भी करेंगे। इसके अलावा एनडीए की रणनीति के अनुसार बड़े नेताओं का अलग-अलग चुनाव प्रचार भी शुरू हो गया है। इसके तहत मुख्यमंत्री 9 अप्रैल को गया में हम के संरक्षक जीतनराम मांझी और 11 अप्रैल को औरंगाबाद में भाजपा प्रत्याशी सुशील कुमार सिंह के समर्थन में रोड शो और सभा करेंगे।

## बिहार में हीटवेव के बीच बदला मौसम

# 10 जिलों में बारिश और वज्रपात का येलो अलर्ट

**निज संवाददाता | पटना**



बिहार में भीषण गर्मी के बीच मौसम का मिजाज बदला है। राज्य में तेज हवाओं के साथ बादल छाने से तापमान में कमी आने की संभावना है। मौसम विभाग ने 10 जिलों में वज्रपात और मेघगर्जन का येलो अलर्ट जारी किया है। सीतामढ़ी, शिवहर और मधुबनी जिले के कुछ हिस्सों में शनिवार शाम को आंधी के साथ बूंदाबांदी होने के आसार हैं। वहीं, कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद, गया, नवादा, जमुई और बांका जिले में भी मौसम बिगड़ने की आशंका है। पटना मौसम केंद्र की ओर से शनिवार को जारी तात्कालिक अलर्ट के मुताबिक सीतामढ़ी, शिवहर और मधुबनी जिले में 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चलने की आशंका है। इस दौरान कुछ जगहों पर हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। इससे पूर्व मौसम विभाग ने दक्षिण बिहार में वज्रपात और मेघगर्जन का येलो अलर्ट जारी किया। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक अगले हफ्ते राज्यभर में आसमान में बादलों का साया रहेगा। 9 और 10 अप्रैल को उत्तर बिहार के कुछ जिलों में हल्की बारिश हो सकती है। इस दौरान 10 से 15 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से पछुवा हवा भी चल सकती है। मौसम के सुहाना होने से तापमान में हल्की गिरावट आने की संभावना है। मौसम विभाग ने 9 और 10 अप्रैल को वैशाली, बेगूसराय, दरभंगा, मुजफ्फरपुर, मधुबनी, सीतामढ़ी, शिवहर और पूर्वी एवं पश्चिमी चंपारण जिलों में बूंदाबांदी के आसार जताए हैं। यहां के किसानों को मौसम बिगड़ने से पहले अपनी फसलों को सुरक्षित जगह पर भंडार करने की अपील की गई है।

# मनीष सिसोदिया को 18 अप्रैल तक जेल से राहत नहीं

**एजेंसी | नयी दिल्ली**



दिल्ली की एक अदालत ने शनिवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के एक मामले में आम आदमी पार्टी (आप) नेता मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 18 अप्रैल तक बढ़ा दी। श्री सिसोदिया न्यायिक हिरासत में हैं और उन्हें राउज एवेन्यू कोर्ट में विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा के समक्ष पेश किया गया। दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री को सबसे पहले पिछले साल पहले 26 फरवरी को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने और बाद में नौ मार्च को ईडी ने गिरफ्तार किया था। ट्रायल कोर्ट, दिल्ली उच्च न्यायालय और उच्चतम न्यायालय ने दोनों मामलों में उन्हें जमानत देने से इनकार कर दिया था। शीर्ष अदालत के जमानत से इनकार के खिलाफ श्री सिसोदिया की समीक्षा याचिका भी खारिज कर दी थी। उनकी क्यूरेटिव याचिकाएं भी खारिज हो चुकी हैं। आप नेता संजय सिंह (जमानत पर बाहर) भी श्री सिसोदिया के मामले की कार्यवाही के दौरान अदालत में पेश हुए। भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) प्रमुख के चंद्रशेखर राव की बेटी के कविता के वकील ने भी उनके मामले का उल्लेख किया। वकील नितेश राणा ने कल के आदेश का उल्लेख किया, जिसमें सीबीआई को सुश्री कविता से न्यायिक हिरासत में पूछताछ करने की अनुमति दी गई थी।

# बिहार लोक सेवा आयोग की इस भर्ती के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 22 अप्रैल तक बढ़ी

**निज संवाददाता | पटना**

बिहार लोक सेवा आयोग ने गृह विभाग (आरक्षी शाखा), बिहार पटना के तहत अग्निशमन सेवा के तहत निदेशक-सह-राज्य अग्निशमन पदाधिकारी के 01 पद पर भर्ती के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाने का फैसला किया है। बिहार लोक सेवा आयोग इस भर्ती 2024 का नोटिफिकेशन5मार्च2024कोजारीकिया था। नोटिफिकेशन के अनुसार ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 4 अप्रैल 2024 थी जिसे अब 22 अप्रैल 2024 तक के लिए बढ़ा दिया गया है। बीपीएससी की इस भर्ती में आवेदन करने को इच्छुक अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट bpsc.bih.nic.in पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आयोग की इस भर्ती में आवेदन करने को इच्छुक अभ्यर्थियों को सलाह है कि ऑनलाइन आवेदन करने से पहले पूरा भर्ती विज्ञापन ध्यान से पढ़ लें। बीपीएसी ने अपने नोटिस में कहा है कि अभ्यर्थी ध्यान रखें कि आवेदन प्रक्रिया की बाकी शर्तों में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। अधिक जानकारी के लिए 5 मार्च 2024 को जारी विस्तृत नोटिफिकेशन ध्यान से देखें। आयोग ने अपने नोटिस कें यह भी कहा है कि इंटरनेट, बैंकिंग, ऑनलाइन भुगतान में व्यवधान के लिए आयोग जिम्मेवार नहीं होगा। ऑनलाइन आवेदन से संबंधित आवश्यक निर्देश व विस्तृत विज्ञापन आयोग की वेबसाइट bpsc.nih.nic.in पर 5 मार्च को जारी किया गया था। ऐसे में आवेदन करने से पहले सभी निर्देश ध्यान से पढ़ लें। आपको बता दें कि इससे पहले बिहार लोक सेवा आयोग ने बिहार के विद्यालयों में प्रधानाध्यापक और प्रधान शिक्षकों के 46000 से ज्यादा पदों पर चल रही भर्ती प्रकिया की आवेदन तिथि बढ़ा दी थी। अभ्यर्थी अब 10 अप्रैल 2024 तक इस भर्ती के लिए आवेदन कर सकते हैं।

# ई-केवाईसी नहीं होने पर रसोई गैस की आपूर्ति हो जाएगी बंद

- रसोई गैस की आपूर्ति चालू रखने के लिए ई-केवाइसी करवाना अनिवार्य है।
- केवाईसी नहीं कराने की स्थिति में सब्सिडी खत्म कर दी जाएगी

**निज संवाददाता | पटना**



रसोई गैस की आपूर्ति निर्बाध रखने के लिए अपने गैस कनेक्शन का ई-केवाईसी शीघ्र कराएं। पेट्रोलियम कंपनियों की ओर से ग्राहकों के रसोई गैस की आपूर्ति चालू रखने को लेकर ई-केवाइसी कराने को निर्देशित किया गया है। पहले चरण में उज्जवला योजना के ग्राहकों का ई-केवाईसी लगभग पूरा हो चुका है। अब सामान्य ग्राहकों का ई-केवाईसी कराया जा रहा है। केवाईसी नहीं कराने की स्थिति में सब्सिडी खत्म करने के अतिरिक्त कनेक्शन ब्लाक करने की कार्रवाई की जा सकती है। केंद्र सरकार के निर्देश पर उज्जवला योजना के ग्राहकों का ई-केवाईसी पहले कराने की प्रक्रिया की गई। इससे निर्बाध रूप से रसोई गैस की सब्सिडी की राशि उनके खाते में भेजी जा रही है। घरेलू गैस वितरक अभिजीत कश्यप ने बताया कि राजधानी के सामान्य ग्राहकों के लिए शीघ्र ही ई-केवाईसी कराने की प्रक्रिया होनी है। एजेंसी से ही ग्राहक आसानी से अपना ई-केवाईसी करा पाएंगे। उन्होंने कहा कि उज्जवला योजना के ग्राहकों का ई-केवाइसी लगभग पूरा हो चुका है। केवाईसी नहीं कराने पर सब्सिडी खत्म कर कनेक्शन ब्लॉक कर दिया जाएगा।




## संक्षिप्त समाचार

### अच्छे प्रदर्शन करने वाले छात्रों को किया गया पुरूस्कृत

**नारदीगंज**। प्रखंड के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हंडिया में शनिवार को शिक्षकों व अभिभावकों की बैठक हुई। अध्यक्षता विद्यालय प्राचार्य मनोज कुमार झा ने की। बैठक के उपरांत परीक्षा में अच्छे अंक पाने वाले छात्र व छात्राओं को पुरुस्कार किया गया। इस मौके पर कक्षा एक से तीन के सभी छात्र व छात्राओं को प्रगति पत्र देकर उन्हें पुरुस्कृत कर मनोबल बढ़ाने का कार्य हुआ। कार्यक्रम में कक्षा एक में शिवानी कुमारी, रिया कुमारी, अंशिका कुमारी वर्ग दो में आलिया,गौरी व अंशु कुमारी, कक्षा तीन के रजनीश कुमार,नंदनी को शिक्षक नेहा कुझा, रजनी कुमारी, संतोष कुमार दिवाकर, अखिलेश किशोर व अन्य शिक्षकों ने छात्रों को पुरुस्कार देकर हौसला बढ़ाया। कहा कि बच्चे देश का भविष्य है। शिक्षा से बड़ा कोई हथियार नहीं है।इसलिए पढ़ना बहुत जरूरी है।आयोजित कार्यक्रम में जहां बच्चे प्रसन्न हुए, वही अभिभावक भी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि बच्चों को बेहतर तरीके से शिक्षकों के माध्यम से भविष्य निर्माण हो रहा है।

### बाल संसद की पीएम गोविंद व राधा बनी

**नारदीगंज**। राजकीय बुनियादी विद्यालय, नारदीगंज के परिसर में शनिवार को सुरक्षित शनिवार की बाल सभा में फोकल शिक्षक एवं बाल प्रेरकों का चयन कार्यक्रम हुआ। इस दौरान बाल संसद के सभी मंत्रियों का चयन हुआ । इस मौके पर बाल संसद के प्रधानमंत्री रूप में वर्ग अष्टम के गोविंद कुमार एवं राधा कुमारी चयनित हुए। तदोपरांत बाल सांसदों का शपथ ग्रहण समारोह अभिभावकों के समक्ष हुआ। जिसमें सभी मंत्रियों ने निष्ठा पूर्वक अपने जिम्मेदारियां को निभाने की शपथ ली। अभिभावकों ने इस कार्यक्रम की बड़ी सराहना की। कहा इससे बच्चों में जिम्मेदारी और नेतृत्व की भावना का विकास होगा। जिससे कि आगे चलकर बेहतर भविष्य का निर्माण होगा। वहीं बाल संसद की सुगमकर्ता शिक्षिका पूनम कुमारी ने कहा की विघालय से ही बच्चों के सामाजिक जीवन की नीव पड़ती है तथा उनमें आत्मविश्वास उत्पन्न होता है। फोकल शिक्षक के रूप में शिक्षक योगेंद्र कुमार ने बच्चों को आपदा प्रबंधन की आवश्यकता क्यों है, इसकी जानकारी दी । बच्चे किस प्रकार आपदा में अपने-अपने परिवार एवं समाज की मदद कर सकते हैं और जोखिमों का न्यूनीकरण हो सके इसके बारे में बताया। प्रभारी प्रधानाध्यापिका पल्लवी लिसा ने कहा कि विद्यालय में होने वाले नवाचारों और शिक्षा विभाग के विभिन्न आदेशों और निर्देशों का पालन विद्यालय निष्ठा से करता आया है। बच्चों के द्वारा किये जाने वाले विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से और भी बेहतर समाज निर्माण करने की विधालय परिवार की कोशिश है। इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के अभिभावकों के साथ विद्यालय परिवार शिक्षक शमशाद आलम ,निरंजन कुमार ,कुमारी सुनीता ,इमराना खातून ,राजीव रंजन भारती समेत अन्य रहे।

### पर्व में शांति भंग करने वाले पर होगी कार्रवाई

**नारदीगंज**। थाना परिसर नारदीगंज में रमजान, नवरात्रि के अलावा लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर शनिवार को शांति समिति की बैठक की गई। यह बैठक एसआई कमलेश कुमार की मौजूदगी में बैठक हुई।कहा गया सभी लोग पर्व को शांति व सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाए। पर्व में शांति भंग करने वाले पर कार्रवाई होगी।उन्होंने कहा कि अगर कोई भी शराब का सेवन या धंधा करते पकड़ा गया तो उन्हें जेल भेज दिया जाएगा।पर्व को लेकर प्रशासन द्वारा शांति व्यवस्था बनाने के लिए पूर्ण व्यवस्था की गई है।जगह जगह पुलिस पदाधिकारी व मजिस्ट्रेट की तैनाती रहेगी। कहा गया रमजान, नवरात्रि के अलावा लोकसभा चुनाव है, पर्व में हुरदंग मचाने वाले को खैर नहीं है। मौके पर सरपंच प्रवेश रविदास,बिपिन कुमार,सरपंच डिंपू शर्मा, पूर्व सरपंच मो0 बारीक अंसारी,विजय सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### अर्ध विक्षिप्त युवती के परिजनों ने अधेड़ पर लगाया रेप का आरोप

**रजौली**। थाना क्षेत्र के फरकाबुजुर्ग पंचायत में एक अर्ध विक्षिप्त युवती के परिजनों ने गांव के ही एक अधेड़ पर रेप का आरोप लगाया है।जबकि आरोपित की पत्नी का कहना है कि दो साल पहले मेरे भैंसुर को फंसाकर रुपये लेकर मामला रफा-दफा किया गया था।वहीं अब हमारे पति पर झूठा आरोप लगाया गया है।फरकाबुजुर्ग से एक अर्ध विक्षिप्त युवती की मां ने थाने को लिखित आवेदन देकर बताया कि बीते 1 अप्रैल की शाम को मेरी बेटी शौच के लिए खेत की तरफ गई हुई थी।इस दौरान गांव के ही रामजीत रविदास के 55 वर्षीय पुत्र द्वारिका रविदास ने अकेले पाकर उसके साथ दुष्कर्म किया है।वहीं आरोपित अधेड़ की पत्नी सुमा देवी ने कही कि मेरे पति पर लगाया गया सभी आरोप मनगढ़ंत हैं।बीते दो साल पहले मेरे भैंसुर रामचन्द रविदास पर भी उक्त अर्ध विक्षिप्त युवती की मां द्वारा आरोप लगाया गया था।जिसके बाद पैसे लेकर मामले को रफा-दफ़ा कर दिया गया था।इस बार उक्त महिला द्वारा अपनी बेटी को ढ़ाल बनाकर मेरे पति को फंसाया जा रहा है।

**क्या कहते हैं थानाध्यक्ष** - इस बाबत पर थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने कहा कि फरकाबुजुर्ग गांव के पीड़िता की मां द्वारा शनिवार को लिखित आवेदन प्राप्त हुआ है।आवेदन में एक अधेड़ को आरोपित बनाया गया।मामले की गम्भीरता को देखते हुए पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### दस लीटर देशी शराब के साथ पोठिया पुलिस ने एक विक्रेता को किया गिरफ्तार

**कटिहार फलका**। पोठिया पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर विष्नीचक चांदपुर ग्राम से 10 लीटर देसी शराब के साथ एक शराब विक्रेता को गिरफ्तार कर शनिवार को कटिहार जेल भेज दिया है। पोठिया थाना अध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली की गुजो मंडल ग्राम विष्नीचक चांदपुर ग्राम निवासी अपने घर के पीछे बांसबारी में देसी शराब बेच रहा है। सूचना के सत्यापन हेतु जब गश्ती पुलिस वहां पहुंचे तो देख की एक व्यक्ति अपने दोनों हाथों में प्लास्टिक का गैलन लेकर भागने लगे। जिसे पुलिस बल के सहयोग से खदेड़ कर पकड़ लिया गया। पकड़ाये व्यक्ति से नाम पता पूछने पर वे अपना नाम गुजो मंडल ग्राम विष्नीचक चांदपुर बताया तथा दोनों हाथ में लिए गए गैलन का जब छानबीन किया गया तो उसमें करीब 10 लीटर देसी शराब बरामद हुआ। पोठिया थाना अध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि 10 लीटर देसी शराब बरामद होते ही शराब विक्रेता को गिरफ्तार कर लिया गया और उक्त गिरफ्तार व्यक्ति के विरुद्ध मद्य निषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में कटिहार भेज दिया गया।

### पूर्णिया के सरसी से युवती का अपहरण कर भाग रहे कुख्यात को फलका पुलिस ने दबोचा

**कटिहार फलका**। शनिवार को पूर्णिया जिले के सरसी थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव की एक नाबालिग लड़की का अपहरण कर भाग रहे एक कुख्यात बदमाश मंजीत सिंह को फलका पुलिस ने थाना क्षेत्र के निसुंदरा पुल समीप घेराबंदी कर एक स्कार्पियो वाहन व चालक समेत नाबालिग को बरामद करने में सफलता मिली है। जिसके बाद सरसी पुलिस बरामद नाबालिग व दोनों आरोपी को पकड़कर सरसी थाना ले गया है।बताया जाता है कि गिरफ्तार कुख्यात बदमाश मंजीत सिंह के विरुद्ध पूर्णिया जिले के कई थानों में दर्जनों भर हत्या और लूट जैसे संगीन मामले दर्ज हैं। बताया जाता है कि पूर्णिया के सरसी जिला परिषद रिंटू सिंह हत्या कांड के भी आरोपी है। मामले में फलका थानाध्यक्ष मुन्ना कुमार पटेल ने बताया कि गस्ती के दौरान पूर्णिया से सूचना मिली की एक कुख्यात एक नाबालिग युवती का अपहरण कर भाग रहा है। ततपश्चात फलका-गेड़ाबाड़ी सड़क पर निसुंदरा पुल समीप घेराबंदी कर कुख्यात मंजीत सिंह और उनके चालक साथी जितेंद्र कुमार को गिरफ़्तार कर लिया गया। साथ ही अपहृत युवती को बरामद कर लिया गया है। बाद में सरसी थाना पुलिस के पहुँचने के उपरांत आवश्यक कागजी कार्रवाई के बाद सभी को सरसी थाना ले कर चला गया।

### 25 लीटर महुआ शराब के साथ फुलवरिया से संतोष चौधरी नामक शराब व्यापारी गिरफ्तार

**बरौनी/ बेगूसराय**। फुलवरिया थाना अध्यक्ष दिवाकर प्रसाद के नेतृत्व में गुप्त सूचना के आधार पर संतोष चौधरी पे० सहदेव चौधरी सा० फुलवड़िया वार्ड 02 थाना फुलवड़िया जिला बेगुसराय को करीब 25 लीटर देशी महुआ चुलाई शराब के साथ उनके घर से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। जिस सम्बन्ध में फुलवड़िया थाना कांड संख्या-43/24 दिनांकः-05/04/24 धाराः-30(ए) बिहार मद्य निषेध उत्पाद संशोधित अधिनियम-22 दर्ज है।

## जागरूकता शिविर में बताया गया सेहतमंद रहना खुशहाल जीवन के लिए जरूरी

निज संवाददाता। **रजौली**




विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर हैंड इन हैंड इंडिया एवं जे. के वंडरलैंड परियोजना के सौजन्य से प्रखण्ड के जोगियामारण पंचायत अन्तर्गत हरैयाकोला ग्राम मे निशुल्क स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का अयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुभारम्भ मुख्य अतिथि के रूप में रहीं शीला कुमारी, प्रखण्ड सलाहकार एवं अनुमंडलीय अस्पताल के स्वास्थ्य कर्मियो द्वारा सामुहिक रुप से फीता काट कर किया। शिविर मे आने वाली सभी ग्रामीणों का पंजीकरण करने के उपरांत निशुल्क हाथ धुलाई, वजन जांच, ब्लडप्रेशर जांच, ऑक्सीजन जांच एवं एनीमिया जांच जैसी सेवाएं उपलब्ध कराई गई। मुख्य अतिथि शीला कुमारी, पूजा सिंह एवं परियोजना प्रबन्धक निलेश कुमार ने सभी को संबोधित करते हुए बताया की स्वास्थ्य एक बुनियादी मानवाधिकार है। आज के समय मे सेहतमंद रहना खुशहाल जीवन के लिए बहुत हीं जरुरी है। विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाने का उद्देश्य स्वास्थ्य की देखभाल के प्रती जागरूक करना एवं स्वास्थ्य संबंधी मामलों मे सभी भ्रांतियो और मिथकों को दूर करना है। साथ हीं साथ उन्होने बताया की हैंड इन हैंड इंडिया अपने टेलीहेल्थ एवं हैलो आरोग्य जैसी स्वास्थ्य सेवाएं प्रखण्ड के सुदूरवर्ती क्षेत्रों मे प्रदान करते आ रही है। इस शिविर मे सैकड़ों ग्रामीणों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया एवं संस्था द्वारा लगाए गए स्वास्थय जागरूकता स्टॉलों पर निशुल्क प्रदान की जानी वाली स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। स्वास्थय जागरूकता शिविर मे मुख्य अतिथि के हाथों पच्चीस कमजोर बच्चों को पोषण पाउडर, किशोरी लड़कियों के बीच सैनिटरी पैड का वितरण किया गया, चालिस गर्भवती, प्रसूति एवं किशोरी लड़कियों का हीमोग्लोबिन टेस्ट भी किया गया। समुदाय के अन्य लोगो को भी व्यक्तिगत स्वच्छता पर जागरूक करते हुए डेटॉल एवं हैंड वाश का वितरण किया गया। परियोजना कोऑर्डिनेटर शशी कुमार एवं रितेश कुमार द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम की समाप्ति की गयी। कार्यक्रम को सफल बनाने मे परियोजना कर्मी अभय कुमार, नर्स निर्मला कुमारी, स्वास्थ्य कर्मी जितेन्द्र कुमार, सुमंत कुमार, संतोष कुमार , चंदन कुमार एवं आनंदी कुमार ने अहम भुमिका निभाई है।

## 25 हजार 999 रुपये हुए राजस्व की वसूली



निज संवाददाता। **नारदीगंज**

बिजली बिल सुधार व बिजली बिल जमा करने के लिए शिविर शनिवार को आयोजित हुआ। कार्यक्रम का आयोजन नारदीगंज स्थित पावरग्रिड परिसर में किया गया। बिजली विभाग के जेई नवीन कुमार सिंह व बिजली विभाग के कार्यपालक सहायक नेहा कुमारी के देखरेख में शिविर आयोजित हुआ। इस शिविर में प्रखंड के विभिन्न गांवों के 15 बिजली उपभोक्ताओं ने बिजली बिल सुधारने के लिए आवेदन जमा किये। वही 17 उपभोक्ताओं ने बिजली बिल जमा किये। बिजली विभाग के जेई ने बताया आयोजित शिविर में 15 उपभोक्ताओं ने बिजली बिल सुधारने के लिए आवेदन जमा किये थे,जिसमे पांच उपभोक्ताओं का बिजली बिल सुधार किया गया, शेष उपभोक्ताओं को हिसुआ में निष्पादित किया जाएगा।उन्होंने कहा 17 उपभोक्ताओं ने 25 हजार 999 रुपये राजस्व जमा किये हैं। इस दौरान जेएलएम बिपिन कुमार ,अनन्त कुमार के अलावा उपभोक्ता अरविंद यादव,उमेश शर्मा, भोला सिंह,घनश्याम सिंह,सरयुग दास समेत अन्य शामिल हुए।

## नवोदय विद्यालय प्रवेश में सफल परीक्षार्थियों को किया गया सम्मानित

निज संवाददाता। **नवादा**



नगर के मिर्जापुर में स्थित 'मंटू कोंचीग सेंटर के बच्चों ने नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में शानदार सफलता प्राप्त किया. परीक्षा में सफल परीक्षार्थियों को समारोह पुर्वक सम्मानित किया गया.संस्था के निदेशक मंटू कुमार ने बताया की हमारे यहाँ नवोदय, सैनिक, सिमुलतला , B.H.U आदि प्रवेश परीक्षा की तैयारी कराई जाती है,परीक्षा में हमारे कोंचीग से 13प्रतिभागियों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए नवोदय विद्यालय में प्रवेश का मार्ग प्रशस्त किया है.उन्होंने बताया की छात्रों को सफल कराने में उचित मार्गदर्शन एवं मेहनत यहाँ के शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं का है जिन्होंने परीक्षा की तैयारी को लेकर उचित मर्गदर्शन एवं मेहनत किया. सफल छात्रों में कृष राज,सुधांशु कुमार,अदिति राज , आशीष कुमार, सुधांशु गुप्ता,हिमांशु कुमार, अयांश राज, श्रेयांशी , कुमारी, आदिति राज,वनिष्का राज, प्रिया वर्मा, प्रिंची कुमारी का अंतिम रूप से जवाहर नवोदय विद्यालय में चयन हुआ है जो की काफी गर्व की बात है।विद्यालय के शिक्षक गौतम कुमार एवं अंशुमाला के मार्गदर्शन एवं संचालक के नेतृत्व में बच्चों ने यह सफलता प्राप्त की है। मूख्य अतिथि डॉ अंशुमाला एवं खुशवू कुमारी ने चयनित सभी छात्र -छात्राओं को सम्मानित किया मौके पर भारतेन्दु विमल,सौरभ सुमन ने मेडल एवं मेमोटो एवं डायरी देकर बच्चो के मनोबल को बढ़ाया,तथा सभी बच्चों को भविष्य में बेहतर प्रदर्शन करने एवं उज्वल भविष्य की कामना किया.अतिथियों ने कहा की साधारण परिवेश में गुणवतापूर्ण शिक्षा के साथ अविभावकों के भरोसे को क़ायम रख कर इतनी बड़ी उपलब्धि हासिल करना आज के दौर में कठिन कार्य है जो यहाँ के संचालक के नेतृत्व में किया गया है. मौके पर शिक्षक भारतेंदु विमल, भनय मेहता, आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## राज्यसभा सांसद ने साहू समाज के लोगों से किया मुलाकात

निज संवाददाता। **कौआकोल**



प्रखण्ड के साहू धर्मशाला रानीबाजार में शनिवार को साहू समाज की प्रखण्ड इकाईं की बैठक प्रखण्ड अध्यक्ष ज्योतिष कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के राज्य सभा सांसद धर्मशीला गुप्ता,लोकसभा जनसम्पर्क अभियान के सह संयोजक सह बिहार प्रदेश संयोजक मुकेश रंजन,पटना के मेयर सीता साहू के पुत्र सुशील कुमार,भाजपा नेता रवि गुप्ता आदि मौजूद थे। बैठक में संगठन की मजबूती पर चर्चा किया गया। वहीं साहू समाज के सक्रिय सदस्य व व्यवसायी विनोद साव,शिक्षक रंजीत कुमार सहित अन्य लोगों की आकस्मिक मौत पर शोकसभा का आयोजन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। बैठक में साहू समाज के लोगों से देश के विकास को लेकर नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूती प्रदान करने का भी अपील राज्यसभा सांसद द्वारा किया गया। इसके बाद राज्यसभा सांसद सहित अन्य साहू समाज के लोगों ने रानीबाजार गांव निवासी व्यवसायी विनोद साव के आकस्मिक मौत के बाद उनके घर पहुंचकर मृतक के स्वजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना प्रदान किया।

मौके पर साहू समाज के सचिव राजेश कुमार,सोनु साहू समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

## रमजान महीने का आखिरी जुम्मा (अलविदा) की नमाज़ अदा किए प्रदेश अध्यक्ष



**अलविदा जुम्मे के नमाज़ शांति पूर्ण तरीके से हुई सम्पन्न, जिला प्रशासन बधाई का पात्र**

निज संवाददाता। **बेतिया**

स्वतंत्र मीडिया परिषद के बिहार प्रदेश अध्यक्ष एवं टाईम 24 न्यूज़ चैनल के मुख्य संपादक मो साहेब एस एस खान उर्फ आफताब रौशन अपने संघ के प्रदेश संगठन मंत्री तबरेज आलम के यहा रामनगर में अलविदा का नमाज़ अदा किए। साथ ही प्रदेश अध्यक्ष आफताब रौशन के अब्बू भी मौजूद रहे। तबरेज आलम के छोटे साहब जादे प्रदेश अध्यक्ष के साथ मौजूद रहे। वही प्रदेश संगठन मंत्री तबरेज आलम ने बताया कि माहे रमज़ान के अलविदा जुमे की नमाज़ शहर और देहात में शांति पूर्ण तरीके से सम्पन्न हुआ। प्रदेश अध्यक्ष आफताब रौशन ने बताया कि जिले के ईमानदार और एक्टिव जिला पदाधिकारी दिनेश राय के के देख रेख सभी जगहों पर प्रशासन बिल्कुल मुस्तैद दिख रही हैं पूरे पश्चिम चम्पारण जिले में कही भी अलविदा जुम्मे के नमाज़ में कोई भी बाधा उत्पन्न नहीं हुई इसके लिए पश्चिम चम्पारण और जिले के सभी सम्मानित भाईयो को बहुत बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं।

## गिद्धों के संरक्षण को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया

निज संवाददाता। **बेतिया**



वाल्मीकि नगर वीटीआर प्रशासन के सौजन्य से गिद्धों के संरक्षण को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण वाल्मीकिनगर स्थित वन विभाग के सभागार में आयोजित किया गया। इस अवसर पर वनकर्मियो को गिद्ध संरक्षण की विधि व पहचान आदि की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के पूर्व 18-19 मार्च को बीस वनकर्मियों के दल को सीमावर्ती नेपाल के चितवन गिद्ध संरक्षित क्षेत्र का दो दिवसीय दौरा भी कराया गया है। इस प्रशिक्षण में प्रशिक्षण में डब्ल्यू डब्ल्यू एफ के प्रशिक्षक डॉक्टर कमलेश मौर्य ने प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रशिक्षण दिया। इस प्रशिक्षण में वीटीआर के वनकर्मी व अधिकारी शामिल हुए। बताते चलें कि वीटीआर में गिद्धों की मौजूदगी है। संकटग्रस्त प्रजाति होने के कारण ही विभाग इसका संरक्षण करने पर जोर दे रहा है। हालांकि यहां के कर्मचारी बहुत अधिक गिद्धों के जानकार नहीं है। इसलिए ऐसे विशेषज्ञों की मदद ली जा रही है। वीटीआर में सात प्रजाति के गिद्ध देखे गए हैं। जिनमें चार स्थानीय प्रजातियां और तीन बाहरी प्रजातियां है। स्थानीय प्रजातियों में सफेद गिद्ध, राज गिद्ध, चमर गिद्ध के अलावा इंडियन वल्चर स्थाई रूप से निवास करते हैं। ठंड के सीजन में हिमालयन, यूरेशियन और दूसरी प्रजातियों के गिद्ध भी आ जाते हैं।

गिद्धों की संख्या बढ़ने के पीछे प्रबंधन का मानना है कि वीटीआर में बाघों का कुनबा बढने के साथ-साथ गिद्धों की संख्या बढ रही है। दरअसल बाघ के शिकार के बाद जो अवशेष बचता है, वो गिद्ध भोजन के रूप में उपयोग करता है। बाघों की संख्या 54 पहुंचने से बाघ द्वारा किए जाने वाले शिकार की संख्या बढ़ी है और गिद्धों को आसानी से भोजन मिल रहा है। इसलिए गिद्ध वीटीआर में स्थायी घोसला भी बना रहे हैं। वीटीआर में गिद्ध संरक्षण केंद्र स्थापित करने की कवायद प्रारंभ की गई है। इसके लिए वन विभाग के अधिकारियों ने बिहार सरकार को एक प्रस्ताव भी भेजा है।

इसका उद्देश्य लुप्तप्राय गिद्धों को विलुप्त होने से बचाना है। सर्वेक्षण के दौरान वाल्मीकि टाइगर रिजर्व में कुछ स्थानों पर गिद्धों के घोंसले पाए गए हैं। वीटीआर के मदनपुर, गोनौली, हरनाटांड और भिखनाठोरी क्षेत्रों में गिद्धों को घोंसला पाया गया है। सर्वेक्षण से उत्साहित वन अधिकारियों ने उनकी आबादी की सुरक्षा और नियमित निगरानी के लिए गिद्ध ट्रैकर्स की तैनाती का अनुरोध किया है। भेजे गए प्रस्ताव में गिद्धों के संरक्षण के अन्य उपायों के अलावा, वाच टावर, बचाव उपकरण, दवाएं और गिद्ध के देखभाल की सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ ही जल संचयन संरचनाओं जैसे बांध, वाटरहोल और तालाबों के निर्माण की भी बात कही गई है। इस बाबत प्रकृति प्रेमी मनोज कुमार ने बताया कि वीटीआर में गिद्ध संरक्षण केंद्र स्थापित होने के बाद हिमालय क्षेत्र के पक्षी भी यहां शरण लेंगे। पहले मृत जानवर के मांस खाकर गिद्ध प्रभावी रूप से सफाई कर देते थे। पिछले कुछ सालों में गिद्धों की संख्या कम होने से उनकी जगह कुत्तों ने ले ली है। लेकिन गिद्धों की संख्या काम होने और कुत्तों की संख्या बढ़ने से यह संतुलन बिगड़ने लगा है।

## विद्यालय के छात्र-छात्राओं के बीच प्रगति पत्र वितरण समारोह का हुआ आयोजन



निज संवाददाता। (मनिहारी)कटिहार

प्रखंड क्षेत्र स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय रतनपुर के प्रांगण में प्रगति पत्रक वितरण सह दिक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। इस विशेष नामांकन अभियान में मनोहरपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि श्री ललन कुमार यादव जी इस प्रगति पत्रक वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रुप मे उपस्थित होकर विद्यालय के छात्र - छात्रों को प्रगति पत्रक वितरित किया गया।

## मछली का शिकार करने के दौरान एक युवक हुआ सर्प दंश का शिकार, इलाज हेतु रेफर

निज संवाददाता। **कटिहार**



फलका थाना क्षेत्र के हसेली ग्राम में मछली का शिकार करने के दौरान एक 25 वर्षीय युवक को को सांप ने डस लिया। सांप के डसने के बाद उक्त युवक का हालत बिगड़ने लगा तब जाकर परिजनों एवं ग्रामीणों के सहयोग से इलाज हेतु फलका अस्पताल लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज हेतु हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। सर्प दंश के शिकार जितेंद्र कुमार के परिजन ने बताया कि जितेंद्र कुमार मछली का शिकार करने गांव के ही बगल तालाब में गए थे। मछली का शिकार करने के दौरान वे सर्प दंश का शिकार हो गए और कुछ ही देर बाद उनका हालत बिगड़ने लगा। हालत बिगड़ते देख ग्रामीणों के द्वारा उनके परिजनों को मामले की जानकारी दी गई। जानकारी मिलते ही परिजन उसे आनन फानन में बेहतर इलाज हेतु फलका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार कर स्थिति चिंताजनक देखते हुए बेहतर इलाज हेतु हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। वहीं घटना को लेकर परिजनों का रो रोकर बुराहाल है। बकौल परिजन सर्प दंश के शिकार युवक की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है और उनका इलाज कटिहार मेडिकल कॉलेज में चल रहा है।

## बच्चों और उनके अविभावकों को किया गया सम्मानित



निज संवाददाता। **कटिहार**

समारोह आयोजित कर उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं और उनके अविभावकों को विद्यालय की तरफ सम्मानित किया गया।आदर्श मध्य विद्यालय सालमारी में शनिवार को बिहार शिक्षा परियोजना परिषद की तरफ से प्राप्त निर्देश के आलोक में वार्षिक मूल्यांकन2024में उत्तीर्ण प्रत्येक वर्ग के प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान रखने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया वहीं समारोह में शिक्षा प्रेमी गोपाल दिवाकर,अमित भगत,विद्यालय प्रधान अशोक मेहता,मुजफ्फर राही सहित विद्यालय के तमाम शिक्षक और शिक्षा विद मौजूद रहे।

विभिन्न दुर्घटनाओं में तीन लोगों की हुई मौत

# छत की रेलिंग टूटकर गिरने से घायल हेड कॉन्सटेबल की मौत



- पिता और बेटे भी चोटिल
- कैमूर से हुए थे रेफर
- दिल्ली एम्स ले जाते वक्त तोड़ा दम

निज संवाददाता

**नुआंव (कैमूर)।** कैमूर के नुआंव थाना क्षेत्र के जैतपुर गांव में छत का रेलिंग टूट जाने से जमादार पिता और अपने बेटे के साथ नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों ने उनको उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां प्राथमिक उपचार करने के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। वहीं, वाराणसी में उपचार के बाद चिकित्सकों ने जवाब दे दिया, तो इनको बेहतर उपचार को लेकर दिल्ली एम्स लोग ले जा ही रहे थे कि बीच रास्ते में कानपुर से थोड़ा सा पहले उनकी मौत हो गई। वहीं बेटा सुरक्षित बताया जा रहा है। मृतक हेड कॉन्सटेबल सहरसा में पोस्टेड थे। मृतक की पहचान स्वर्गीय शिवराम राम का पुत्र रामानुज राम के रूप में हुई है। भाई दरोगा राम ने बताया कि मेरा भाई मकान बनवा रहे थे। छत के ऊपर किसी से मोबाइल पर बात कर रहे थे। उनका बेटा उनसे मोबाइल मांगने आया, मोबाइल निकालते ही रेलिंग टूटी और पिता-बेटे दोनों नीचे गिर गए। बेटे को तो हल्की चोट आई लेकिन उनकी स्थिति सीरियस हो गई। उसे उपचार के लिए हमलोग प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए लेकिन चिकित्सक ने रेफर कर दिया। हायर सेंटर वाराणसी में उपचार के बाद जवाब चिकित्सकों द्वारा देने पर हम लोग दिल्ली जा ही रहते के बीच रास्ते में उनकी मौत हो गई। यह सहरसा में जमादार के पोस्ट पर तैनात थे।

## करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

निज संवाददाता



**सासाराम (रोहतास)।** रोहतास के तिलौथू थाना क्षेत्र के सेउआ गांव में ट्रांसफार्मर के तार में लगी आग को बुझाने के दौरान करंट लगने से युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान अउवा गांव के अखिलेश पासवान के रूप में हुई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शनिवार को शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस आए मृतक शख्स के भाई शारदा राम ने बताया कि उनके खेत के पास बिजली का ट्रांसफार्मर है। तार में अचानक कल रात आग लग गई और उससे निकलकर चिंगारी खेत में गिरने लगी। खेत में लगे गेहूं की फसल को आग से बचाने के लिए अखिलेश बुझाने लगा तभी हादसा हो गया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। ग्रामीणों ने मृतक शख्स के परिवार के लिए मुआवजे की मांग की है। उनका कहना था कि ट्रांसफार्मर में लटके तार से हमेशा खतरा बना रहता है, कई बार शिकायत करने के बाद भी तार ठीक नहीं किया गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। तिलौथू थाना के चैकीदार ने बताया कि करंट से युवक की मौत हुई है। परिजनों को शव सौंपने के बाद तिलौथू थाना के पुलिस का अगली कार्रवाई जारी है।

## बाइक से गिरी महिला की इलाज के दौरान मौत

निज संवाददाता

**चेनारी (रोहतास)।** रोहतास के चेनारी थाना क्षेत्र में दुर्गावती जलाशय के पास बाइक से गिरी महिला की मौत शुक्रवार की रात इलाज के दौरान हो गई। महिला बाइक पर अपने पति के साथ गुप्ताधाम जा रही थी। इसी दौरान वह बाइक से गिर गई, जिससे उसके सर में गंभीर चोट लग गई। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। दंपती उत्तर प्रदेश के चंदौली से गुप्ताधाम जा रहे थे। मृतका राधेश्याम के पत्नी गुलाबी देवी बताई जाती है, जो चंदौली के नवही के रहने वाले हैं। सदर अस्पताल में पति राधेश्याम ने बताया कि कल देर शाम वो अपनी पत्नी के साथ बाइक से गुप्ताधाम जारहे थे। करमचंट बांध से थोड़ी देर पहले अचानक एक ब्रेकर पर बाइक से पत्नी गिर गई और घायल हो गई। लोगों से अनुरोध कर किसी तरह पत्नी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, चेनारी ले आया। जहां प्राथमिक चिकित्सा के बाद चिंताजनक स्थिति में बेहतर इलाज हेतु हायर सेंटर रेफर किया गया। सदर अस्पताल सासाराम में पहुंचने पर चिकित्सक मृत घोषित कर दिया। बताया कि पत्नी के सर में गंभीर चोट लगने के कारण मौत हुई है।

# शिक्षक अभिभावक गोष्ठी में जिलाधिकारी मुख्य अतिथि के रूप में हुए शामिल

निज संवाददाता



**सासाराम (रोहतास)।** स्थानीय प्रखंड के मध्य विद्यालय सेमरा में शनिवार को शिक्षक अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में जिलाधिकारी नवीन कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए तथा कार्यक्रम में आसपास के ग्रामीण अभिभावकों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विद्यालय में आयोजित शिक्षक अभिभावक गोष्ठी के दौरान सर्वप्रथम विद्यालयी बच्चों के बीच विभिन्न प्रतियोगिताओं यथा निबंध लेखन, दौड़, कविता लेखन, रंगोली इत्यादि का आयोजन किया गया। जिसके पश्चात वार्षिक परीक्षा में उतीर्ण बच्चों के बीच डीएम द्वारा प्रगति पत्रक वितरित किए गए। परीक्षाफल वितरण के क्रम में जिलाधिकारी नवीन कुमार ने अव्वल स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों के मेधा की काफी सराहना की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें प्रोत्साहित भी किया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चे काफी उत्सुक एवं प्रसन्न नजर आए तथा शिक्षक अभिभावक गोष्ठी में विद्यालयी बच्चे सहित पोषक क्षेत्र अन्तर्गत पड़ने वाले ग्रामीण अभिभावकों ने भी भाग लिया। जिनके साथ कार्यक्रम समाप्ति के पश्चात जिलाधिकारी नवीन कुमार ने अलग से बैठक कर अगामी लोक सभा चुनाव के लिए दिनांक 01 जून 2024 को मतदान करने हेतु अनुरोध किया। मौके पर उप विकास आयुक्त विजय कुमार पाण्डेय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला कार्यकम पदाधिकारी, प्रारंभिक शिक्षा एवं सर्व शिक्षा अभियान एवं विद्यालयी शिक्षक व शिक्षिकांए उपस्थित थी।

## मारपीट कर 56 हजार रुपए छीनने का केस

**भभुआ (कैमूर) (नि.सं.)।** शहर के देवीजी रोड स्थित टीवीएस एजेंसी के पास मारपीट कर 56 हजार रुपए छिनने की एफआईआर नगर थाना में दर्ज करायी गयी है। मारपीट में घायल पवनसूत कुमार अखलासपुर निवासी ने वार्ड 10 के लक्की पटेल, शेरू व रिषु सहित अन्य छह के खिलाफ केस किया है, जिसमें कहा गया है कि 56 हजार रुपया लेकर बाइक से शादी कार्ड बांटने जा रहा था। अचानक टीवीएस एजेंसी के पास बदमाशों ने चाकू व लोहे के रॉड से पिटाई कर गंभीर रूप से घायल कर 56 हजार रुपए व गले से सोने की चेन छिन लिया। पुलिस बदमशों की गिरफ्तारी के लिए उनके संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।

## भाजपा के स्थापना दिवस के मौके पर राज्य के श्रम मंत्री पहुंचे रोहतास

निज संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)।** रोहतास में भाजपा के स्थापना दिवस के मौके पर राज्य के श्रम मंत्री रोहतास पहुंचे और पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। जहां उन्होंने कहा कि पार्टी ने जमीनी कार्यकर्ता को दिया है। उन्हें भारी मतों से जीत दिलाएं। श्रम मंत्री संतोष सिंह ने कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा की मैं भी एक कार्यकर्ता की तरह पूरे कैमूर और रोहतास में लगकर प्रधानमंत्री को जीत दिलाने का प्रयास किया था। वहीं इस बार भी शिवेश राम जी को रिकार्ड मतों से जीत दिलाने का काम करुंगा। साथ हीं प्रत्येक बूथ पर अपने देवतुल्य कार्यकर्ता बंधु भी से अपील करता हूं की वे अपने बूथ पर तीन सौ सत्तर वोट की बढ़त दिलाकर शिवेश राम जी को जीत दिलाने का काम करेंगे। रोहतास मंडल की बैठक के उपरांत तिलौथु मंडल में भी बैठकों का दौर चला जहां पूर्व विधायक सत्यनारायण यादव ने कहा कि राजद जैसी परिवारवादी पार्टी में विधान परिषद में माई और विधानसभा में बेटा तथा लोकसभा में बेटियों का हीं केवल स्थान है और किसी कार्यकर्ता या यादव नेता का स्थान नहीं है। पूर्व विधायक जवाहर प्रसाद ने तिलौथू मंडल के कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। जहां सभी कार्यकर्ताओं ने हाथ उठाकर जवाहर प्रसाद से अति योग्य एवं अनुकूल प्रत्याशी शिवेश राम के लिए प्रतिबद्ध होकर काम करने का वचन दिया।

# मतदाताओं में जागरूकता के लिए जीविका दीदियों ने चलाया जागरूकता अभियान

निज संवाददाता



**सासाराम (रोहतास)।** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर मतदाताओं में जागरूकता लाने के उद्देश्य से शनिवार को नगर निगम सासाराम के वार्ड संख्या 5 में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें नगर निगम सासाराम के पदाधिकारी, कर्मी एवं जीविका दीदियों ने बढ़-चढ़ का हिस्सा लिया। इस दौरान नगर निगम के आंगनबाड़ी केंद्रों पर जीविका दीदियों ने मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से शपथ ली तथा पूरे वार्ड में घूम-घूम कर लोगों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। वहीं जागरूकता अभियान के दौरान मतदान से संबंधित विभिन्न स्लोगन लिखे तख्ती व बैनर लेकर नारे भी लगाए तथा सभी को मतदान के दिन अपने घरों से निकलकर वोट देने की अपील की। जागरूकता कार्यक्रम के संदर्भ में जानकारी देते हुए नगर निगम की उपनगर आयुक्त मेमून निशा ने बताया कि नगर निगम के वार्ड संख्या पांच में आज मतदाता जागरूकता अभियान जोर शोर से चलाया गया है। जरूरत पड़ने पर इस अभियान में और अधिक सक्रियता लाई जाएगी तथा इसे जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारा मुख्य उद्देश्य है कि नगर निगम क्षेत्र के एक भी मतदाता अपने मतदान के अधिकार से वंचित न रहे तथा लोकतंत्र के इस महापर्व में सभी की सहभागिता सुनिश्चित हो।

### अधौरा की सभी पंचायतों में फायर हाइड्रेंट सिस्टम होगा स्थापित

**भभुआ (कैमूर) (नि. सं.)।** नक्सल प्रभावित अधौरा प्रखंड के वनवासियों के लिए अच्छी खबर है। जिला प्रशासन पहाड़ी प्रखंड अधौरा के गांवों में पेयजल व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए मास्टर प्लान तैयार किया है। अधौरा के गांवों में 125 चापाकल व सभी पंचायतों में फायर हाइड्रेंट सिस्टम स्थापित किए जाएंगे। डीएम सावन कुमार ने पीएचईडी के कार्यपालक अभियंता व अग्निशमन विभाग के पदाधिकारी से आवश्यक स्थानों पर चापाकल व फायर हाइड्रेंट सिस्टम स्थापित करने का प्रस्ताव मांगा है। इससे इस बात की उम्मीद जताई जा रही है डीएम की पहल पर लोकसभा चुनाव से पहले अधौरा के पहाड़ी गांवों में पेयजल व्यवस्था दुरुस्त होगी। बता दें कि अधौरा प्रखंड के अधिकतर गांव कैमूर पहाड़ी पर बसे हैं। गर्मी के दिनों में जलस्तर खिसक जाता है। इसी कारण पशुपालक अपने मवेशियों के साथ पलायन कर जाते हैं।

## विभिन्न थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटनाओं में नौ घायल, सभी घायलों को किया गया इलाज

**भभुआ (कैमूर) (नि.सं.)।** जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में हुई वाहन दुर्घटनाओं में नौ लोग घायल हो गए। घायलों में भभुआ शहर के वार्ड 11 निवासी आनंद कुमार, बारे के सुजीत सिंह, सोनहन थाना क्षेत्र के असराढ़ी के विकास कुमार, करमचट थाना क्षेत्र के कुड़ारी के रजनीश कुमार, आकाश कुमार, चांद थाना क्षेत्र के एकौनी के अर्जुन राम, दुर्गावती थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव निवासी रामकिशन ठाकुर के 43 वर्षीय पुत्र मस्ताना ठाकुर, भभुआ थाना क्षेत्र के मीठापुर गांव निवासी मीर मुन्ना के 12 वर्षीय पुत्र मीर बेलाल, भगवानपुर थाना क्षेत्र के सुगिया पोखर गांव निवासी तिलेश्वर प्रजापति के पुत्र जितेंद्र कुमार शामिल हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। चिकित्सक द्वारा इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कर उनका इलाज किया गया। मोहनियां थाना क्षेत्र के अवारी पुल के पास दो ऑटो की टक्कर में मस्ताना ठाकुर घायल हो गया। वह ऑटो से भभुआ आ रहा था। जबकि अवारी गांव के पास बाइक व ऑटो की टक्कर में बाइक सवार मीर बेलाल घायल हो गया।

फॉर्मेट सी-1

**आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा** **(सामाचार पत्र, टीवी में प्रकाशन हेतु अभ्यर्थियों के लिए)**

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 में माननीय अच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितंबर, 2018 के निर्णय के अनुसार) (पब्लिक इंट्रेस्ट फाउंडेशन और अन्य बनाम भारत संघ और अन्य बनाम भारत संघ और अन्य)

**अभ्यर्थी का नाम और पता :** श्रवण कुमार, ग्राम- सोनूबिगहा, पोस्ट+थाना- कादिरगंज, जिला- नवादा (बिहार)

**राजनीतिक दल का नाम :** राष्ट्रीय जनता दल

**( निर्दलीय अभ्यर्थी यहां :** ''निर्दलीय'' लिखें**)**

**निर्वाचन का नाम :** लोकसभा आम निर्वाचन 2024

**निर्वाचन क्षेत्र का नाम :** 39, नवादा संसदीय क्षेत्र

मैं **श्रवण कुमार**, उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता/करती हूँः

(क) लंबित आपराधिक मामले

| क्र.सं. | न्यायालय का नाम | मामले की सं. एवं तारीख | मामले (मामलों) की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (धाराएं) एवं अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, नवादा | मुफस्सिल थाना कांड संख्या 36/2011 | आरोप गठित | 147, 148, 149, 341, 323, 337, 427 भादवि। मारपीट से संबंधित |
| 2. | श्रीमती सिया श्रुति प्र.श्रे.न्या.दंडाधिकारी नवादा | नवादा थाना कांड संख्या 236/2011 | आरोप गठित | 468, 420, 471, 171 (ई) 171 (एफ)/ 34 भादवि। चुनाव आचार संहिता से संबंधित |
| 3. | श्रीमान रोहित अमृतांशु प्र.श्रे.न्या.दंडाधिकारी नवादा | जी.ओ. 174/2006 | आरोप गठित | 40, बिहार माइंस एवं मिनिरल एक्ट खनन विभाग में राजस्व जमा करने से संबंधित |
| 4. | श्रीमती अनामिका कुमारी, प्र.श्रे.न्या.दंडाधिकारी नवादा | नवादा थाना कांड संख्या 975/ 2020 | आरोप गठित नहीं | 188,9 बि. कंट्रोल द यूज एंड प्ले ऑफ लाउडस्पीकर एक्ट- 1995 चुनाव आचार संहिता से संबंधित |
| 5. | श्रीमान दिवाकर कुमार प्र.श्रे.न्या.दंडाधिकारी नवादा | नवादा थाना कांड संख्या 209/ 2006 | आरोप गठित | 420, 120 (B), 411भादवि खनन विभाग में राजस्व जमा करने से संबंधित |
| 6. | श्रीमान रोहित अमृतांशु प्र.श्रे.न्या.दंडाधिकारी नवादा | नवादा थाना कांड संख्या 1418/ 2021 | आरोप गठित | 147, 149, 341, 323, 504, 506, 379 भादवि मारपीट से संबंधित |

(ख) आपराधिक मामलों के लिए दोषसिद्धि के मामलों के संबंध में विवरण : लागू नहीं होता है

| क्र.सं. | न्यायालय का नाम एवं आदेश (शों) की तारीख (खें) | अपराध (अपराधों) और अधिरोपित दण्ड का विवरण | अधिकतम अधिरोपित दंड |
|---|---|---|---|
| 1. | लागू नहीं (शून्य) | लागू नहीं (शून्य) | लागू नहीं (शून्य) |

* राजद प्रत्याशी श्रवण कुमार द्वारा प्रकाशित।

रजिस्ट्रेशन के बाद बूथ लेवल ऑफीसर यानी बीएलओ दिव्यांग मतदाताओं से करेंगे संपर्क

# पीडब्ल्यूडी एप से दिव्यांग वोटर कर सकते व्हीलचेयर की हैं डिमांड

निज संवाददाता



**भभुआ (कैमूर)।** भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव को स्वच्छ पारदर्शी और वोटरों की सुविधा हेतु लोकसभा चुनाव में कई मोबाइल एप लॉन्च किया है। जिसकी सहायता से मतदाताओं को सुगम मतदान करने में आसानी होगी। इस कड़ी में निर्वाचन आयोग ने दिव्यांग मतदाताओं के लिए पीडब्ल्यूडी एप लॉन्च किया है। इस ऐप के माध्यम से दिव्यांग मतदाता वोटिंग के दौरान व्हील चेयर की डिमांड कर सकते हैं। चुनाव को हाईटेक बनाते हुए आयोग ने ऑनलाइन व्यवस्था पर काफी जोर दिया है। मतदाताओं को वोटर आई कार्ड बनवाना हो या आचार संहिता उल्लंघन की शिकायत राजनीतिक पार्टियों को प्रचार-प्रसार करने के लिए आवेदन करना हो या चुनाव के दौरान अधिकारियों के लोकेशन की मानिटरिंग इन सभी के लिए ऑनलाइन व्यवस्था की गई है। दिव्यांग मतदाताओं के लिए पीडब्ल्यूडी ऐप लॉन्च किया गया है। इसके माध्यम से दिव्यांग मतदाता चुनाव आयोग व उसकी वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। रजिस्ट्रेशन के बाद बूथ लेवल ऑफीसर यानी बीएलओ दिव्यांग मतदाताओं से संपर्क करेंगे। इसके बाद दिव्यांग मतदाता की वोटिंग व अन्य व्यवस्था की जिम्मेदारी बीएलओ की होगी। इस ऐप को गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है।

इस बारे जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी पवन कुमार ने बताया कि आयोग ने निर्देश दिया है कि ऐसा कोई भी दिव्यांग मतदाता मतदान से वंचित न रहे जिनके पास आवागमन का साधन नहीं है। दिव्यांग मतदाताओं के लिए पीडब्ल्यूडी ऐप लॉन्च किया गया है। मतदान दिवस पर व्हील चेयर की व्यवस्था मतदान के दिन दिव्यांग मतदाताओं को घर से ले जाने और उन्हें ड्रॉप करने की जिम्मेदारी संबंधित बीएलओ की होगी। दिव्यांग मतदाताओं को कोई असुविधा ना हो इसकी जिम्मेदारी बीएलओ की होगी। मतदान दिवस पर व्हील चेयर की व्यवस्था की जाएगी। दिव्यांग मतदाताओं को कतार में खड़ा होने से भी मुक्ति मिलेगी। पीडब्लूडी एप के जरिए दिव्यांग मतदाता व्हील चेयर की मांग नए मतदाता के रूप में नाम जुड़वाने, मतदान केंद्र की जानकारी, मतदाता सूची में नाम स्थानांतरित करने और नाम में सूची गड़बड़ी होने पर उसमें सुधार या हटाने की मांग कर सकते हैं।

# गोलीबारी मामले में आरोपी गिरफ्तार

निज संवाददाता



**काराकाट (रोहतास)।** लोरीबांध गांव में हुई गोलीबारी के आरोपी विवेक कुमार पांडेय को 24 घंटे के अंदर स्थानीय पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया गया। एसडीपीओ कुमार संजय ने थाने में प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि इसके विरुद्ध पहले से भी इस थाने में आर्म्स एक्ट व हत्या करने के प्रयास के तहत मामला दर्ज है। इसमें वह जेल भी जा चुका है। विवेक इसी थाना के जमुआं निवासी अरुण पांडेय का पुत्र है। उसके पास से घटना में प्रयुक्त बाइक के साथ देसी कट्टा बरामद किया गया है। मोबाइल भी जब्त कर लिया गया है। लोरीबांध निवासी ओमप्रकाश सिंह ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आरोप है कि दो अप्रैल को आरोपित ने उनके घर पर गोलीबारी की थी। हालांकि किसी को गोली नहीं लगी है। उस घर पर लगे सीसीटीवी में आरोपी को गोली चलाते देखा जा रहा है। कुछ दिन पहले इसने इसी थाने के गेट पर पुलिस अधिकारियों को धमकाने व गाली गलौज करने का दुस्साहस भी किया है। इस मामले को गम्भीरता से लेते हुए एसपी रोहतास ने इसे गिरफ्तार करने का निर्देश दिया है। गिरफ्तारी के लिए प्रभारी थानाध्यक्ष रविभूषण कुमार के नेतृत्व में टीम बनाई गई है।

## थाने में 38 लीटर शराब को किया विनष्ट

**रामपुर (कैमूर) (नि.सं.)।** बेलांव थाने में 38 लीटर देसी शराब विनष्ट की गई। थानाध्यक्ष अनिश कुमार ने बताया कि विभिन्न जगहों पर छापेमारी कर 38 लीटर शराब जब्त की गई थी। वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर थाना परिसर में बरामद शराब को विनष्ट किया गया है। मौके पर उत्पाद विभाग के एसआई अमरेश कुमार भी थे।

## मारपीट में महिला घायल

**भभुआ (कैमूर) (नि.सं.)।** जिले के रामपुर गांव में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट में एक महिला घायल हो गयी। घायल गंगाजलि देवी को इलाज के लिए उसके परिजनों द्वारा सदर अस्पताल लाया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### एसडीएम का लोकेशन शेयर करने वाला युवक गिरफ्तार

**टिकारी**। टिकारी थाना में कार्यरत कर्मी के साथ हाथापाई मनचलों को महंगा पड़ गया। पुलिस द्वारा युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। जानकारी हो कि टिकारी थाना में पदस्थापित कर्मी पंकज कुमार अपने निजी काम से बाजार निकले थे। इसी क्रम में बुढ़वा महादेव स्थान के समीप बाइक सवार दो युवकों ने पंकज की बाइक को पीछे से हल्का धक्का मार दिया। पंकज दोनों युवकों को समझा ही रहे थे कि युवकों ने पंकज के साथ हाथापाई शुरू कर दी। पंकज ने तत्काल इसकी सूचना थाना को दी। मौके पर पहुंचे जवानों ने एक युवक को हिरासत में लिया। वहीं एक युवक पुलिस को देखते ही फरार होने में सफल हो गया। युवक की पहचान बेलदार टोला निवासी रोहन कुमार के रूप में हुई। पंकज की लिखित शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज की गई। घटना में पंकज के चेहरे पर चोट भी लग गई है। वहीं दूसरी ओर टिकारी एसडीएम के सुरक्षाकर्मियों ने एक युवक को हिरासत में लेकर पुलिस को सौंपा। युवक पर बालू के अवैध कारोबार से जुड़े रहने व एसडीएम का लोकेशन देने का आरोप लगाया गया। युवक की पहचान डीहुरी ग्राम निवासी ओमप्रकाश कुमार के रूप में हुई। टिकारी एसएचओ चंद्रशेखर कुमार ने बताया कि दोनों युवकों को न्यायालय को सुपुर्द कर दिया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### युवक की मौत के मामले में प्राथमिकी दर्ज

**बांकेबाजार**। थाना क्षेत्र के सोनदाहा गांव में अपने बहन के घर विवाद सुलझाने आए युवक की मौत के बाद मृतक की पत्नी के आवेदन पर दो महिला समेत पांच लोगों के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है। थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि कमालपुर स्थित मुख्य सड़क के पास ईंट भट्ठा के नजदीक युवक की मौत के मामले में मृतक रविंद्र मंडल की पत्नी राखी देवी द्वारा आवेदन देकर सोनदाहा गांव निवासी बलेश भुईयां, उसकी दोनों पत्नी, मनीष भुईयां व यमुना मांझी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। मृतक की पत्नी ने इन लोगों पर अपने पति की हत्या करने का आरोप लगाया है।

### तीन फरार आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**करायपरसुराय**। स्थानीय पुलिस ने थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव से 3 आरोपी को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के ग्वाल बिगहा गांव निवासी रामप्रिय प्रसाद के पुत्र सिद्धार्थ कुमार उर्फ शंकर, चौकी हुड़ाड़ी गांव निवासी किशोर यादव के पुत्र रमाशंकर यादव, इसी गांव के मुन्ना राम के पुत्र चंदन कुमार को गुरुवार की देर रात पुलिस ने छापामारी कर गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तीनों अपराधियों पर हत्या का प्रयास, शस्त्र अधिनियम समेत अन्य विभिन्न धाराओं के तहत थाने में मामला दर्ज था। खासकर चुनाव को लेकर पुलिस और सक्रिय हो गई है। फरार लोगों पकड़ रही है। किसी को छोड़ने की मूड में बिलकूल भी नहीं है। लगातार कार्रवाई की जा रही है।

### नालंदा में जेवरात कारोबारी के घर हुए लूट का खुलासा, 3 अपराधियों को पुलिस ने हथियार के साथ किया गिरफ्तार



**नालंदा**। सोने-चांदी के कारोबारी के घर हुई लूट का पुलिस ने शुक्रवार को खुलासा करने का दावा किया है। 18 मार्च को लहेरी थाना क्षेत्र के सोनारपट्टी मोहल्ले में मोहम्मद सरफराज उर्फ राजू की दुकान में घुसकर बदमाशों द्वारा बंधक बनाकर पिस्तौल का भय दिखाते हुए मारपीट और लूटपाट की घटना को अंजाम दिया गया था। बाइक सवार नकाबपोश बदमाश फायरिंग करते बीच बाजार से फरार हो गया था। सदर डीएसपी नुरुल हक ने लहेरी थाना में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन कर मामले की जानकारी दी। डीएसपी नुरुल हक ने बताया कि कुल 3 अपराध कर्मियों को इस मामले में गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार एक अपराधी कुंदन कुमार उर्फ छोटू काफी कुख्यात है जो डकैती, हत्या, बलात्कार समेत कई गंभीर कांडों में पटना और नालंदा जिले से जेल जा चुका है। गिरफ्तार अभियुक्त कीरथ कुमार उर्फ अमित कुमार डकैती की घटना में पूर्व में जेल जा चुका है। तकनीकी एवं सीसीटीवी फुटेज के आधार पर सभी आरोपियों को बिहारशरीफ से गिरफ्तार किया गया है। इन लोगों द्वारा लूटपाट के बाद खुद को पब्लिक से घिरा पाकर फायरिंग की गई थी। कुल 5 हजार इन लोगों द्वारा लूट गए थे, जिसे इन लोगों ने खर्च कर दिया है। अन्य अपराधकर्मी के विरुद्ध पुलिस छापेमारी कर रही है। पकड़ा गया अभियुक्त पटना जिला के अगम कुआं थाना क्षेत्र अंतर्गत बहादुरपुर हाउसिंग कॉलोनी निवासी वर्तमान पता नगर थाना क्षेत्र के गढ़पर निवासी स्व.जयनाथ तिवारी का बेटा कीरथ कुमार, पश्चिम बंगाल के बागडुगरा दार्जिलिंग निवासी स्वर्गीय जगदेव शाव का बेटा महेश साह और मेंहदीगंज थाना क्षेत्र के मंसाराम अखाड़ा निवासी वर्तमान पता लहरी थाना क्षेत्र के मंगला स्थान निवासी मुन्नी यादव का बेटा कुंदन कुमार उर्फ छोटू है। बदमाशों के पास से पुलिस ने 2 देसी कट्टा, 2 जिंदा कारतूस और दो मोबाइल बरामद किया है। वहीं, छापेमारी टीम में प्रशिक्षु डीएसपी मोहम्मद अजहरूद्दीन, लहेरी थाना अध्यक्ष रंजीत कुमार रजक, दरोगा मोहम्मद मुस्तफा, प्रशिक्षु दारोगा तौकीर खान, संतोष कुमार सिंह, सर्वेश कुमार और दडीआईयू और लहेरी थाना की सशस्त्र पुलिस बल शामिल रही।

### 7 अप्रैल को हेल्थ चेकअप कैंप का होगा आयोजन




**नालंदा**। नालंदा का जिला मुख्यालय बिहार शरीफ के IMA हॉल में फ्री हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन वर्ल्ड हेल्थ डे के मौके पर 7 अप्रैल को किया जाएगा। बिहार शरीफ नगरवासी समेत नालन्दा के लोग फ्री मेडिकल चेकअप कैंप में स्वास्थ्य लाभ ले सकते हैं। IMA के अध्यक्ष डॉ वीरेंद्र प्रसाद ने बताया कि 7 अप्रैल को बिहार शरीफ में एक मेगा कैंप का आयोजन विश्व स्वास्थ्य संगठन की ओर से किया जा रहा है। इस मेगा कैंप में शहर के गणमान्य चिकित्सा के द्वारा निशुल्क इलाज किया जाएगा। 7 अप्रैल 1948 को वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन का स्थापना हुआ था। उसी के उपलक्ष्य में हर साल 7 अप्रैल को आईएमए के द्वारा आईएमए हॉल में कुशल चिकित्सक के द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाता है। उन्होंने की बिहार शरीफ के वाशियों से यह अपील करना चाहता हूं कि वह इस मेगा स्वास्थ्य शिविर में आए और स्वास्थ्य लाभ उठाएं। स्वास्थ्य लाभ के साथ-साथ अवेयरनेस के बारे में भी बताया जाएगा कि कैसे हम लोग बीमारी से बच सकते हैं। 7 अप्रैल को मेरा स्वास्थ्य मेरा अधिकार की थीम पर कार्य किया जाएगा। बदलते मौसम में कैसे खुद को निरोग रख सकते हैं इसके बारे में भी बताया जाएगा। शिविर में विभिन्न विभाग के चिकित्सा के द्वारा जैसे हड्डी रोग, शिशु रोग, चर्म रोग, पेट रोग, छाती रोग, स्त्री रोग, आंख, नाक, गला रोग, रक्तचाप, शुगर संबंधित रोगों का इलाज एवं जांच किया जाएगा। जो पूरी तरह से निशुल्क रहेगा।

# विचाराधीन कैदी की मौत मामले में 2 केस दर्ज

## 13 नामजद और 50 अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज

निज संवाददाता | नालंदा

नालंदा के नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत गौरागढ़ मोहल्ला निवासी छोटे राम का (19) वर्षीय पुत्र राजू कुमार की संदिग्ध स्थिति में शुक्रवार को मौत हो गई थी। वह पिछले 12 मार्च से एनडीपीएस एक्ट मामले में बिहार शरीफ मंडल कारा में बंद था। परिजनों का आरोप था कि पुलिस के थर्ड डिग्री टॉर्चर के कारण युवक की मौत हुई है।



नगर थाना की पुलिस ने उसे झूठे आरोप में गिरफ्तार किया था और तीन दिनों तक थाने में रखकर उसकी जमकर पिटाई की थी। इससे उसकी तबीयत खराब हो गई। ना जेल प्रशासन ने और ना पुलिस ने उसका उचित इलाज कराया। जिसके कारण उसकी मौत हो गई। मामले में नगर थाने में 2 प्राथमिकी दर्ज हुई है। 13 नामजद और 50 अज्ञात पर केस हुआ है। सदर अस्पताल में डॉक्टर के द्वारा मौत की पुष्टि के बाद परिजन आक्रोशित हो गए और शव को जेल पुलिस की अभिरक्षा से लेकर अस्पताल चौक के पास रखकर जमकर हंगामा किया।

परिजन दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई और मुआवजे की मांग कर रहे थे। इस दौरान पुलिस बल के साथ आक्रोशित परिजनों ने धक्का-मुक्की की। पुलिसकर्मियों

### गिरफ्तारी के चल रही छापेमारी

पर रोड़ेबाजी भी की गई। नगर थाना में दो अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज की गई। जेल पुलिस की अभीरक्षा से शव को लेकर अस्पताल चौक ले जाने और आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में नगर थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। 13 नामजद जबकि 50 अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। नगर थाना अध्यक्ष रमाशंकर सिंह ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी में जुट गई है। किसी भी उपद्रवी को बक्शा नहीं जाएगा।

# ट्रांसफार्मर में शॉर्ट-सर्किट से लगी आग

निज संवाददाता | गया



गया जिले के रामपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गोदावरी रोड में शुक्रवार देर रात 11 बजे ट्रांसफार्मर में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटें फैलने लगी। आसपास के मकानों में आग लगने का खतरा बढ़ने लगा। आनन-फानन में विद्युत विभाग और दमकल को सूचना दी गई। इलाके की बिजली भी गुल हो गई। जानकारी मिलने के बाद अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और किसी तरह आग पर काबू पाया गया। हालांकि तब तक ट्रांसफार्मर पूरी तरह से जल चुका था। आग लगने का कारण शॉर्ट-सर्किट बताया जा रहा है।

**आसपास के मकानों को नुकसान से बचाया**: अग्निशमन विभाग की टीम ने बताया कि उन्हें गोदावरी इलाके से स्थानीय लोगों ने फोन किया था। फोन पर आग लगने की सूचना दी थी। सूचना मिलते ही अग्निशमन दस्ता गोदावरी पहुंचा। करीब एक घंटे के प्रयास के बाद आग बुझाई जा सकी। आसपास के मकानों को नुकसान से बचा लिया गया। ट्रांसफार्मर जलने से इलाके की विद्युत सप्लाई ठप हो गई है।

**ओवरलोडिंग की वजह से हादसा**: बिजली विभाग की टीम ने बताया गोदावरी में ओवरलोड ज्यादा है। इसी वजह से संभवतः ट्रांसफार्मर में आग लगी है। देखते ही देखते आग की लपटें काफी ऊंचाई तक फैलने लगी। इसके बाद वहां पर अफरातफरी मच गई। पावर हाउस को सूचना देने के बाद दमकल केंद्र को भी घटना की जानकारी दी गई। समय पर अग्निशमन विभाग पहुंच गई और आग पर काबू पा लिया। करीब एक घंटे के प्रयास के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

# पुलिस चेकपोस्ट में लगी आग

निज संवाददाता | गया

गया के परैया थाना क्षेत्र में पुलिस चेकपोस्ट में शुक्रवार की देर आग लग गई। घटना के वक्त कोई भी पुलिसकर्मी नहीं थे। जबकि चुनाव के मद्देनजर जिला पुलिस ने 24 घंटे के लिए चेकपोस्ट खोला है। जिस जगह चेकपोस्ट है वहां किसी प्रकार का बिजली खंभा या तार नहीं है। घटना के वक्त वहां कोई था भी नहीं। ऐसे में ग्रामीणों में चर्चा है कि असामाजिक तत्वों ने आग लगाई। वहीं, दूसरी तरफ पुलिस कह रही जांच की जा रही। घटना गया-परैया सड़क मार्ग स्थित कष्ठा हनुमान मंदिर के निकट की है। गया औरंगाबाद लोकसभा क्षेत्र की सीमा पर स्थित कष्ठा गांव के पास लोकसभा चुनाव को देखते हुए चेक पोस्ट खोला गया है। ताकि शराब, हथियार और अन्य आपत्तिजनक सामान की जांच हो सके। यही वजह है कि इसे 24 घण्टे के लिए सक्रिय रखने का आदेश जिला पुलिस की ओर से जारी किया गया है।

**टेंट लगाकर चेकपोस्ट बनाया गया था**: ज्ञात हो परैया थाना द्वारा



### ग्रामीणों में चर्चा, असामाजिक तत्वों ने लगाई आग

कष्ठा गांव में सड़क के किनारे हनुमान मंदिर के निकट टेंट लगाकर चेक पोस्ट का निर्माण किया गया था। जिसमें असामाजिक तत्वों ने आग लगा दी। आग की लपटें उठती देख ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। जानकारी गांव के लोगों ने थाना में दी।

**आग कैसे लगी जांच की जा रही है**: थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि चेकपोस्ट जलने की सूचना मिली है। इसकी जांच की जा रही है कि आग किस कारण से लगी है। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि घटना के वक्त मौके पर कोई भी पुलिस कर्मी नहीं था।

### गया में नहीं हो सकी कुमार सर्वजीत की सभा

# महागठबंधन प्रत्याशी ने कहा- भव्य तैयारी देख, मैंने ही मना कर दिया, BJP पर साधा निशाना

निज संवाददाता | गया

गया लोकसभा क्षेत्र से महागठबंधन के प्रत्याशी कुमार सर्वजीत की सभा बैरागी मोहल्ले में नहीं हो सकी। मंच भी सजा था, कुर्सियां भी लगी थी और बड़ी संख्या में लोग भी मौजूद थे। कुमार सर्वजीत के स्वागत के लिए बड़ी-बड़ी भारी भरकम मालाएं भी लोग लेकर सभा स्थल आए थे, लेकिन अचानक कुमार सर्वजीत की चुनावी सभा परवान नहीं चढ़ सकी। सभा स्थगित करनी पड़ी। दैनिक भास्कर ने जब उनसे यह पूछा कि आपकी चुनावी सभा पर प्रशासन ने रोक लगा दी क्या तो उन्होंने अपनी सफाई में कहा कि जब मैं यहां आया तो स्वागत की भव्य तैयारी देख मैंने लोगों से सभा करने से मना कर दिया। हमने लोगों से यह कहा कि प्रशासन चुनाव के



दौरान इस तरह की अनुमति नहीं देता है। इसलिए सभा नहीं हो सकी। उन्होंने कहा कि गया नगर निगम के मेयर गणेश पासवान की मां से यहां आशीर्वाद लेने आया था, लेकिन लोगों का उमंग इतना जबरदस्त था कि उन्होंने हमारे आगमन को एक सभा का रूप दे दिया था, जिसे मैंने सख्ती से मना कर दिया।

**'भाजपा के लोग संविधान बदलने की बात कर रहे हैं'**: वहीं जब उनसे यह पूछा गया कि भाजपा के लोग 400 के पार होने पर संविधान बदलने की बात कर रहे हैं। यह सुनते ही वे भाजपा के ऊपर हमलावर हो गए। उन्होंने कहा कि संविधान बदलने की बातें करना बाबा भीम राव अंबेडकर के गाल पर तमाचा है। ऐसे लोगों से देश की जनता बदला लेगी। उन्होंने कहा कि इस देश में भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है, जो देश का संविधान बदलने की बातें करती है, जबकि देश बाबा भीम राव अंबेडकर के संविधान से देश चलता है। वहीं जब कुमार सर्वजीत से यह पूछा गया कि NDA के बड़े-बड़े नेता आपके शहर में आ रहे हैं, तो उन्होंने कहा कि उनका स्वागत है। हमने तो अपना सब कुछ अपनी जनता पर छोड़ दिया। जनता का प्यार हमें मिला तो कोई भी कितना बड़ा नेता क्यों न हो, वह जनता का फैसला नहीं बदल सकता है।

# BJP नेता बोले-संविधान को बदलना होगा

निज संवाददाता | गया

गया में भाजपा नेता मुरारी सिंह चंद्रवंशी का वीडियो आरजेडी नेता और पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने शेयर किया है। वीडियो में दिख रहा है कि मुरारी भारत के संविधान को बदलने की बात कह रहे हैं। मुरारी सिंह बिहार भाजपा के वाणिज्य और नगर निकाय प्रकोष्ठ के सह संयोजक हैं। मुरारी सिंह चंद्रवंशी ने कहा- 'कांग्रेस ने संविधान में अगड़म-बगड़म डाल दिया है। इसलिए संविधान बदलना है। यह तभी संभव होगा, जब हम 400 के पार होंगे।' इस दौरान बिहार सरकार के मंत्री प्रेम कुमार भी वहां पर मौजूद थे। यह वीडियो दो-तीन दिन पुराना बताया जा रहा है। गया में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक थी, इसी में मुरारी सिंह ने यह बात कही है। हालांकि इसको लेकर बीजेपी की तरफ से कुछ नहीं कहा गया है। भाजपा नेता मुरारी सिंह चंद्रवंशी के इस बयान के बाद तेजस्वी यादव ने भी इस पर टिप्पणी की है। उन्होंने



सोशल मीडिया X पर वीडियो शेयर कर लिखा- 'बिहार सरकार के वरिष्ठ मंत्री प्रेम कुमार और बिहार बीजेपी के वरिष्ठतम नेता की उपस्थिति में BJP के वरिष्ठ नेता संविधान बदलने की कसमें खा रहे हैं। संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव सहित दलित, वंचित, उपेक्षित और आदिवासियों से घृणा करने वाले भाजपाई एक खतरनाक साजिश के तहत संविधान बदलने के साथ-साथ आपके लोकतांत्रिक अधिकारों, नौकरियों, शिक्षा और आरक्षण को समाप्त करना चाहते हैं। जागो देशवासियों जागो!' बीजेपी कार्यकर्ताओं की बैठक थी। इस बैठक के दौरान भाजपा नेता मुरारी सिंह चंद्रवंशी काफी उत्साहित दिखे।

# उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आज आएंगे गया

निज संवाददाता | गया

गया में 7 अप्रैल को उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के आगमन को लेकर शहर का ट्रैफिक बदला रहेगा। इस दौरान कार्यक्रम 7 किलोमीटर की दूरी के अंदर नो एंट्री प्रभावी रहेगा।राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के आगमन को लेकर यातायात व्यवस्था का प्लान तैयार किया गया है। सुबह दस बजे से लेकर दो बजे तक प्रमुख मार्गों पर वाहनों की आवाजाही बंद रहेगी। नो एंट्री प्रमुख मार्ग पर प्रभावी रहेगा। दरअसल IIM के दीक्षांत समारोह में भाग लेने के लिए उप राष्ट्रपति भाग लेने के लिए सात अप्रैल को आ रहे हैं। वे आगमन से लेकर प्रस्थान होने के कुछ देर बाद तक प्रमुख मार्ग पर नो एंट्री प्रभावी होगी। इसकी तैयारी पुलिस प्रशासन की ओर से पूरी कर ली गई है। गया-डोभी रोड में 05 नं० गेट से एयरपोर्ट गया होते हुए शेखबारा स्थित नो एंट्री प्वाइंट तक 10:00 बजे से 14:00 बजे तक (ऑटो, रिक्शा, बाइक और साइकिल) सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन पूरी तरह से बंद रहेगा। करीब 7 किलोमीटर की दूरी के बीच 10 बजे से लेकर 2 बजे तक किसी प्रकार के वहानों को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। नवादा के तरफ से आने वाली सभी बड़ी वाहनों को गया के मुफस्सिल थाना क्षेत्र में ही रोक दिया जाएगा। झारखण्ड, शेरघाटी, डोभी एवं बारचट्टी के तरफ से आने वाली सभी बड़े वाहनों को डोभी में ही रोक दिया जाएगा। डोभी की ओर से आने वाले सभी प्रकार के छोटे वाहनों को शेखवारा स्थित नो इन्ट्री प्वाईन्ट के पास रोक दिया जाएगा।ii. गया से डोभी, शेरघाटी की ओर जाने वाली सभी छोटी गाड़ियों को 05 नं0 गेट के पास रोक दिया जाएगा। गया से डोभी, शेरघाटी एवं झारखण्ड की ओर जाने वाले सभी प्रकार के वाहन 05 नं० गेट सिकड़िया मोड़ चेरकी होते हुए जाएंगे। शेरघाटी डोभी एवं झारखण्ड की ओर से गया आने वाली सभी प्रकार के वाहन डोभी चेरकी सिकड़िया मोड़ होते हुए अपने गन्तव्य को जायेंगे।

### अंडर ग्रैजुएट वोकेशनल और जनरल के स्टूडेंट्स को राहत

# बिना लेट फाइन के 10 अप्रैल तक भर सकते हैं परीक्षा फॉर्म




निज संवाददाता | नालंदा

पाटलिपुत्र यूनिवर्सिटी से संबंध प्राप्त नालंदा के डिग्री कॉलेज में अध्यनरत छात्रों के लिए आवश्यक जानकारी है। बिना विलंब शुल्क के वोकेशनल एवं जेनरल कोर्स के पार्ट 1, पार्ट 2 एवं पार्ट 3 के शैक्षणिक सत्र 22- 25 एवं 21-24 के छात्रों को ऑनलाइन एक्जाम फॉर्म फिलिंग करने की तिथि को विस्तारित की गई है। बिना बिलंब शुल्क के साथ 6 अप्रैल से 10 अप्रैल तक परीक्षार्थी ऑनलाइन एग्जामिनेशन फॉर्म फिल्अप कर सकते हैं। अंडरग्रेजुएट वोकेशनल कोर्स के अंतर्गत पार्ट 1 एवं पार्ट 2 के जनरल एवं बीसी-2 कैटेगरी के छात्रों को 1450 रुपये। जबकि बीसी-1 एससी/ एसटी कैटेगरी के छात्रों को 950 रुपए लगेगा। जबकि अंडरग्रेजुएट पार्ट 3 के एग्जामिनेशन फॉर्म भरने के लिए जनरल एवं बीसी 2 कैटेगरी के छात्रों को 1450 रुपए, जबकि मार्कशीट, प्रोविजनल, डिग्री फी के रूप में 9 सौ रुपए अतिरिक्त देना होगा। वहीं बीसी-1 एवं एससी/ एसटी कैटेगरी के छात्रों को 950 रुपए एवं मार्कशीट, प्रोविजनल सर्टिफिकेट और डिग्री के लिए 9 सौ रुपए अतिरिक्त देने होंगे।

### 6 अप्रैल से 10 अप्रैल तक बिना लेट फाइन के भर सकते हैं फॉर्म

**डिग्री फी के लिए 900 सौ रुपए लगेंगे**: अंडरग्रेजुएट जनरल के पार्ट वन एवं पार्ट 2 के जेनरल एवं बीसी 2 कैटेगरी के छात्रों को 7 सौ रुपए जबकि बीसी-1, एससी/ एसटी कैटेगरी के छात्रों को 5 सौ रुपए परीक्षा शुल्क देना होगा। वही अंडरग्रेजुएट जनरल कैटेगरी के जनरल एवं बीसी-2 कैटेगरी के छात्रों को 7 सौ रुपए जबकि मार्कशीट, प्रोविजनल सर्टिफिकेट, डिग्री के लिए 9 सौ रुपए अतिरिक्त देने होंगे। वहीं बीसी-1 एवं एससी/ एसटी कैटेगरी के छात्रों को 500 रुपए एवं मार्कशीट प्रोविजनल सर्टिफिकेट और डिग्री फी के लिए 900 सौ रुपए अतिरिक्त देने होंगे। पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय पटना के परीक्षा नियंत्रक डॉक्टर मनोज कुमार ने बताया कि कुलपति महोदय के आदेशानुसार वैसे छात्र एवं छात्राएं जो अब तक जनरल पार्ट वन, पार्ट 2 एवं पार्ट 3 के शैक्षणिक सत्र 2022-25 एवं 21-24 का परीक्षा प्रपत्र नहीं भर सके हैं। वह बिना विलम्ब शुल्क के साथ 6 अप्रैल से 10 अप्रैल तक विश्वविद्यालय के पोर्टल पर भर सकते हैं।

# पुरानी रंजिश में युवक को मारी गोली

निज संवाददाता | नालंदा

नालंदा में पूर्व की रंजिश को लेकर बदमाशों ने एक युवक को गोली मार जख्मी कर दिया। मामला बिन्द थाना क्षेत्र अंतर्गत रसलपुर गांव का है। युवक की पहचान रसलपुर गांव निवासी बौधु पासवान का (25) वर्षीय पुत्र रघुवीर पासवान के रूप में की गई। शुक्रवार की शाम रघुवीर पासवान गांव के नजदीक नदी किनारे शौच के लिए गया था। तभी घात लगाए बदमाशों ने गोली चला दी। गोली रघुवीर के पेट में लगी। अचानक गोली की आवाज सुन गांव वाले घटनास्थल की ओर भागे। जहां से बदमाश फरार हो गए। इसके बाद खून से लथपथ जख्मी युवक को इलाज के लिए प्राथमिक



स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए पटना पीएमसीएच रेफर कर दिया गया।

**आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है**: गोली मारने का आरोप पटना जिला के सकसोहरा थाना क्षेत्र अंतर्गत

### नदी किनारे गया था पीड़ित, घात लगाए अपराधियों ने किया हमला, पेट में लगी बुलेट

अंदौली गांव निवासी रुदल पासवान के बेटे और उसके अन्य सहयोगियों पर है। अंदौली और रसलपुर गांव आसपास ही है। मामले में बिन्द थाना अध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि पूर्व की रंजिश को लेकर बदमाशों ने गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया गया है। आरोपी और जख्मी दोनों शराब कारोबार से जुड़ा हुआ है। पूर्व में भी दोनों के बीच गोलीबारी की घटना हुई है। जिसकी प्राथमिकी सकसोहरा थाना में दर्ज है। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच में जुट गई है। आरोपित की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रशिक्षण में 1102 प्रथम मतदान कर्मी हुए उपस्थित व 23 रहे अनुपस्थित

**आरा**। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 व 195 अगिआंव विधानसभा निर्वाचन की तैयारी के क्रम में जिला स्तरीय प्रशिक्षण कोषांग के तत्वावधान में मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण देने का सिलसिला जारी है। शुक्रवार को पूर्व निर्धारित प्रशिक्षण कैलेंडर के अनुसार प्रथम मतदान पदाधिकारी का प्रथम प्रशिक्षण महाराजा कॉलेज, आरा में पूर्वाह्न 11 बजे से 4 बजे तक दिया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए नामित 9 सुपर मास्टर ट्रेनर और 117 मास्टर ट्रेनरों द्वारा महाराजा कॉलेज के 15 कक्ष में 1125 प्रथम मतदान पदाधिकारी को प्रशिक्षण दी जानी थी जिसमें कुल 1102 प्रथम मतदान पदाधिकारी उपस्थित हुए और कुल 23 प्रथम मतदान पदाधिकारी प्रशिक्षण से अनुपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान डिस्पैच केन्द्र के दिन किए जाने वाले कार्य, मतदान के दिन की तैयारी आदि का प्रशिक्षण व प्रस्तुतीकरण समेत अन्य जानकारी दी गयी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी के निदेशानुसार प्रशिक्षण कोषांग द्वारा प्रशिक्षण केन्द्र पर साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय, कंट्रोल रूम, सीसीटीवी, वीडियो ग्राफर व अन्य आवश्यक अन्य व्यवस्था की गयी है।

### बैठक कर असुविधाओं को किया गया दूर

**आरा**। बिहार राज्य पूर्व सैनिक संघ की बैठक मेजर राणा प्रताप सिंह की अध्यक्षता में सैनिक कल्याण कार्यालय में हुई। मेजर राणा प्रताप सिंह ने कहा कि ईसीएचएस में अभी दवा मिल रहा है। सीएसडी में कुर्सियां आ गई है। इसी महीने में पानी की प्रॉपर व्यवस्था हो जाएगी। कैंटीन में सामान दो दिनों में आ जाएगा। जिन वीरांगनाओं को आरके सिंह द्वारा गिफ्ट दिया जा रहा था, वह नहीं मिला है वह जिला सैनिक कल्याण ऑफिस में आकर बड़ा बाबू से आकर ले ले। सभा को संचालन रामदयाल सिंह ने एवं धन्यवाद ज्ञापन सूबेदार मेजर साहब ने किया।

### अंग्रेजी भाषा की उपयोगिता विषय पर संगोष्ठी

**आरा**। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय की अंगीभूत इकाई एसबी कॉलेज में आइक्यूएसी और अंग्रेजी विभाग की ओर से वर्तमान समय में अंग्रेजी भाषा की उपयोगिता विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। उद्घाटन प्राचार्या डॉ पूनम कुमारी ने किया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व छात्र कल्याण अध्यक्ष सह पीजी अंग्रेजी के प्रोफेसर डॉ केके सिंह मौजूद रहें। विशिष्ट अतिथि डॉ आनंद भूषण पाण्डेय थे। संचालन डॉ पंकज कुमार ने किया। अध्यक्षता करते हुए प्राचार्या डॉ पूनम कुमारी ने कहा कि कॉलेज में शैक्षणिक माहौल के लिए ऐसे आयोजन का होना आवश्यक है।

### अप्रैल माह के पहले सप्ताह में पारा 40 डिग्री पार

**बक्सर**। जिले में पिछले एक सप्ताह से गर्मी और तेज धूप के कारण मजदूर गेहूं की कटनी व दौनी करने के लिए घर से नहीं निकल रहे हैं। शुक्रवार को पारा 40.5 डिग्री रहा, जबकि न्यूनतम तापमान भी 24.1 डिग्री रिकार्ड किया गया। तेज धूप से तापमान 45 डिग्री महसूस हो रहा था। 18 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से पछुआ हवा चल रही है। मौसम विभाग ने संभावना जताई है कि फिलहाल मौसम का मिजाज ऐसा ही रहेगा तथा मौसम शुष्क रहेगा आसमान में हल्के बादलों का आवागमन होता रहेगा अधिकतम तापमान 36 से 40 डिग्री सेल्सियस के बीच में रहने की संभावना जताई गई है वहीं न्यूनतम तापमान 21 से 24 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा।

### लोस चुनाव को ले पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**डंडारी**। डंडारी पुलिस ने आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर शांतिपूर्ण तरीके से एवं निष्पक्ष मतदान का कार्य संपन्न कराने को लेकर थाना क्षेत्र के राजोपुर, सुघरण, कटरमाला, डंडारी में शांति एवं विधि व्यवस्था को लेकर थानाध्यक्ष विवेक कुमार के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया। जिसमें पुलिस अधिकारी के साथ साथ पुलिस बल के जवान शामिल हुए, फ्लैग मार्च का मुख्य उद्देश्य लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण कराना है, फ्लैग मार्च मुख्य रूप से मुख्य सड़कों से होकर निकला। इसके साथ साथ थाना क्षेत्र में सघन वाहन चेकिंग अभियान, अपराधियों एवं वारंटी की धरपकड़ के साथ-साथ पुलिस गश्त जारी है।

### खेतों तक बिजली तो पहुंची पर किसानों को नहीं मिल रहा लाभ

**परवाहा**। फारबिसगंज प्रखंड क्षेत्र में किसानों को बिजली से सिंचाई का लाभ नहीं मिल पा रहा है। बिजली विभाग के उदासीनता के कारण किसान पटवन के लिए अतिरिक्त आर्थिक बोझ कि मार झेलने को मजबूर है। कई पंचायत में खेतों तक बिजली के खंभे व ट्रांसफार्मर पहुंच गई है, लेकिन उनमें बिजली नहीं पहुंची है। मक्का को अन्य फसलों के अपेक्षा ज्यादा पानी कि आवश्यकता पड़ती है, चैत के महीने में पछुआ हवा में झुलसते मक्का को बचाने के लिए कृषक परेशान है।



जब खेतों का पड़ताल किया तो बिजली विभाग कि लापरवाही सामने आई। मुसहरी में बिजली के ट्रांसफार्मर ठीक करा रहे किसान सुमन साह ने बताया कि मक्का में पानी देने के लिए परेशान है,हमारे खेत के पास कृषि विभाग का ट्रांसफार्मर चार महीने से खराब है। कई बार शिकायत किया मगर किसी ने ध्यान नहीं दिया। तो अब अपने ही खर्च से ठीक करवा रहे है। किसान ने बताया कि खेतों तक बिजली के खंभे लगाए गए तो उम्मीद जगी थी कि अब सस्ते में पटवन होगा। लेकिन बिजली लगने के बाद ही खंभों से तार और ट्रांसफार्मर से तेल चोरी कर लिया गया। हरिपुर के किसान चंदन मेहता ने बताया विभाग को शिकायत भी किया लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। पटवन के लिए पांच सौ मीटर दूर घरेलू उपयोग के ट्रांसफार्मर से बांस के सहारे खेत तक बिजली लानी पड़ती है, जिसमे काफ़ी डर बना रहता है। क्षेत्र के परवाहा, हरिपुर, मुसहरी, रेवाही, ढोलबज्जा, सैफगंज, अरराहा सहित दर्जनों गांव में सरकारी पानी देने कि योजना दम तोड़ रही है। बिजली नहीं मिलने के कारण पम्प सेट से सिंचाई करना महंगा पड़ रहा है। किसान दिनेश शाह, चंदन मेहता, सुमन कुमार शाह, संजय यादव, मुकेश मेहता, विभाषा यादव, अवधेश कुमार दास, नीरज मेहता, प्रमोद मेहता, जनार्दन यादव, ललन दास, विश्वनाथ यादव ने कृषि कार्य के लिए बिजली को दुरुस्त करने कि मांग की है। बिजली विभाग के जेई अमित कुमार ने बताया कि जहां भी बिजली की तार चोरी हुई है विभागीय निर्देश पर अज्ञात लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करवा दिया गया है। जल्द ही समस्या का समाधान कर दिया जाएगा।

### कोईलवर में थानों में जब्त वाहन हो रहे कबाड़

**कोईलवर**। गैरकानूनी कांडों में इस्तेमाल व वाहन चेकिंग में जब्त कर कोईलवर, चांदी व गीधा थाना परिसर में रखे अनेक वाहन थाने कबाड़ होते जा रहे हैं। राज्य में लागू शराबबंदी अधिनियम के बाद थानों में जब्त वाहन की संख्या बढ़ती ही जा रही है। सैकड़ों वाहन अपने मालिक के इंतजार में अब कबाड़ के लायक भी नहीं रह गए हैं। लावारिश वाहनों को एक निश्चित समय सीमा के बाद नीलाम करने का प्रावधान रहा है। लेकिन नीलामी नहीं होने की वजह से थाना में रखा वाहन कबाड़खाने में तब्दील हो चुका है। कुछ लोग तो न्यायालय के आदेश से अपना वाहन वापस ले जाते हैं। लेकिन बेनामी और लावारिस वाहन जंग खाने के लिए खड़े रह जाते हैं। थाना परिसर में जब्त वाहनों की संख्या काफी अधिक हो गई है। दर्जनों गाड़ियां ऐसी हैं जो दस वर्षों से थाना परिसर में पड़ी हुई हैं। इसके चलते वाहनों के इर्द गिर्द पेड़-पौधे उग आए हैं और वह झाड़ियों के कब्जे में है। थाना परिसर में जब्त दोपहिया वाहन एव चार पहिया वाहन के इर्द-गिर्द पानी का जमाव व जंगलनुमा रूप लेने से सांप-बिच्छू व मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। जब्त वाहन में वृद्धि होने से थाना रोड के मुख्य मार्ग में लगा दिया गया हैं। जिसे आमलोग को जाने आने में भारी कठिनाई हो रही हैं। इस मामले में कोईलवर अंचल के इंस्पेक्टर संजीव कुमार का कहना है कि जब्त वाहनों के मालिक अगर कोर्ट से रिलीज आर्डर लेकर आते हैं तो इन वाहनों को मालिक के हवाले कर दिया जाता है। जिन वाहनों के मामले में लोगों के पास कागजात नहीं होते हैं, उसके मालिक गाड़ी वापसी की कोशिश भी नहीं करते हैं। वाहन बरामद होने पर पुलिस पहले उसे पुलिस रिकॉर्ड में लेती है। बाद में न्यायालय में इसकी जानकारी दी जाती है।

# बक्सर पुलिस ने होटलों और लॉज में की छापेमारी

## संचालकों को आवश्यक दिशा-निर्देश, स्टेशन पर भी चलाया गया जांच अभियान

निज संवाददाता। बक्सर





बक्सर के विभिन्न लॉज होटलों और रेस्टोरेंट में शुक्रवार को छापेमारी अभियान चलाया गया। यह छापेमारी बक्सर एसपी के निर्देश पर किया गया। लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। बिगुल बजते ही जिला प्रशासन ने भी कमर कस ली है। इसके साथ ही लगातार वाहन जांच समेत जिले भर में पुलिस की सक्रियता देखी जा रही है। पुलिस टीम ने स्टेशन रोड के साथ शहर के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित होटलों और लॉज में जांच की गई। इस दौरान होटल और लॉज संचालकों को कई आवश्यक निर्देश भी दिया गया है। इस दौरान स्टेशन पर भी जांच अभियान चलाया गया। SDPO धीरज कुमार ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर एसपी के निर्देश पर जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान टाउन थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा के साथ अन्य पुलिस की अलग-अलग टीम बनाई गई। टीम ने स्टेशन रोड स्थित सभी होटल और लॉज में एक साथ छापेमारी की गई। पुलिस टीम ने होटल और लॉज के रजिस्टर की जांच की। रजिस्टर के साथ कमरों में ठहरे यात्रियों का भी मिलान किया गया। एसडीपीओ ने बताया कि होटल और लॉज संचालकों को निर्देश दिया गया है कि होटल के कमरों में शराब रखने और पीने पर पकड़े जाने पर कार्रवाई होगी। शराब का सेवन कर पहुंचने वालों की सूचना स्थानीय पुलिस को देनी है। वहीं किसी भी परिस्थिति में नाबालिग कपल को होटल में कमरा नहीं देना है। होटल और लॉज में ठहरने वालों का उचित पहचान पत्र ले लेना है। बगैर पहचान पत्र के ठहरने वालों के साथ होटल और लॉज संचालकों के खिलाफ भी कार्रवाई होगी। पुलिस ने स्टेशन रोड स्थित सभी होटल, लॉज के साथ शहर के विभिन्न स्थानों पर स्थित होटलों की जांच की गई। अचानक से हुई पुलिस की कार्रवाई के बाद होटल संचालकों में हड़कंप मच गया है। होटलों की जांच के बाद पुलिस टीम अचानक से स्टेशन पहुंच गई। पुलिस ने स्टेशन परिसर के बाहर स्थित दुकानों की जांच की और आवश्यक निर्देश दिया। वहीं, स्टेशन परिसर में भी पहुंच जायजा लिया।

## एनएसएस के क्षेत्रिय निदेशक ने सुन्दरम को किया सम्मानित

निज संवाददाता। बक्सर



वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के नए कैंपस में राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से शहीद दिवस के अवसर पर स्वच्छता कार्यक्रम एवं मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के क्षेत्रीय निदेशक राष्ट्रीय सेवा योजना, पटना (बिहार-झारखंड) के मुख्य अतिथि के रुप में क्षेत्रीय निदेशक गिरधर उपाध्याय उपस्थित थे। कार्यक्रम में इनके द्वारा सभी स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। आगामी लोकसभा चुनाव के बारे में बताया गया कि चुनाव का पर्व को ज्यादा से ज्यादा मतदान करके ही मनाया जाना चाहिए। जो भी युवा 18 वर्ष के हैं वह मतदान अवश्य करें और दूसरों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करते रहें। ताकि शत प्रतिशत मतदान हो। सभी को मतदान करने के लिए शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम समापन के दौरान युवा कार्यक्रम एवम् खेल मंत्रालय भारत सरकार के राष्ट्रीय सेवा योजना ( बिहार-झारखंड) के क्षेत्रीय निदेशक गिरधर उपाध्याय ने सभागार में एनएसएस के सक्रिय स्वयंसेवक सह नेशनल एडवेंचर कैंप्स हिमाचल प्रदेश में (वीकेएसयू बिहार) का नेतृत्व कर चुके सुन्दरम कुमार को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया । कार्यशाला का नेतृत्व डॉ साधना रावत तथा स्वागत नवारून घोष ने किया। मौके पर वरीय उप समाहर्ता आसमा खातून ने अपनी टीम के साथ विद्यार्थियों को ईवीएम मशीन से वोट करने की प्रक्रिया को समझाया। अध्यक्षता प्रती-कुलपति प्रो सीएस चौधरी ने किया। कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि सीसीडीसी एनएसएस के पूर्व समन्वयक प्रो प्रसुंजय कुमार सिन्हा, मुख्य वक्ता नमामि गंगे के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी अमित सिंह, अंकिता मिश्रा पीजी डिपार्टमेंट, पीओ मंगल सिंह मौजूद थे। कार्यशाला का सफल संचालन एचडी जैन कॉलेज के पीओ संजय कुमार सिंह ने की।

## सिपाही मौत मामले में फॉरेंसिक जांच शुरू, जुटाए साक्ष्य

**आरा** । कृषि भवन स्थित ईवीएम वेयरहाउस में इंसास राइफल से गोली लगने के कारण पुलिस जवान हेमंत की मौत हुई थी। इस मामले में फॉरेंसिक जांच शुरू हो गई है। शुक्रवार को पटना से आईआईएफएल की चार सदस्यीय टीम ने कई साक्ष्य इकट्ठा किए, जिसे जांच के लिए विधि विज्ञान प्रयोगशाला पटना भेजा जाएगा। पूर्व में घटनास्थल की वीडियोग्राफी भी कराई गई थी और आसपास में लगे सीसीटीवी फुटेज को भी जब्त किया गया था। मृतक के भाई के बयान पर यूडी केस दर्ज किया गया है। केस में एक्सीडेंटल फायरिंग में मौत होने का जिक्र है।

**इसी माह घर में दो शादियां थीः** 30 अप्रैल की शाम और वेयरहाउस में इंसास राइफल से जवान की मौत हुई थी। शुरुआती जांच में खुदकुशी की संभावना जताई जा रही है। पटना जिला अंतर्गत घुस्वारी थाना के शहरी गांव निवासी शिवकुमार पासवान के पुत्र हेमंत कुमार 2018 में पुलिस विभाग में बहाल हुए थे। सात भाई और दो बहनों में चौथे नंबर पर थे। हेमंत और उनकी बहन दोनों की शादी इसी महीने अप्रैल में होनी थी। 20 अप्रैल को बहन की शादी होनी थी। 18 को तिलक और 21 अप्रैल को शादी होनी थीः हेमंत की शादी शेखपुरा पिंजरी गांव में तय हुई थी। 18 अप्रैल को तिलक और 21 अप्रैल को शादी होनी थी। घटना के दिन सिर्फ तीन जवानों की ड्यूटी पर थें, लेकिन घटना के समय हेमंत अकेला था। दूसरा जवान सब्जी लेने गया हुआ था, बाद में विभाग के लोगों को घटना की जानकारी हुई थी। डीएम और एसपी को हटाया जा चुका हैः सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भारत निर्वाचन आयोग पहले ही सवाल उठा चुका है। जिसके आधार पर तत्कालीन डीएम राजकुमार और एसपी प्रमोद कुमार को हटाया जा चुका है। इसके बाद सीडीपीओ और थानेदार पर निलंबन की कार्रवाई के आदेश दिए गए हैं। इस मामले में जांच की जा रही है।

## नव-निर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लोगों के लिए जल्द खुलेगा

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर के चौसा में नवनिर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को बहुत जल्द क्षेत्रीय लोगों के लिए खोला जाएगा। डीएम के निर्देश पर ठेकदार द्वारा निर्माण कार्य पूरा करने के बाद स्वास्थ्य विभाग को बहुत जल्द हैंड ओवर किया जाएगा। बताया जा रहा है कि निर्माण कार्य पूरा होने के बावजूद भी ठेकेदार द्वारा इस आधुनिक चिकित्सीय व्यवस्थाओं से लैस नए भवन को हैंड ओवर नहीं किया गया था। इसको संज्ञान में लेते हुए बक्सर के डीएम अंशुल अग्रवाल ने संबंधित अधिकारियों की बैठक बुलाई। उसे जल्द से जल्द हैंड ओवर कर लोगों के इलाज के लिए प्रारंभ करने के लिए निर्देशित किया है। इसके खुलने से यहां के मरीजों को छोटे-छोटे इलाज कराने के लिए जिले में जाने की जरूरत नहीं होगी। जिला जनसंपर्क कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार बक्सर स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए अंशुल अग्रवाल द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, चौसा के नवनिर्मित भवन के संबंध में समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट परिसर अवस्थित कार्यालय कक्ष में की गई। इस दौरान पाया गया कि उक्त भवन में अभी तक विद्युत कनेक्शन नहीं होने के कारण संवेदक द्वारा हस्तांतरण नहीं किया गया है।

इस संबंध में जिला पदाधिकारी द्वारा प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी चौसा को निर्देशित किया गया कि महाप्रबंधक, बीएमएसआईसीएल से समन्वय स्थापित करते हुए जल्द विद्युत कनेक्शन लगवाने का काम करें। बैठक में सिविल सर्जन बक्सर, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी चौसा, डी.पी.एम बक्सर और कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल बक्सर मौजूद थे। 7.34 करोड़ की लागत से 30 बेड का बनकर तैयार इस नए अस्पताल में एक ही छत के नीचे मरीजों को सभी प्रकार की आधुनिक जांच की सुविधा और इलाज मिलने की बात कही जा रही है। मरीजों को छोटे-छोटे जांच के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा। बता दें कि बहुत सालों से 6 बेड वाले चौसा पीएचसी को सीएचसी बनाने की मांग उठ रही थी। लोगों के मांग को देखते हुए 2022 के फरवरी में इसे बनाने का कार्य शुरू किया गया।जिसका निर्माण कार्य 2023 में पूरा करा लिया गया।

**बिहार सरकार**

**समाहरणालय औरंगाबाद**

(जिला राजस्व शाखा)

**सैरात बन्दोवस्ती की अल्पकालीन आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए निम्नांकित सैरात की बन्दोवस्ती की कार्रवाई अद्योहस्ताक्षरी के उपस्थिति में निम्नांकित तिथि को समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में की जायेगी।

| क्र0 | सैरात का नाम | अंचल का नाम | सुरक्षित जमा राशि रूपये में | जमानत की राशि (सुरक्षित जमा राशि का 25% प्रतिशत) | प्रथम तिथि एवं समय | द्वितीय तिथि एवं समय | तृतीय तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | देव चैती छठ मेला–2024 | देव | 7,46,294 /– | 1,86,574 /– | 08.04.2024 11:30 बजे पूर्वाह्न | 09.04.2024 11:30 बजे पूर्वाह्न | 10.04.2024 11:30 बजे पूर्वाह्न |

समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उक्त तिथि को निम्नलिखित शर्तों एवं बंधेजों के आधार पर बंदोवस्ती की कार्रवाई की जायेगी।

**समाहर्त्ता,**
**औरंगाबाद**

PR. No. 000065 (District ) 2024-25

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

**लोकसभा आम निर्वाचन 2024 – चुनाव का पर्व, देश का गर्व ।**

बिहार सरकार

**समाहरणालय, औरंगाबाद**

(मतपत्र/डाक मतपत्र–सह–डमी मतपत्र कोषांग)

(लोक सभा आम निर्वाचन–2024)

चुनाव का पर्व DESH KA GARV LOK SABHA ELECTION 2024

**आम सूचना**

**भारत निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार Absentee Voters ( Senior Citizens(+85), Persons with Disability, Persons who is employed in Essential services and COVID 19 Suspect or Affected persons certified by competent authority)** के **साथ ही निर्वाचन कर्त्तव्य पर नियुक्त किये गये मतदान कर्मी, पुलिस कर्मी, ड्राइवर, कन्डक्टर एवं क्लीनर भी** डाक मतपत्र से मत डालने हेतु अधिकृत हैं। **प्राप्त निदेश के आलोक में उपर्युक्त मतदाताओं के डाक मतपत्र से मतदान कराने हेतु निम्नांकित व्यवस्था की गयी है–**

1- Absentee Voters (Senior Citizens(+85), Persons with Disability) के डाक मतपत्र से उनके निवास स्थान पर ही मतदान कराने हेतु कुल ऐसे मतदाताओं से प्राप्त आवेदन के आलोक में कुल 44 मतदान दल का गठन किया गया है। ये मतदान दल संबंधित मतदाताओं के निवास स्थान पर प्रथम विजिट दिनांक 09.04.2024 को करेंगे तथा यदि मतदाता उस दिन उपस्थित नहीं रहेंगे तो दूसरा विजिट दिनांक 12.04.2024 को करेंगे। दूसरे विजिट पर भी यदि मतदाता अनुपस्थित रहेंगे तो उन्हें डाक मतपत्र की सुविधा उपलब्ध नहीं करायी जायेगी। मतदान दल के विजिट की सूचना संबंधित मतदान केन्द्र के बी.एल.ओ. द्वारा मतदाता को पूर्व में दी जायेगी।

2-Absentee Voters (Persons who is employed in Essential services and COVID 19 Suspect or Affected persons certified by competent authority) के डाक मतपत्र से मतदान कराने हेतु समाहरणालय, औरंगाबाद में एक PVC की स्थापना कर उसमें मतदान दल का गठन किया गया है। ऐसे मतदाता दिनांक 12.04.2024 से 14.04.2024 तक कार्यालय अवधि में इस PVC पर मतदान कर सकेंगे।

3.निर्वाचन कर्त्तव्य पर नियुक्त किये गये मतदान कर्मी एवं माइक्रो ऑब्जर्वर को डाक मतपत्र से मतदान की सुविधा उनके द्वितीय प्रशिक्षण के दौरान उनके प्रशिक्षण केन्द्र पर ही उपलब्ध कराने हेतु फैसिलिटेश सेन्टर की स्थापना कर उसमें मतदान दल की नियुक्ति की गयी है। ऐसे कर्मी इन फैसिलिटेशन केन्द्रों पर डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कर सकेंगे। स्थापित फैसिलिटेशन केन्द्र एवं उनपर मतदान की अवधि निम्नानुसार हैं–

| क्र.सं. | फैसिलिटेशन | केन्द्र अवधि |
|---|---|---|
| 1. | अम्बिका पब्लिक स्कूल, कर्मा रोड, औरंगाबाद | 07.04.2024 से 08.04.2024 |
| 2. | बी.एल.इण्डो पब्लिक स्कूल, कर्मा रोड, औरंगाबाद | 07.04.2024 से 08.04.2024 |
| 3. | सरस्वती विद्या मन्दिर, सूर्य मन्दिर रोड, औरंगाबाद | 07.04.2024 से 08.04.2024 |
| 4. | समाहरणालय, औरंगाबाद(माइक्रो ऑब्जर्वर के लिए) | 08.04.2024 |

4. पुलिस कर्मी, ड्राइवर, कन्डक्टर एवं क्लीनर को डाक मतपत्र से मतदान कराने हेतु भी समाहरणालय, औरंगाबाद में एक फैसिलिटेशन केन्द्र की स्थापना की गयी है। इस केन्द्र पर ऐसे कर्मी **दिनांक 14.04.2024 से 16.04.2024 तक मतदान कर सकेंगे।**

5. अन्य जिले के कर्मियों(गया, नवादा, जमुई, शेखपुरा एवं मुंगेर) को डाक मतपत्र से मतदान कराने हेतु भी समाहरणालय, औरंगाबाद में एक अतिरिक्त फैसिलिटेशन केन्द्र की स्थापना की गयी है। इस केन्द्र पर ऐसे कर्मी **दिनांक 12.04.2024 से 13.04.2024** तक मतदान कर सकेंगे। 37–औरंगाबाद संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से निर्वाचन लड़ने वाले सभी अभ्यर्थी उपर वर्णित स्थलों पर मतदान के दौरान स्वयं या अपने किसी प्रतिनिधि को प्राधिकृत कर उपस्थित रह सकते हैं।

**निर्वाची पदाधिकारी,**
**37–औरंगाबाद संसदीय निर्वाचन क्षेत्र**
**–सह–जिलाधिकारी,औरंगाबाद**

PR. No. 000070 ( Election )2024-25

**लोकसभा आम निर्वाचन 2024– कोई मतदाता न छूटे**

**पूर्व रेलवे**

**ई–निविदा सं. 03_2024-25, दिनांक 04.04.2024,** वरिष्ठ मंडल अभियंता/सी/पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा स्टेशन के पास, हावड़ा–711101 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए सिंचाई/ सीपीडब्ल्यूडी/ एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई–निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैः **वरिष्ठ डीईएन/मुख्यालय/हावड़ा** के अधीनः **कार्य का विवरण** : हावड़ा में मंडल रेल प्रबंधक के नए कार्यालय भवन जी+5 की फिनिशिंग, फर्निशिंग एवं फायर फाइटिंग (अग्निशमन व्यवस्था) के साथ अन्य अनुषंगी कार्य। **अनुमानित मूल्य :** रु. 32,33,66,239.15, **बयाना राशि:** रु. 17,66,800/–, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** रु.0.00, **समापन अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 06 (छह)) माह। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय** : दिनांक 26.04.2024 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। **ईएमडी और टीडीसी का भुगतान–** ई–निविदा प्रणाली के मामले में, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत (टीडीसी) का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। **टिप्पणीः** आईआरईपीएस (ई–निविदा पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में कोई फिक्सड डिपॉजिट रिसीट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।

HWH-08/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व मध्य रेल**

**ई–नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल द्वारा निम्नवत् स्टेशनों पर 05 वर्षों के लिए वेंडिंग मशीन की स्थापना और संचालन हेतु ई–नीलामी आमंत्रित किया जाता है। विस्तृत विवरण निम्न हैं :–

AA/1, **कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि :** अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन के प्लेटफार्म सं. 02 पर वाटर वेंडिंग मशीन सं. 01 के लिए। **ई–नीलामी कैटेलॉग संख्या :** CATG-DDU-32 **ई–नीलामी लॉट संख्या :** MSS-DDU-AUBR-WVM-6-24-1 **ई–नीलामी की तिथि एवं समय :** ई–नीलामी दिनांक 20.04.2024 को 12.00 बजे शुरू होगी और 12.30 बजे बंद होगी।

AA/2, **कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि :** अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन के प्लेटफार्म सं. 03 पर वाटर वेंडिंग मशीन सं. 02 के लिए। **ई–नीलामी कैटेलॉग संख्या :** CATG-DDU-32 **ई–नीलामी लॉट संख्या :** MSS-DDU-AUBR-WVM-7-24-1 **ई–नीलामी की तिथि एवं समय :** ई–नीलामी दिनांक 20.04.2024 को 12.00 बजे शुरू होगी और 12.40 बजे बंद होगी।

AA/3, **कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि :** भभुआ रोड स्टेशन के प्लेटफार्म सं. 3/4 पर वाटर वेंडिंग मशीन सं. 02 के लिए। **ई–नीलामी कैटेलॉग संख्या :** CATG-DDU-32 **ई–नीलामी लॉट संख्या :** MSS-DDU-BBU-WVM-4-24-1 **ई–नीलामी की तिथि एवं समय :** ई–नीलामी दिनांक 20.04.2024 को 12.00 बजे शुरू होगी और 12.50 बजे बंद होगी।

AA/4, **कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि :** भभुआ रोड स्टेशन के प्लेटफार्म सं. 1/2 पर वाटर वेंडिंग मशीन सं. 01 के लिए। **ई–नीलामी कैटेलॉग संख्या :** CATG-DDU-32 **ई–नीलामी लॉट संख्या :** MSS-DDU-BBU-WVM-3-24-1 **ई–नीलामी की तिथि एवं समय :** ई–नीलामी दिनांक 20.04.2024 को 12.00 बजे शुरू होगी और 13.00 बजे बंद होगी।

**वेबसाईट का पता, जहाँ ई–नीलामी का पूर्ण विवरण उपलब्ध है : www.ireps.gov.in**

**मंडल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य),**
**पूर्व मध्य रेल, पं0 दीन दयाल उपाध्याय मंडल**

पीआर/035/डीडीयू/वा./एन/24–25/60

**एक नजर**

## अगरबत्ती से गिफ्ट कॉर्नर दुकान में लगी आग, लाखों रुपए का सामान जलकर राख



**जमुई (नि.सं.)।** जमुई के पोस्ट ऑफिस के पास स्थित एक गिफ्ट कॉर्नर की दुकान में शनिवार को अगरबत्ती से आग लग गई। देखते ही देखते पूरे दुकान में आग फैल गई। वहीं, आग ने आसपास की दुकानों को भी अपनी चपेट में ले लिया था। लेकिन जानकारी के बाद अग्निशमन की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। इस घटना में गिफ्ट कॉर्नर में रखा नगदी सहित 2 लाख रुपए से अधिक का सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित की पहचान पोस्ट ऑफिस के पास निवासी अजय भगत के रूप में की गई है। बताया जाता है कि अजय भगत महाराजगंज स्थित पोस्ट ऑफिस के पास गिफ्ट कॉर्नर की दुकान चलाता है। वह पोस्ट ऑफिस का भी कार्य करता है। शनिवार की सुबह वह दुकान खोलकर अपने घर के पहले मंजिल वाले रूम में चला गया। पोस्ट ऑफिस के कागज का काम करने लगा। जबकि उसकी पत्नी दुकान में पूजा की और अगरबत्ती जलाकर मंदिर की ओर चली गई। इसके बाद अगरबत्ती से निकली चिंगारी से उसकी पूरी दुकान में आग लग गई। आग इतनी तेज हो गई कि व्यवसायी अजय भगत पहले मंजिल पर बुरी तरह से फंस गया। इधर, जानकारी के बाद आसपास के लोग आग पर काबू पाने का प्रयास किया। लेकिन आग इतना विकराल रूप धारण कर लिया कि आग बूझने का नाम नहीं ले रहा था। इधर, मामले की जानकारी के बाद टाउन थाना अध्यक्ष अरुण कुमार सहित पुलिस पदाधिकारी मौके पर पहुंचे और घायल को अस्पताल भेज पूरे मामले की छानबीन में जुट गई है। टाउन थानाध्यक्ष अरुण कुमार ने बताया कि एक दुकान में आग लगी थी। जिसमें एक व्यक्ति झुलस गया था। जिसका इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है।

## फेसबुक पर गलत पोस्ट डालने पर युवक गिरफ्तार



**मुजफ्फरपुर (नि.सं.)।** मुजफ्फरपुर में लोकसभा चुनाव को लेकर सोशल मीडिया पर निगरानी बढ़ा दी गई है। जहां सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर भड़काऊ और समाज में तनाव फैलाने वाले लोगों को चिन्हित कर कार्रवाई की गई है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर एक धर्म विशेष के खिलाफ गलत टिप्पणी करने के मामले में एक युवक को गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में कुढ़नी पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज करते हुए कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले को कुढ़नी पुलिस के द्वारा गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार युवक की पहचान रमेश साहनी के रूप में हुई है। जो कुढ़नी थाना क्षेत्र के बिशनपुर धनराज का रहने वाला है। गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मुजफ्फरपुर में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लगातार पुलिस की विशेष टीम नजर रख रही है। इससे पहले भी जिले में आपत्तिजनक पोस्ट करने के आरोप में पूर्व में 6 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजने की कार्रवाई की गई थी। इसके बाद इस तरह के मामले में मुजफ्फरपुर पुलिस की यह दूसरी बड़ी कार्रवाई मानी जा रही है।

## 88 एटीएम के साथ तीन गिरफ्तार



**गोपालगंज (नि.सं.)।** गोपालगंज के हथुआ थाना क्षेत्र के कोईरौली बउरहवा शिव मंदिर के पास पुलिस ने वाहन जांच की। इस दौरान पुलिस ने एक कार को रोक कर जब उसकी तलाशी ली तो उसमें सवार तीन लोगों के पास से भारी मात्रा में एटीएम कार्ड बरामद किया गया। बरामद एटीएम कार्ड के बाद पुलिस ने तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया और पूछताछ की जा रही है। पूर्वी चंपारण जिले के केसरिया थाना क्षेत्र के चांद परसा गांव निवासी गजेन्द्र सहनी के बेटा दिपक कुमार, जयलाल सहनी के बेटा सुनिल सहनी और गोपालगंज जिले के महम्मदपुर थाना क्षेत्र के डुमरिया गांव निवासी रामलोचन दास के बेटा राकेश कुमार शामिल है। दरअसल, इस मामले में हथुआ एसडीपीओ आनंद मोहन गुप्ता ने बताया कि आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को रखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार थानाध्यक्ष हथुआ थाना के नेतृत्व में वाहन जांच के दौरान हथुआ थाना क्षेत्र के कोईरौली बउरहवा शिव मंदिर के पास क्यूआरटी बी टीम और थाना टीम द्वारा सघन वाहन जांच किया जा रहा था। इसी क्रम एक कार सवार को रोक कर जब उसकी तलाशी ली गई तो कार सवार तीन के पास से विभिन्न बैंकों के 88 एटीएम कार्ड बरामद किया गया। साथ ही 3 लोगों को गिरफ्तार करने के साथ कार को जब्त किया गया। वही जिस संबंध में हथुआ थाना में एक कांड दर्ज किया गया। वहीं, पूछताछ के क्रम में गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि हमलोग वृद्ध और महिलाओं के पैसा निकासी में सहयोग के बहाने एटीएम कार्ड बदलकर फर्जी तरीके से पैसा का निकासी कर लेते है तथा पैसा आपस में बांट लेते हैं।

## युवक के सीने और मुंह के पास मारी गोली, घायल

**सुपौल (नि.सं.)।** सुपौल के लौकहा थाना क्षेत्र अंतर्गत गढ़बरूआरी पंचायत वार्ड 12 करहरी टोला स्थित एक बगान में आपसी विवाद को लेकर हुई गोलीबारी में एक मनचले ने अर्मयादित भाषा का प्रयोग करने के विरोध में गोली मार दी। एक गोली मासूम के सीने के दाहिने हिस्से में लगी। दूसरी दाहिने कनपटी को छूकर निकल गई। शनिवार को चिकित्सकों ने बताया कि गोली सीने में फंस गई है मरीज को रेफर किया गया है। दरभंगा के निजी अस्पताल में जख्मी के सीने में फंसी गोली को बाहर निकाल दिया है। उसका इलाज चल रहा है। बताया जाता है कि वार्ड 11 निवासी संजय सिंह के इकलौते बेटे मासूम सिंह एक बागान में थे। बागान से निकलने के समय वहां मौजूद गांव के ही प्रशांत सिंह, कुणाल सिंह, रतन सिंह और एक अन्य युवक के साथ झड़प हो गई जिसके बाद प्रशांत ने बंदूक निकाल कर मासूम पर फायरिंग शुरू कर दी। घटना की सूचना मिलने पर सदर थाना और लौकहा थाना की पुलिस अस्पताल पहुंचकर जख्मी युवक से पूछताछ की और घटना के बारे में परिजनों से जानकारी ली। लौकहा थानाध्यक्ष आलमगीर अंसारी ने बताया कि जमीन विवाद में गोलीबारी की घटना हुई है जिसमें मासूम सिंह को गोली लगी है। प्राथमिक उपचार के बाद जख्मी युवक को बेहतर इलाज के लिए डॉक्टरों द्वारा रेफर कर दिया गया है। जख्मी युवक मासूम सिंह ने इलाज के दौरान बताया कि वे करहरी टोला स्थित बगान गये थे। वहां पूर्व से तीन-चार की संख्या में लोग मौजूद थे। कुछ देर बाद वहां मौजूद लोगों के द्वारा अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया गया जिसका विरोध करने पर वहां मौजूद प्रशांत सिंह ने बंदूक निकाल कर गोली चला दी। हंगामा होने पर वहां से अपराधी फरार हो गए।

घर में आग लगने से झुलसकर मरी आठ बकरी

# आग लगने से 21 घर जले, एक युवक की जलकर मौत, एक वृद्ध घायल



निज संवाददाता

**हाजीपुर (वैशाली)।** राघोपुर और जुड़ावनपुर थाना क्षेत्र की अलग-अलग पंचायत में आग लगने से 21 घर जलकर राख हो गया। एक युवक की आग में झुलसकर मौत हो गई। राघोपुर थाना क्षेत्र की फतेहपुर पंचायत के नयकीपारी टोला में चंद्रदीप महतो के घर में अचानक आग लग गई। चांदपुरा पंचायत में पोतन राय के घर में अचानक आग लग गई, जिसमें उनके बेटे की झुलसने से मौत हो गई। बगल के तीन घर आग की चपेट में आ गया। मृतक की पहचान राघोपुर थाना की चांदपुर पंचायत निवासी पोर्टल राय के 22 वर्षीय बेटे सौरभ कुमार के रूप में हुई है। एक बुजुर्ग विलास पासवान आग में बुरी तरह झुलस गया। उसे इलाज के लिए पीएमसीएच रेफर कर दिया गया है। वहीं, घायल की पहचान राघोपुर पश्चिमी निवासी विलास पासवान के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर आसपास के लोग जुट गए। सूचना पाकर करीब चार दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से घंटों कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। वहीं जुड़ावनपुर थाना क्षेत्र की राघोपुर पश्चिमी पंचायत में विलास पासवान के घर में आग लग गई जिसमें आठ बकरी झुलसकर मर गई। इस घटना में विलास पासवान बुरी तरह झुलस गया। उनका इलाज पीएमसीएच में चल रहा है।

## चमकी बुखार से चार साल के बच्चे की मौत



निज संवाददाता

**पूर्णिया।** चमकी बुखार से 4 साल के बच्चे की मौत हो गई। बच्चे को पिछले 10 दिनों से हाई फीवर था। बच्चा अररिया के जोकीहाट का निवासी है। परिजनों का कहना है चमकी आने पर वे बच्चे को अररिया सदर अस्पताल ले गए। मगर वहां सरकारी एंबुलेंस न होने पर बच्चे को बाइक पर बैठाकर अररिया से पूर्णिया निकल पड़े। पूर्णिया मेडिकल कॉलेज पहुंचने से पहले ही बच्चे ने दम तोड़ दिया। बच्चे की पहचान अररिया जिले के जोकीहाट के चकई बस्ती निवासी नरेश मंडल के बेटे विवेक कुमार (4) के रूप में की गई है। घटना को लेकर बच्चे के पिता नरेश मंडल ने कहा शुरुआत में सीजनल बुखार समझकर नजरअंदाज किया। हालांकि बच्चे की तबीयत लगातार बिगड़ती देख चकई बस्ती स्थित घर से जोकीहाट हॉस्पिटल गए। जहां से हायर सेंटर रेफर कर दिया। बच्चे को अररिया सदर अस्पताल में एडमिट कराया गया। यहां डॉक्टरों ने बताया कि बच्चे को कोई साधारण बुखार नहीं। बल्कि ये चमकी बुखार का प्रकोप है। जिससे बच्चे की तबीयत बिगड़ती जा रही है। वहां से भी रेफर कर दिया। करीब घंटे भर सरकारी एंबुलेंस के इंतेजार में इधर-उधर भागते रहे। मगर हॉस्पिटल के स्टाफ टालमटोल करते रहे। अंत में बाइक से जीएमसीएच पूर्णिया के लिए अररिया से निकले। मगर अस्पताल पहुंचने से पहले ही बच्चे की मौत हो गई। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों ने उन्हें बताया कि बच्चे को चमकी बुखार था।

## पावर हाउस में लगी आग, तार के कई बंडल जलकर राख



निज संवाददाता

**बेगूसराय।** बेगूसराय पावर हाउस में बीती रात भीषण आग लगी। इस अग्निकांड में तार के कई बंडल जल गए हैं। अब तक एक करोड़ से अधिक की क्षति का अनुमान है। आग लगने से 1000 मीटर का 12 बंडल क्वायल, 500 मीटर का 8 बंडल क्वायल, 120 एमएम का 6 बंडल क्वायल, कई कंडक्टर, ब्रेकर चार पैनल सहित अन्य सामान पूरी तरह से जल गए। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि रात करीब 11:00 कुछ लोगों ने पावर हाउस में आग की लपटें उठती देखी। इसके बाद गेट पर मौजूद गार्ड को सूचना दी और गार्ड ने अधिकारी और डायल-112 को इसकी सूचना दी। घटना के 2 घंटे बाद बिजली बहाल हुई। 112 की सूचना के बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक आग ने विकराल रूप ले लिया था। बिजली की आपूर्ति बंद कर दी गई। फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने करीब 2 घंटे की कोशिश के बाद आग पर काबू पाया, इसके बाद बिजली आपूर्ति शुरू की गई। फिलहाल घटना के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। घटना को लेकर स्थानीय लोगों का आरोप है कि आग लगते ही फायर ब्रिगेड को कॉल करता रहा, लेकिन किसी ने फोन नहीं उठाया। जिसके कारण आग ने विकराल रूप ले लिया। एक किलोमीटर दूर तक आग की लपटें दिख रही थी। अधीक्षण अभियंता संतोष कुमार ने बताया कि रात 11:00 बजे स्टोर में आग लगने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड को बुलाया गया। उससे भी कंट्रोल नहीं होने पर आईओसीएल से फायरब्रिगेड को बुलाया गया। करीब 2:00 बजे आग पर काबू पाया गया। इंक्वारी टीम बनाई गई है।

## 15 किलो गांजा और एक कार जब्त



निज संवाददाता

**बेतिया (पश्चिमी चम्पारण)।** बेतिया पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर 15 किलो गांजा और एक स्विफ्ट कार को जब्त किया है। हालांकि, छापेमारी के दौरान तस्कर पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया है। मामले में पुलिस ने कांड दर्ज करते हुए तुरंत कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक अमरकेश डी ने बताया कि 15 किलो गांजा और कार जब्त किया है। जानकारी के अनुसार पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि कुछ तस्कर चार पहिया वाहन से साठी थाना क्षेत्र के परसौनी गांव के रास्ते सोमगढ़ गांव में गांजा लाने की फिराक में हैं। सूचना पर एसपी ने साठी थाना अध्यक्ष धीरज कुमार की नेतृत्व में एक टीम का गठन कर कार्रवाई का आदेश दिया। एसपी द्वारा गठित टीम सोमगढ़ मलाही टोला सड़क के पास नाका लगा कर तस्कर का इंतजार करने लगी। इसी बीच पुलिस को सोमगढ़ मलाही टोला से परसौनी के रास्ते एक स्विफ्ट मारुति कार आती दिखाई दी। पुलिस गाड़ी को रोकने की कोशिश की तो उस पर सवार दो लोग गाड़ी छोड़ फरार हो गए। मजिस्ट्रेट के सामने कार की तलाशी लेने पर गाड़ी के पिछले सीट पर हरे रंग की बोरी में रखे गए 15 किलो गांजा बरामद किया गया। जिसे पुलिस जब्त कर मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

## ड्रग्स बेचने वाले युवक को दो साल की सजा

**बेतिया (पश्चिमी चम्पारण) (नि.सं.)।** बेतिया में ड्रग्स बेचने के एक मामले की सुनवाई पूरी करते हुए एनडीपीएस एक्ट के अनन्य विशेष न्यायाधीश आनंद विश्वासधर दुबे ने एक नेपाली नागरिक को दोषी करार दिया है। सजा की बिंदु पर बहस सुनने के बाद न्यायाधीश ने दोष सिद्ध नेपाली तस्कर सुनील लामा गुरुंग को एनडीपीएस, ड्रग्स और कॉस्मेटिक एक्ट में दो साल कारावास की सजा सुनाई है। सजायाफ्ता अभियुक्त नेपाल के चितवन जिला अंतर्गत गीता नगर निवासी सुनील लामा गुरुंग हैं। इन मामलों के एनडीपीएस के विशेष लोक अभियोजक सुरेश कुमार ने बताया कि घटना 12 मार्च 2022 की है। एसएसबी ने भारत से नेपाल की ओर जा रहे अभियुक्त को नशीला इंजेक्शन और टैबलेट के साथ गिरफ्तार कर ड्रग इंस्पेक्टर नागेंद्र कुमार को सौंपा था। ड्रग इंस्पेक्टर ने अभियुक्त के खिलाफ बगहा पुलिस जिला के वाल्मीकि नगर थाना में एफआईआर दर्ज कराई थी।

लोकसभा चुनाव को लेकर स्थापित नाका पर चलाया गया वाहन चेकिंग अभियान

## वाहन जांच के दौरान पुलिस ने दो लाख 44 हजार कैश किए बरामद, दो गिरफ्तार

निज संवाददाता



**शेखपुरा।** शेखपुरा के करंडे थाना पुलिस ने शेखपुरा-सिकंदरा मुख्य सड़क मार्ग पर तरहारी-सियानी मोड़ के पास लोकसभा चुनाव को देखते हुए स्थापित नाका पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग के दौरान एक पिकप बोलेरो वाहन पर सवार दो लोगों को 2 लाख 44 हजार रुपए के साथ धर दबोचा गया। पकड़े गए दोनों लोग सिकंदरा की ओर से आ रहे थे। चेकिंग अभियान का नेतृत्व थाना अध्यक्ष सह पुलिस सब इंस्पेक्टर कुंदन कुमार ने की। इस मामले में थाना अध्यक्ष ने बताया कि पकड़े गए लोग खुद को पशु व्यापारी बताया है। जो जमुई के राजा डीह गांव के बानो यादव के बेटे धर्मेंद्र यादव और उसी गांव के सुरज कुमार के रूप में पहचान की गई है। थाना अध्यक्ष ने बताया कि उनके पास से बरामद रुपए को जिला प्रशासन द्वारा प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट शिव नंदन कुमार और निरंजन कुमार के अलावा पुलिस निरीक्षक विश्वजीत कुमार की मौजूदगी में जब्त कर सुरक्षित रखा गया है। वहीं, पकड़े गए दोनों लोगों को वाहन सहित मुक्त कर दिया गया है। थाना अध्यक्ष ने बताया कि डीएम के निर्देशों के आलोक में डीडीसी के नेतृत्व वाली जांच टीम द्वारा बरामद रूपयों की जांच की जाएगी। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि जिले के विभिन्न नाका पर वाहन चेकिंग के दौरान अब तक 4 जगहों से रुपए की मोटी खेप की ढुलाई करते पकड़ी जा चुकी है। इससे पहले सिरारी थाना, केवटी थाना और सिरारी थाना पुलिस द्वारा रुपए की खेप की ढुलाई करते धर दबोचा है। उन घटनाओं में बरामद रुपए की जांच शुरू कर दी गई है।

पटना से समस्तीपुर आकर करते थे चोरी

## पुलिस ने छह अपराधियों को किया गिरफ्तार मोबाइल और 20 हजार कैश बरामद

निज संवाददाता



**समस्तीपुर।** जिले के मोहिउद्दीनगर थाना में पिछले दिनों हुए चोरी कांडों में पुलिस ने शुक्रवार रात छह बदमाशों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार बदमाशों के पास से पुलिस ने चोरी की मोबाइल फोन के साथ ही करीब 20 हजार रुपए नगद भी बरामद किए हैं। बताया गया है कि पटना जिला से चोर यहां आकर चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे थे। गिरफ्तार बदमाशों की पहचान पटना के बिंदटोला के रामनंद साह के पुत्र रोहित कुमार उर्फ रोहित साह इसी गांव के बढी महतो के पुत्र जेंडन मानी उर्फ ज्ञामदन सहनी, बद्री महतो उर्फ बद्री सहनी का पुत्र नीतीश कुमार, इसी जिले के तालीमपुर गांव के मनोज यादव का पुत्र अजित कुमार,मोहनपुर थाने के जौनापुर गांव के जागर खलीफा का पुत्र अरुण तट के अलावा विंदटोली के इनर महतो का पुत्र रोहित कुमार के रूप में की गई है। पटोरी के डीएसपी ने विरेंद्र कुमार मेघावी ने बताया कि तकनीकी जांच में यह जानकारी मिली कि पटना जिला से अपराधी आकर चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस की टीम ने नीस में मोर जमर थानाध्यक्ष के नेतृत्व में SIT टीम की मदद से सभी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के साथ ही पुलिस की पूछताछ में बदमाशों ने गिरोह सभी सदस्यों के बारे में जानकारी दी गई। जिसके बाद एक-एक कर सभी को गिरफ्तार कर लिया गया। तलाशी के दौरान चोरी की मोबाइल आदि बरामद की गई। छापेमारी के दौरान मोहिउद्दीननगर थानाध्यक्ष गौरव प्रसाद, अपर थानाध्यक्ष प्रियंका कुमारी समेत पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे। मोहिउद्दीनगन थाना क्षेत्र सहसपुर बारोह गांव में गत 28 मार्च को एक साथ तीन घरों में चोरी की घटना सामने आयी थी। चोरी के दौरान बदमाश घर से नकदी, गहना आदि की चोरी की ली थी।

## बालू लदे ट्रैक्टर ने युवक को मारी टक्कर, गंभीर

**मुंगेर (नि.सं.)।** मुंगेर अंतर्गत तारापुर छत्रहार रोड में बदुआ नदी के पास छत्रहार की ओर से आ रहे एक बालू लदे ट्रैक्टर की चपेट में आने से साइकिल सवार युवक बुरी तरह जख्मी हो गया। जख्मी की पहचान तारापुर थाना क्षेत्र के धोबई गांव निवासी अवधेश मिश्र का 24 वर्षीय बेटे राहुल कुमार मिश्र के रूप में हुई है। इधर दुर्घटना के शिकार युवक को स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल तारापुर लाया। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. एम के पाठक ने मरीज की गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज मायागंज भागलपुर रेफर कर दिया। इधर, घटना के बाबत जानकारी देते हुए प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष रागिनी कुमारी ने बताया कि दुर्घटना होते ही ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर छोड़कर फरार हो गया। मौके पर पहुंची गश्ती दल के पदाधिकारी के नेतृत्व में ट्रैक्टर को जब्त कर थाना लाया गया।

## जीएसटी चोरी मामले में तीन गाड़ी जब्त मुख्यालय स्तर से हो रहा मॉनिटरिंग



निज संवाददाता

**बेतिया (पश्चिमी चम्पारण)।** बेतिया में वाणिज्य कर विभाग ने GST की चोरी रोकने के लिए बड़ी कार्रवाई की है। वाहन जांच के दौरान 3 गाड़ियों को जब्त किया है। जब्त गाड़ी में एक ट्रक कोयला, एक ट्रक सीमेंट और एक ट्रक छड़ लोड है। बिना GST और ई वे बिल के जिले में लाया जा रहा था। इससे लाखों रुपए के राजस्व की चोरी हो रही थी। वहीं, मैनाटांड़-नरकटियागंज रोड स्थित मुस्कान ईट भट्ठा का वाणिज्य कर विभाग की अधिकारियों द्वारा सर्वे किया जा रहा है। कार्रवाई मुख्यालय स्तर से मॉनिटरिंग के दौरान GST चोरी की संभावना को देखते हुए किया गया है। अभी अधिकारियों द्वारा उत्पादित ईंट, कोयले की आपूर्ति, बिक्री आदि के कागजातों का गहन जांच पड़ताल किया जा रहा है। वहीं, राज्यकर संयुक्त आयुक्त दिनेश कुमार ने बताया कि सर्वे का काम चल रहा है। GST की चोरी रोकने के लिए मुख्यालय स्तर से लगातार मॉनिटरिंग हो रही है। गलत ढंग से आईटीसी के लाभ लेने वाले व्यापारियों पर कार्रवाई तय है।

## चैती छठ को ले प्रशासन अलर्ट, प्राइवेट और अवैध नाव के परिचालन पर रोक



निज संवाददाता

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में जिला प्रशासन ने चैती छठ पर्व को लेकर निजी नाव और अवैध नाव के परिचालन के बंद करने का निर्देश जारी किया है। वहीं नदियों, तालाबों एवं घाटों पर गोताखोर, लाइफ जैकेट और महाजाल के इंतजाम के निर्देश दिए हैं। चिट्ठी के जरिए एसडीएम अमित कुमार ने कहा कि अवैध रूप से निजी नावों को नदियों में चलाने से खतरा हो सकता है। छठ पर्व में किसी भी निजी एवं अवैध रूप से नावों के परिचालन बंद होगी। साथ ही सभी आम लोगों को गहरे नदियों में जाकर स्नान करने एवं अर्घ्य देने पर मनाही होगी। किसी भी टूटे हुए तटबंध एवं दलदल नदी घाटों के पास अनावश्यक रूप से भीड़ नहीं हो।

10 महिला समेत 40 निगम प्रहरी को किया गया तैनात

## यातायात-अतिक्रमण रोकने की कमान संभालेंगे निगम प्रहरी

निज संवाददाता




**बेतिया (पश्चिमी चम्पारण)।** बेतिया नगर निगम क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने और अतिक्रमण को रोकने के लिए अब निगम प्रहरियों को कमान सौंपी गई है। नगर निगम प्रशासन द्वारा 40 नगर निगम प्रहरियों को नियुक्त किया गया है। इसे लेकर नगर आयुक्त शंभू कुमार ने आदेश जारी किया है। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों हुए सशक्त स्थायी समिति की बैठक के बाद विचार विमर्श करने के बाद यह फैसला लिया गया है। इसके तहत नगर निगम में आने वाले 10 महिलाओं समेत 40 निगम प्रहरियों(निगम में कार्यरत कर्मी) का चयन किया गया है। सभी कार्यरत महिला पुरुष निगम में गार्ड को ड्रेस कोड के अनुसार ड्रेस दिया जाएगा। जो अन्य सफाई मित्रों से भिन्न होगा। निगम प्रहरियों को प्लास्टिक की छड़ी और सिटी भी उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि चयनित निगम प्रहरियों को जिम्मेदारी दी गई है कि नगर निगम क्षेत्र को अतिक्रमण से मुक्त वे करेंगे। निगम क्षेत्र के सड़कों पर भीड़-भाड़ वाले इलाके में यातायात को भी नियंत्रित करेंगे। सड़कों पर अवैध दुकानदारों को अतिक्रमण नहीं करने देंगे। निगम की सड़कों पर बेतरतीब ढंग से ठेला लगाने और पोस्टर लगाने वालों को रोकेंगे। निगम क्षेत्र में हो रहे अवैध निर्माण को रोकेंगे। निगम क्षेत्र में यहां वहां वाहन लोगों द्वारा लगा दिया जाता है, जिससे सड़क जाम की स्थिति पैदा हो जाती है, उसे वह रोकेंगे। सभी कर्मी सफाई निरीक्षक जुलुम साह और घारी प्रभारी तबरेज आलम के नेतृत्व में काम करेंगे। इससे लोगों को सुविधा मिलने की उम्मीद है। नगर आयुक्त शंभू कुमार ने बताया कि सभी नगर निगम के प्रहरियों को एक सप्ताह का ट्रेनिंग दिया जाएगा। इसकी तैयारी भी नगर निगम प्रशासन ने कर ली है। इसके लिए नगर के महाराज स्टेडियम को चिह्नित किया गया है। निगम कर्मियों को ट्रेनिंग देने के लिए बिहार गृह रक्षा वाहिनी के समादेष्टा से अनुरोध किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### इफ्तार पार्टी का आयोजन

**जमशेदपुर, एजेंसी।** विवेकानन्द इंटरनेशनल स्कूल में इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इफ्तार के बाद मगरीब की नमाज अता की गई। इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाध्यापिका डॉ. निधि श्रीवास्तव. आजाद नगर थाना पीस कमेटी के महासचिव मुख्तार आलम खान, शाकिर अज़ीमाबादी, प्रो. अहमद बद्र, प्रो. आले अली, प्रो. जकी अख्तर, जमाएते उलमा हिन्द के सचिव हाफिज अनवर आलम, दुर्गा पूजा समिति के अपूर्वा पाल, सैयद आसिफ अख्तर, खुर्शीद अहमद खान, बचपन प्ले स्कूल के डायरेक्टर मतिनुल हक अंसारी, ताहिर हुसैन, हाजी जमील असगर, रज़ी नौशाद, समाजसेवी सैयद मंजर अमीन, शेख बदरुद्दीन आदि मौजूद रहे।

### झामुमो के लिए एक और बड़ा झटका, बगावत के मूड में आया दिग्गज नेता

**बोरियो( साहिबगंज), एजेंसी।** बोरियो विधायक और झामुमो के दिग्गज नेता लोबिन हेम्ब्रम ने कहा है कि वे अभी भी झामुमो और हेमंत सोरेन के सच्चा सिपाही हैं। राजमहल लोकसभा का चुनाव लड़ना चाह रहें हैं। पार्टी के निर्णय का इंतजार कर रहें हैं। विधायक ने कहा कि पाकुड़ विधानसभा के गठबंधन के लोग विजय हांसदा का विरोध कर रहें हैं। लोबिन हेम्ब्रम ने कहा कि ग्रामीणों का आरोप है कि सांसद के रूप में विजय हांसदा ने न तो क्षेत्र भ्रमण किया है और न हीं लोकसभा में जनहित का मुददा उठाया है। विधायक ने कहा कि वे कार्यकर्ताओं से सम्पर्क कर रहें हैं। यदि झामुमो पार्टी उन्हें लोकसभा का टिकट नहीं देगी तो ठीक है अन्यथा निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे। लोबिन हेम्ब्रम ने कहा कि 1995 में विधानसभा का निर्दलीय चुनाव लड़ा था और जनता ने उसे 10 हजार से ज्यादा मतों से विजय बनाया था। लेकिन वह तब भी पार्टी नही छोड़े थे। अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत झामुमो पार्टी से ही की है । मैंने लड़ाई लड़ी है। जंगल जंगल जमीन के लिए मैंने जितनी मांगे उठाई वह सच्चाई है। जिसके कारण मुझ पर कई तरह के आरोप लगाया गया है जो बेबुनियाद था ।जनता समझ रही है।

### हाउसिंग कॉलोनी में नाले में मिला बीएसएस कॉलेज के गार्ड का शव

**धनबाद, एजेंसी।** हाउसिंग कॉलोनी में राज क्लिनिक के पास बीएसएस कॉलेज के गार्ड का शव बरामद हुआ। शुक्रवार की दोपहर को लोगों ने शव को नाले में देख। सूचना पर वहां भीड़ जुट गई। घटना की सूचना पाकर धनबाद थाना की पुलिस भी मौके पर पहुंची। शव को नाले से बाहर निकाला गया। काफी देर तक शव की पहचान नहीं हो सकी। बाद में बारामुड़ी के शिवलाल गोस्वामी के रूप में शिनाख्त हुई। शिवलाल के परिजनों ने शव पहचान की। शिवलाल दो दिनों से घर नहीं आए थे। आशंका जताई जा रही है कि शिवलाल रात में नाले में गिरकर चोटिल हो गए और बेहोश होने की वजह से नाले में डूबने से उनकी मृत्यु हो गई। पुलिस को पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। देखने से प्रतीत हो रहा था कि दो दिन पूर्व ही शिवलाल के साथ यह हादसा हुआ है। शिवलाल कॉलेज में नाइट गार्ड थे। वर्षों तक वह दिन में स्कूल वैन चलाते थे। शिवलाल के पुत्र प्रकाश ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि उनके पिता दो अप्रैल को ड्यूटी के लिए गए लेकिन वापस नहीं लौटे। दो दिन से कॉलेज भी नहीं गए थे। शुक्रवार को उसके एक दोस्त ने सूचना दी कि उनके पिता नाले में गिर गए हैं। मौके पर पहुंचा तो पाया कि उनके पिता की मृत्यु हो गई है।

### शादी का झांसा देकर नाबालिग भगा ले जाने के आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**गुमला/सिसई , एजेंसी।** पूसो थाना क्षेत्र के सुरसा गांव निवासी महिला ने अपने नाबालिग बेटी को शादी के नीयत से बहला फुसला कर भाग ले जाने का आरोप लगाते हुए पुसो थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। इस मामले में भुसरो पहामु गांव निवासी अनुज लोहरा को नामजद आरोपी बनाया गया है। दर्ज प्राथमिकी के मुताबिक बुधवार को नाबालिग किशोरी घर पर अकेली थी। परिवार के लोग खेत में काम करने गए हुए थे। इसी दौरान अनुज मोटरसाइकिल में आया और नाबालिग किशोरी को ले गया है। इस संबंध में पुसो थाना प्रभारी हिमांशु शेखर सिंह ने बताया कि आवेदन के आधार पर थाना में कांड अंतिम कर मामले की जांच कर रहे हैं और नाबालिग लड़की की तलाश की जा रही है।

## इस्पात संयंत्र में गैस रिसाव की सूचना से मची अफरातफरी,

# कर्मचारियों को तत्काल इलाका खाली करने का निर्देश



**बोकारो, एजेंसी।** बोकारो स्टील प्लांट में शनिवार सुबह 10 बजे गैस रिसाव होने से अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार प्लांट में मीथेन गैस का रिसाव हुआ है। हादसा हॉट स्ट्रिप मिल में हुआ, जहां काम कर रहे मजदूरों ने भागकर अपनी जान बचाई।

गैस रिसाव होते ही वहां काम कर रहे मजदूरों की आंखों में जलन होने लगी। इसके बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हालांकि, अब स्थिति पर काबू पा लिया गया है। 21 कर्मचारियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

इधर, डीसी ऑफिस की ओर से प्रेस रिलीज जारी कर कहा गया है कि बीएसएल प्लांट में गैस रिसाव की सूचना के बाद जिला प्रशासन हाई अलर्ट पर है। कुछ लोगों को अस्पताल में भर्ती किया गया है। एंबुलेंस और फायर बिग्रेड टीम भी राहतङ्कबचाव कार्य में जुटी हुई है।

गैस रिसाव की घटना प्लांट के एचआर सेक्शन क्षेत्र की ओर हुआ है। यहीं हॉट स्ट्रिप मिल है। सभी मजदूर आनन-फानन में बदहवास स्थिति में मेन गेट से निकलकर भागने लगे। इसमें ज्यादातर ठेका मजदूर हैं।

घटना के संबंध में कर्मचारी मुकेश सिंह ने कहा कि हॉट स्ट्रिप मिल में गैस लीक हुई है। इससे आंखों में जलन होने लगी। जिसके बाद कर्मचारी भाग खड़े हुए। वहीं कर्मचारी प्रह्लाद यादव ने कहा कि आंख में जलन होने लगी। तेज बदबू की वजह से परेशान हो गए तो हम लोग काम छोड़ बाहर निकल आए।

जानकारी के अनुसार प्लांट में गैस रिसाव की बदबू आवासीय कॉलोनी तक पहुंच गई। आवासीय परिसर के लोगों ने भी कहा कि गैस की बदबू यहां भी आ रही थी, लेकिन धीरे-धीरे बदबू कम हो गई।

प्लांट के अधिकारी मणिकांत धान ने बताया कि बोकारो स्टील प्लांट के मिक्स्ड गैस पाइप लाइन, जिससे हॉट स्ट्रिप मिल के री हीटिंग फर्नेस में गैस सप्लाई की जाती है, उसमें आज सुबह पहले से ही तय प्रोग्राम के अनुसार मेंटेनेंस का काम चल रहा था। पाइप लाइन बंद थी और इसमें कोई गैस नहीं थी। मेंटेनेंस के तहत एक कंपेंसेटर भी चेंज किया जाना था। जिसके लिए पाइप लाइन में कटिंग और वेल्डिंग का काम हो रहा था।

वेल्डिंग से निकलने वाले चिंगारी से पाइप लाइन के अंदर जमा नेप्था, सल्फर जो ज्वलनशील होते हैं उसमें आग पकड़ ली। इस वजह से काफी धुआं निकला जो पाइप लाइन के माध्यम से हॉट स्ट्रिप मिल तक फैल गया। इस कारण थोड़े समय के लिए अफरा तफरी हुई।

पाइप लाइन से किसी प्रकार के गैस की लीकेज नहीं हुई है। कोई घबराने की बात नहीं है। आग बुझा दी गई है। हमारे वरीय अधिकारी साइट पर हैं। कोई कर्मचारी हताहत नहीं हुआ है। गैस एनालाइजर मशीन द्वारा भी जांच की गई। जिसमें भी कोई गैस लीकेज नहीं मिला है।

बोकारो जनरल अस्पताल की ओर से जारी मेडिकल बुलेटिन में कहा गया कि आज बोकारो इस्पात संयंत्र में धुएं के संपर्क में आने के बाद कुल 21 कर्मचारी इलाज के लिए आए। जिनमें कुछ संविदा कर्मी भी शामिल हैं। उन्हें एहतियात के तौर पर अंडर ऑब्जर्वेशन अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनकी स्थिति सामान्य और स्टेबल है। डॉक्टर्स लगातार इसकी मॉनिटरिंग कर रहे हैं।

## क्या इस बार झारखंड में बढ़ सकती है भाजपा की सीटें!




**रांची, एजेंसी।** अयोध्या में राम मंदिर की स्थापना से जुड़े आंदोलन व सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के मुद्दे ने भाजपा के कैडरों को जोड़ने में मदद की। साल 1989 में हुए चुनाव से ठीक पहले केंद्र की राजीव गांधी की सरकार ने मस्जिद का ताला खोल पूजा की इजाजत दी थी, लेकिन चुनाव के दौरान भाजपा ने संसद के अध्यादेश या समझौते के जरिए राम मंदिर का मुद्दा उठाया तो इसका बड़ा प्रभाव पड़ा। 1989 चुनाव में भाजपा ने इस मुद्दे को उठाया। असर यह रहा कि संयुक्त बिहार में पहली बार भाजपा ने कमल के सिंबल पर आठ सीटों पर जीत दर्ज की, उसमें से पांच सीटें वर्तमान के झारखंड से मिली थीं।

आडवाणी की गिरफ्तारी के बाद हुए चुनाव में भी बढ़ा वोट

साल 1990 में लालकृष्ण आडवाणी ने सोमनाथ से अयोध्या के लिए रथयात्रा निकाली थी। रथ यात्रा को रोकने के लिए तत्कालीन मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव ने योजना बनाई। लेकिन, स्थिति को देखते हुए उन्होंने ऐसा नहीं किया। रथ यात्रा बिहार से गुजरनी थी, तब बिहार में लालू प्रसाद के नेतृत्व वाली जनता दल की सरकार थी। लालू प्रसाद की सरकार ने बिहार में रथ यात्रा को रोकने और लालकृष्ण आडवाणी को गिरफ्तार करने की योजना बनाई। जब रथयात्रा समस्तीपुर पहुंची तो आडवाणी को गिरफ्तार कर लिया गया था। उनकी गिरफ्तारी में तत्कालीन आईएएस अधिकारी राजकुमार सिंह ( आरके सिंह) और एसपी रामेश्वर उरांव की बड़ी भूमिका थी।

आरके सिंह वर्तमान में भाजपा सरकार में केंद्रीय मंत्री हैं, जबकि रामेश्वर उरांव झारखंड सरकार में मंत्री हैं। गिरफ्तारी के बाद समस्तीपुर से ही आडवाणी ने केंद्र सरकार से समर्थन वापस ले लिया था, जिससे केंद्र की सरकार गिर गई थी। उस दौरान कार सेवा की घटना भी अयोध्या में हुई। साल 1991 में बाबरी विध्वंस की पृष्ठभूमि में जब चुनाव हुए, तब भाजपा ने फिर से अपने वोट प्रतिशत में इजाफा किया। भाजपा को 1991 के चुनाव में 15.9 फीसदी वोट मिले। उस चुनाव में भाजपा की ओर से धनबाद से रीता वर्मा, खूंटी से कड़िया मुंडा, लोहरदगा से ललित उरांव, रांची से रामटहल चौधरी और पलामू से रामदेव राम सांसद चुने गए।

# इस साल खूब होगी मॉनसून वाली बारिश



**रांची, एजेंसी।** अप्रैल महीने में देश के कई हिस्सों में लू की स्थिति बन चुकी है। तपती गर्मी से लोगों का बुरा हाल है। हालांकि, भारत मौसम विज्ञान विभाग ने राहत की खबर दी है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक, पिछले साल की तुलना में इस साल अधिक बारिश हो सकती है। ऐसा इसलिए कि अल नीनो के प्रभाव का स्तर कम हो रहा है। इससे मानसून के लिए बेहतर माहौल का संकेत दिख रहा है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग के महानिदेश मृत्युंजय महापात्र ने यह जानकारी दी। उन्होंने मध्य प्रशांत महासागर के गर्म होने का जिक्र करते हुए कहा कि अभी तक के संकेत में यह जानकारी मिली है कि अल नीनो कम हो रहा है। जून के शुरुआत तक प्रभाव कम हो जाएगा, जिसके बाद तटस्थ स्थिति बन सकती है। यह जलवायु घटना दक्षिण-पश्चिम मानसून के लिए अनुकूल है।

आपको बता दें, भारत के कृषि क्षेत्र के लिए दक्षिण-पश्चिम मानसून महत्वपूर्ण है। यह देश में लगभग 70 फीसदी वार्षिक वर्षा के आवरण को पूरा करता है। देश में कृषि क्षेत्र का जीडीपी में योगदान लगभग 14 प्रतिशत है और लगभग 1.4 अरब आबादी में आधे से अधिक को रोजगार देता है। इस वर्षा में कमी होने से देश की अर्थव्यवस्था पर व्यापक असर पड़ता है।

आईएमडी प्रमुख महापात्र ने बताया कि इस साल जुलाई से सितंबर के बीच ला-नीना की स्थिति देखी जा रही है, जिसका मध्य प्रशांत महासागर को ठंडा करने में योगदान है। उन्होंने कहा, भारतीय मानसून के लिए ला नीना अच्छा है और इस बार तटस्थ स्थितियां अच्छी हैं। पिछले साल अल नीनो के कारण भारतीय मानसून के 60 प्रतिशत क्षेत्र पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है, लेकिन इस साल यह स्थिति नहीं देखने को मिलेगी। यूरेशिया में इस साल भी कम बर्फबारी का आवरण है, जो बड़े पैमाने पर मानसून के लिए अनुकूल हैं।

### पिछले साल कम हुई थी वर्षा

रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में 2023 के मानसून सीजन में 868.6 मिलीमीटर वर्षा औसत की तुलना में 820 मिलीमीटर तक के नीचे बारिश दर्ज की गई थी। इसे मौसम विभाग ने मजबूत अल नीनो के लिए जिम्मेदार ठहराया था। इस महीने के अंत में आईएमडी दक्षिण-पश्चिम मानसून का पूर्वानुमान जारी करेगा, जो एक नए संकेत के बारे में जानकारी देने की स्थिति बन सकती है।

### नारेकेला में नदी में करंट दौड़ने से नहाने गई 40वर्षीय महिला की मौत

**गुमला , एजेंसी।** जिले के बसिया थाना क्षेत्र अन्तर्गत नारेकेला विद्युत करंट के चपेट में आने से 40वर्षीय प्रेमावती देवी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बचाव के लिए गए लखन बड़ाईक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जानकारी के अनुसार नारेकेला गांव में नदी से पटवन के लिए बिजली संचालित मोटर लगा कर कई लोग खेती बारी करते हैं । जिससे नदी में विद्युत प्रवाहित हो गई थी। शुक्रवार सुबह लगभग 11बजे प्रेमावती देवी नदी में नहाने गई थीं। इसी दौरान करंट कि चपेट में आ गई। चिल्लाने कि आवाज सुन कर बगल में ही खेत में काम कर रहा लखन बड़ाइक वहां पहुंच कर बचाने कि कोशिश करने में लगा जिससे वह भी जख्मी हो गया। मौके पर मौजूद अन्य ग्रामीणों ने तार को खींचकर वहां से हटाया। आनन फानन में दोनों को इलाज के लिए रेफरल अस्पताल बसिया लाया गया। जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने प्रेमावती को मृत घोषित कर दिया।

## गढ़वा में दो गांवों के कई परिवारों ने बदला धर्म : ग्रामीणों का आरोप-हिंदू से ईसाई बन रहे लोग

**गढ़वा, एजेंसी।** गढ़वा जिला मुख्यालय से 40 किमी दूर बंशीधर नगर प्रखंड है। इस प्रखंड के अलकर और तुलसीदामर गांव के लोग अपना धर्म बदल कर ईसाई धर्म अपना रहे हैं। इन दोनों गांव के लगभग 20-25 परिवार ने अपना धर्म बदल लिया है। इसमें अधिकतर घासी, खरवार और भुईया समाज के लोग शामिल हैं, लेकिन प्रशासन को इसकी भनक तक नहीं है।

गांव के हिंदू परिवारों का आरोप है कि धर्म बदलकर ईसाई बने लोग हिंदू परिवार में मातम पर जश्न मनाते हैं। ये लोग गांव के माहौल को बिगड़ रहे हैं। एक साल से इस इलाके में धर्म परिवर्तन का खेल चल रहा है। धर्म परिवर्तन करने से पहले नियमों का भी पालन नहीं किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि बीमारी से परेशान कुछ हिंदू परिवार ने ईसाई धर्म अपनाया और अब गांव के कई परिवार को भी इस धर्म से जुड़ने की सलाह दे रहे हैं।



अब गांव में हिंदू और ईसाई समुदाय के बीच टकराव की स्थिति बन गई है। आक्रोशित ग्रामीण गोलबंद हो रहे हैं और प्रशासन से शीघ्र धर्म परिवर्तन पर रोक लगाने की मांग कर रहे हैं।अलकर और तुलसीदामर गांव काफी पिछड़ा है। लोगों में शिक्षा की कमी है। अंधविश्वास भी चरम पर है । डालटनगंज और गढ़वा जैसे इलाकों से धर्म प्रचारक गांव में पहुंचते हैं। बीमारी ठीक करने का दावा करते हैं।

ईसाई धर्म अपनाने वाले रामवृक्ष घासी बताते हैं कि हम लोग पहले देवी दुर्गा को मानते थे। छठ जैसे महापर्व की पूजा करते थे। लेकिन सुख शांति नहीं मिल पाती थी। बाहर से आए लोगों ने हमें सुख शांति के लिए ईसाई धर्म अपनाने की सलाह दी। ईसाई धर्म अपनाने के बाद घर मे सुख शांति आने के साथ साथ तेजी से विकास होने लगा। घर मे बच्चों की किलकारी गूंजने लगी। मखडू भुइयां और उसकी पत्नी विमला देवी ने बताया कि उसके बेटे प्रेमन भुइयां ने भी ईसाई धर्म अपना लिया है।

अलकर गांव के रहने वाले विक्रम सिंह के 10 वर्षीय बेटे की 31 मार्च को बीमारी से मौत हो गई। बच्चे की मौत के बाद पूरा गांव शोक में था। लोग मृतक के परिजनों को सांत्वना दे रहे थे।

## अलविदा-अलविदा माहे रमजान, नम आंखों से पढ़ी गई अलविदा जुमा की नमाज

**गुमला , एजेंसी।** अलविदाई अलविदाई या शहरी रमजान का खुतबा, इमाम मसजिद ने जैसे ही पढ़ा बरबस रोजेदारों की आंखों से आंसू निकल पड़े। रोजेदारों ने नम आंखों से माहे रमजान के आखिरी जुमा का अलविदाई खुत्बा सुना। अलविदा जुमा की नमाज शहर के सभी मस्जिदों में अकीदत के साथ अदा की गई। शहर की जामा मस्जिद में इमामे जामा मस्जिद मौलाना इमाम रब्बानी ने जुमा की नमाज से पहले तकरीर फरमाई। तकरीर के दौरान उन्होंने कहा कि रमजान का रोजा नसीब वालों के मुकद्दर में होता है। इंसान अपने एक साल की जिंदगी को पूरा करने के बाद दूसरे साल की जिंदगी पाता है तब रमजान के रोजे रख पाता है। अगर माहे रमजान की फजीलत की हकीकत लोगों को समझ में आ जाए तो हर आदमी यह तमन्ना करेगा कि उसकी जिंदगी में सालों भर रमजान रहे। उन्होंने कहा कि रमजान में हर इबादत का सवाब 70 गुना मिलता है। रमजान में जन्नत के दरवाजे खोल दिए जाते हैं। दौजख के दरवाजे बंद कर दिए जाते हैं। माहे रमजान में बेपनाह बरकतों का नजूल होता है। शहर के जामा मस्जिद के अतिरिक्त गौसिया मोती मस्जिद, मस्जिद कादरिया, मस्जिद रजाए हबीब, मक्का मस्जिद, मस्जिद गौसुलवरा, मस्जिद रजाए हबीब, मस्जिद रजाए मुस्तफा, मस्जिद फैजाने राजा, मदीना मस्जिद के साथ-साथ मस्जिद जैनब में भी जुम्मा की नमाज अदा की गई। नमाजे जुम्मा के बाद मस्जिदों में पैगंबर हजरत मोहम्मद पर सलाम का नजराना पेश किया गया।

प्रखंड के तमाम मस्जिदों में शुक्रवार को रमजानुल मुबारक महीने के आखरी जुम्मा यानी अलविदा जुम्मा की नमाज जोशोखरोश और अकीदतमंदी के साथ अदा किया गया। नमाज को लेकर सुबह से ही तमाम मस्जिदों की साफ सफाई और नमाजियों की भीड़ को देखते हुए सड़क पर भी टेंट लगाकर नमाज का इंतजाम किया गया। अलविदा जुम्मे की नमाज में प्रखंड के तमाम मस्जिदों में नमाजियों की भीड़ उमड़ पड़ी। नमाज के दौरान अपनी तकरीर में मौलाना जियाउल ने कहा रमजानुल मुबारक का महीना अब अंतिम पड़ाव में है। जिसने भी अब तक इस महीने का कदर नही किया वे अल्लाह से तौबा तलाफी कर बाकी दिनों के रोजे रख ले अल्लाह बहुत बड़ा मेहरबान है वे चाहेगे तो माफ कर देंगे। उन्होंने रोजा नमाज तौहीद हज जकात किस पर जायज और फर्ज है,और क्यों फर्ज है,उसकी तफसील से जानकारी दी और नमाज में उपस्थित लोगों को इसके लिये प्रेरित भी किया।

# चुनावी गीतों पर खूब थिरक रहे युवा वोटर, रील बनाकर सोशल मीडिया पर कर रहे शेयर



**रांची, एजेंसी।** इस बार लोकसभा चुनाव में युवाओं की भूमिका निर्णायक साबित हो सकती है। देश के 97 करोड़ मतदाताओं में जहां 66 प्रतिशत युवा मतदाता हैं। वहीं झारखंड में भी यह संख्या अच्छी-खासी है। यहां ढाई करोड़ मतदाताओं में 21 लाख से अधिक युवा मतदाता हैं, जिनमें 8 लाख 8 हजार 371 नए मतदाता हैं। ये वोटर पहली बार वोट डालेंगे। यह संख्या पिछले चुनाव की तुलना में लगभग छह लाख ज्यादा है।

राजनीतिक दलों को भी युवाओं की ताकत का अंदाजा है। इसलिए सभी दलों ने इन्हें लुभाने के लिए रणनीति तैयार की है। इंटरनेट मीडिया के माध्यम से भी इनसे संपर्क साधा जा रहा है। वहीं इंटरनेट मीडिया में प्रभाव रखने वाले इंफ्लूएंशर्स की बड़ी टीम भी इन्हें अलग-अलग राजनीतिक दलों से जोड़ने के लिए मैदान में उतर चुकी है। उधर युवा टीम भी मतदान को लेकर जोश में है।

उनमें मतदान को लेकर खासा उत्साह है। हो भी क्यों न। उनके हाथ वो ताकत है जो देश की तकदीर बदल सकती है। चुनाव आयोग भी युवा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए कई कार्यक्रम चल रहा है। हाल में झारखंड में आयोग ने आई भाई मस्कट लांच किया है। इसके नाम से लेकर इसका पूरा स्वरूप इंटरनेट मीडिया में गोते लगाने वाली युवा टीम को ध्यान में रखकर तय किया गया है।

उधर, जमशेदपुर के साहब नामकर युवा गायक ने मतदान को लेकर एक रैप सॉन्ग लान्च किया है। उन्होंने अपने गीत में युव मतदाताओं को बताया है कि वोट की कीमत क्या है। उन्होंने नेताओं के वादों पर भी युवाओं का ध्यान खींचा है।

सहाब मुजाक जमशेदपुर के युवा रैपर हैं। पूरे राज्य में ही इनका अपना एक श्रोता वर्ग है। 2015 से रैप म्यूजिक में अपना योगदान दे रहे हैं। खुद ही लोकल वाइब स्टूडियो की शुरूआत की है। उन्होंने कई गीत गाए हैं। वह सामाजिक मुद्दों से जुड़े रैप भी प्रस्तुत करते रहे हैं।

सहाब ने टर्न अप रैप गीत से इस बार नए वोटरों की तरफ से कई सवाल खड़े किए हैं। उनके रैप को इंटरनेट मीडिया पर खूब शेयर किया जा रहा है।सहाब ने कहा कि निर्वाचन आयोग ने इंटरनेट मीडिया इंफ्लूएंसर्स के साथ एक बैठक की थी, जिसमें मतदाताओं को जागरूक करने के लिए अपनी रचनात्मकता का इस्तेमाल करने के लिए सभी को प्रेरित किया गया था।

इस रैप से मैंने किसी दल या नेता पर सवाल नहीं उठाए बल्कि बताया है कि ये वैसे सवाल हैं जो हर चुनाव में उठते हैं। इन समस्याओं का समाधान करना है तो युवाओं को मतदान करना होगा क्योंकि एक-एक वोट किमती है।

सहाब ने कहा कि हमें युवा सुनते हैं। ऐसे में हमारा उद्देश्य है कि हम अपने गीतों से या अपने रैप से सबको सही चीजों से अवगत करा सकें। रैप का असर ये हो कि सिर्फ जेन-जी नहीं बल्कि हर एक मतदाता बूथ पर पहुंचे।

मशहूर नागपुरी गीत ÷अठरह साल होए गेलक रे... शादी कराए दे’ की तर्ज पर ÷अठरह साल होए गेलक रे... वोट देबे चल’ गीत लॉन्च किया है। इस गीत को राज्य के संयुक्त मुख्य निर्वाचन आयुक्त सुबोध कुमार ने लिखा है। वीडियो की संकल्पना भी उनकी ही है।

युवा मन को छूनेवाले इस गीत का अंदाज बिल्कुल झारखंडी है। इस गीत में कलाकारों के परिधान से लेकर गांव-मोहल्ले के दृश्य के साथ मतदान की अपील हर किसी को थिरकने पर मजबूर भी कर रहा है। इस गीत को इग्नेश कुमार ने गाया है।

24 घंटे में 16 हजार लोगों ने वीडियो गीत को देखा है। कमेंट्स में लोग निर्वाचन आयोग के इस पहल की खूब सराहना कर रहे हैं। इस गीत के माध्यम से युवाओं को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

युवाओं को यह गीत काफी भा रहा है। इसकी धुन पर इस गीत के साथ रील बनाकर भी युवा जमकर साझा कर रहे हैं और मतदान के पर्व को देश के गर्व से जोड़ते हुए लोकतंत्र को सशक्त बनाने में अपनी मजबूत भागीदारी का संकेत दे रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### तीन अंतरराष्ट्रीय साइबर अपराधी पुलिस ने दबोचे, बरामद सामानों की सूची जान पड़ जाएंगे हैरत में

**कुशीनगर, एजेंसी।** बिहार के गोपालगंज जिले के कुचायकोट थाने की पुलिस ने यूपी-बिहार सीमा पर बलथरी चेकपोस्ट से शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय गिरोह के तीन साइबर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। तीनों पश्चिम बंगाल के रहने वाले हैं। इनके पास से अलग-अलग टेलीकॉम कंपनियों के 8,774 सिम कार्ड और नेपाली करेंसी बरामद हुई है। सभी आरोपी गोरखपुर एयरपोर्ट से सिम कार्ड रिसीव कर पश्चिम बंगाल के मालदा जा रहे थे। एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर बलथरी चेकपोस्ट पर वाहनों की जांच की जा रही थी। इसी बीच पश्चिम बंगाल नंबर की एक कार को संदेह के आधार पर रोका गया। तलाशी में कार से विभिन्न टेलीकॉम कंपनियों के 8,774 सिम कार्ड, 18,800 नेपाली रुपये और पांच एंड्रॉयड फोन मिले हैं। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर कार को जब्त कर लिया।

उनकी पहचान पश्चिम बंगाल के मालदा के मासिमपुर गांव निवासी मो.अस्माउल शेख, मो. इकबाल हुसैन और नूर आलम के रूप में हुई। पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि सिम कार्ड दिल्ली से विमान से गोरखपुर पहुंचे थे। पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।

### शोहदों ने फैलाई कोर्ट मैरिज की अफवाह, आहत छात्रा ने दी जान, पिता बोला- दो युवक करते थे परेशान

**फतेहपुर , एजेंसी।** फतेहपुर जिले में दुस्साहसी शोहदों ने छात्रा से ज्यादती की हदें पार कर दीं। बीए की छात्रा को उसके गांव के ही दो युवक कॉलेज आते-जाते परेशान करने लगे। छात्रा ने विरोध किया, तो उसके साथ कोर्ट मैरिज की अफवाह फैला दी। परिजनों ने छात्रा को एक रिश्तेदार के घर भेज दिया, लेकिन शोहदे नहीं माने और रिश्तेदार के गांव भी पहुंचने लगे। आहत छात्रा ने गुरुवार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे रिश्तेदार के घर पर फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने दो युवकों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज किया है। खागा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती (21) स्नातक की छात्रा थी। वह कुछ माह से खखरेरू थाना क्षेत्र के एक गांव में रिश्तेदार के घर रह रही थी। युवती के परिजनों ने बताया कि गांव निवासी अंकित तिवारी और अनुज तिवारी उसकी पुत्री को काफी समय से परेशान कर रहे थे। दोनों के परिजनों से कई बार शिकायत भी की, लेकिन उन लोगों ने अनसुनी की। बदनामी के डर से पुलिस से शिकायत करने से बच रहे थे।

**कोर्ट मैरिज की बात कहकर छात्रा को बदनाम करने लगे:** कुछ दिनों पूर्व आरोपी अंकित ने गांव में अफवाह फैला दी कि उसने उनकी बेटी से कोर्ट मैरिज कर ली। इस बात से पुत्री मानसिक तनाव में रहती थी। इसी वजह से पुत्री को थाना क्षेत्र के एक गांव में रिश्तेदार के घर भेज दिया था। आरोपी रिश्तेदार के गांव भी पहुंचने लगे और वहां भी कोर्ट मैरिज की बात कहकर बेटी को बदनाम करने लगे। आखिर में बेटी ने आत्मघाती कदम उठा लिया।

**आरोपियों की तलाश में दी जा रही है दबिश:** कोतवाल तेज बहादुर सिंह ने बताया कि युवती के पिता की तहरीर पर अंकित व अनुज के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी रिश्ते में चचेरे भाई बताए जा रहे हैं। ग्रामीणों से पूछताछ में पता चला कि दोनों आवारा किस्म के हैं। आरोपियों की तलाश में कई स्थानों पर दबिश दी गई है।

### छत पर मंजन कर रही युवती को लगी गोली, किसने चलाई और किधर से आई...कुछ नहीं पता

**आगरा , एजेंसी।** एटा कोतवाली नगर क्षेत्र के जाटवपुरा में छत पर मंजन कर रही युवती को गोली लग गई। गोली लगते ही युवती खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर पड़ी। गोली की आवाज सुनकर परिजन दौड़कर छत पर पहुंचे। युवती को तत्काल ही अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। जाटवपुरा में एक युवती छत पर मंजन कर रही थी। उसी दौरान युवती को गोली लगी। परिजन उसे लेकर मेडिकल कॉलेज पहुंचे। युवती की हालत गंभीर है, जिसके बाद उसे वहां से रेफर कर दिया गया।

# अमेठी में सियासी सूरमाओं ने गंवाई जमानत... 2019 के चुनाव में 28 में से 26 उम्मीदवार न बचा पाए थे जमानत

**अमेठी , एजेंसी।** अमेठी का अपना एक अलग मिजाज है। सियासत का मैदान हो या फिर कुछ और, यहां के मतदाताओं ने हर बार कुछ नया किया है। कभी जीत का रिकॉर्ड बनाया तो कभी सियासी सूरमाओं को ऐसा सबक दे दिया कि वह हार के साथ अपनी जमानत तक गवां बैठे। अमेठी में सियासी सूरमाओं ने गंवाई जमानत... 2019 के चुनाव में 28 में से 26 उम्मीदवार न बचा पाए थे जमानत। अमेठी में सियासी सूरमाओं ने भी जमानत गंवाई है। 2019 के चुनाव में 28 में से 26 उम्मीदवार जमानत भी नहीं बचा पाए थे। मेनका गांधी, शरद यादव और कांशीराम जैसे बड़े नाम इस लिस्ट में शामिल हैं।

अमेठी का अपना एक अलग मिजाज है। सियासत का मैदान हो या फिर कुछ और, यहां के मतदाताओं ने हर बार कुछ नया किया है। कभी जीत का रिकॉर्ड बनाया तो कभी सियासी सूरमाओं को ऐसा सबक दे दिया कि वह हार के साथ अपनी जमानत तक गवां बैठे।

चाहे वह मेनका गांधी हो या फिर बसपा के संस्थापक कांशीराम, जनता दल के शरद यादव व आम आदमी पार्टी से चुनाव लड़ चुके डॉ. कुमार विश्वास। इन नेताओं की अमेठी में जमानत तक जब्त हो चुकी है।

वर्ष 1967 में अस्तित्व में आई अमेठी का पहला चुनाव कांग्रेस के विद्याधर वाजपेयी ने जीता। इस चुनाव में छह उम्मीदवारों में से चार की जमानत जब्त हो गई।

1971 के चुनाव में जीत दर्ज करने वाले कांग्रेस के विद्याधर के अलावा मैदान में उतरे चार अन्य प्रत्याशी जमानत तक नहीं बचा सके। 1977 के चुनाव में भारतीय राष्ट्रीय लोकदल के रवींद्र प्रताप सिंह व कांग्रेस के संजय गांधी को छोड़कर दो अन्य को हार के साथ जमानत तक गंवानी पड़ी।



### जब शरद यादव तक नहीं बचा सके जमानत

वैसे तो वर्ष 1980 के चुनाव में 12 उम्मीदवार मैदान में थे। इसमें से कांग्रेस के संजय गांधी ने 57.11 फीसदी मत पाकर जीत हासिल की थी। इस चुनाव में दस उम्मीदवारों को जमानत तक से हाथ धोना पड़ा था। संजय गांधी की विमान हादसे में मौत के बाद 1981 में हुए उपचुनाव में राजीव गांधी ने जीत दर्ज की थी। मुकाबले में उतरे लोकदल के शरद यादव जमानत तक नहीं बचा सके थे। उन्हें महज 21 हजार 188 वोट ही मिले थे।

### विरासत की जंग में मेनका भी चूकीं

वर्ष 1984 के चुनाव का किस्सा काफी रोमांचक है। इस चुनाव में कुल 7 लाख 40 हजार 782 मतदाता थे। इसमें से चार लाख 36 हजार 263 ने मतदान किया था। इस चुनाव में वैसे तो 31 उम्मीदवार मैदान में थे लेकिन, मुख्य मुकाबला कांग्रेस के राजीव गांधी व निर्दलीय मेनका गांधी के बीच था। पति की मौत के बाद जेठ के खिलाफ मेनका गांधी का यह पहला चुनाव था। उन्होंने काफी मेहनत किया। गांव-गांव गईं। लेकिन, परिणाम अलग था। मेनका गांधी महज 50 हजार 163 मत पर सिमट गईं। इस चुनाव में मेनका गांधी समेत 30 उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई थी।

### कांशीराम तक की जब्त हो गई जमानत

बोफोर्स मामले के बीच हुआ वर्ष 1989 का चुनाव सियासत में काफी महत्वपूर्ण माना जाता है। इस चुनाव में अमेठी के मौजूदा सांसद रहे राजीव गांधी के खिलाफ 47 उम्मीदवार मैदान में थे। इस चुनाव में बसपा संस्थापक कांशीराम समेत 46 उम्मीदवारों की जमानत तक नहीं बची थी। इसके बाद 1991 में 40, 1996 में 44, 1998 में 10, 1999 में 25, 2004 में 10 की प्रत्याशियों की जमानत जब्त हो गई थी।

### विधानसभा चुनाव में 40 की जब्त हुई थी जमानत

वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में जिले के चार विधानसभा क्षेत्र में किस्मत आजमाने वाले 48 प्रत्याशियों में महज रनर व विनर को छोड़ 40 प्रत्याशियों की जमानत जब्त हो गई थी। जिले में भाजपा इकलौती ऐसी पार्टी निकलकर सामने आई थी, जिसके प्रत्याशी सभी सीट पर अपनी जमानत बचाने में सफल थे। तिलोई में कांग्रेस, बसपा व आप, जगदीशपुर में बसपा, सपा व आप, अमेठी में कांग्रेस, बसपा व आप, गौरीगंज में कांग्रेस, बसपा व आप के उम्मीदवारों की जमानत तक जब्त हो गई थी।

### क्या है जमानत जब्ती की व्यवस्था

जनप्रतिनिधित्व कानून 1951 की धारा 158 के अनुसार किसी प्रत्याशी को किसी निर्वाचन क्षेत्र में डाले गए कुल विधिमान्य मतों की संख्या के छठे भाग या 1/6 से कम वोट मिलते हैं तो उसकी जमानत जब्त मान ली जाती है।

### सिर्फ जीते उम्मीदवार की बची थी जमानत

वर्ष 2009 के चुनाव में कुल 16 प्रत्याशी मैदान में थे। उस वक्त कुल 6 लाख 46 हजार 650 वोट पड़े थे। इसमें से चार लाख 64 हजार 195 वोट पाकर जीत दर्ज करने वाले राहुल गांधी ही जमानत बचा सके थे। अन्य सभी 15 उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई थी। वर्ष 2014 के चुनाव में 35 प्रत्याशी चुनावी रण में थे। कुल आठ लाख 74 हजार 625 मतदाताओं ने वोट डाला था। इसमें से कांग्रेस राहुल गांधी व भाजपा की स्मृति जूबिन इरानी को छोड़कर आप के डॉ. कुमार विश्वास सहित 33 प्रत्याशियों की जमानत जब्त हो गई थी। वर्ष 2019 के चुनाव में 28 में से 26 उम्मीदवार जमानत गवां बैठे।

### सरेंडर कर सकती है मुख्तार की पत्नी, लंबे समय से पुलिस के लिए चुनौती बनी है आफ्शा अंसारी

**गाजीपुर , एजेंसी।** गाजीपुर जनपद से लखनऊ तक की पुलिस के लिए बीते कई सालों से चुनौती बनी मुख्तार अंसारी की पत्नी आफ्शा अंसारी अब सरेंडर कर सकती है। इसके लिए परिवार के लोग कोशिश में लगे हुए हैं। मुख्तार का छोटा बेटा उमर अंसारी अब जेल में बंद अब्वास अंसारी, फरार चल रही मां आफ्शा अंसारी को और भाभी निकहत को एक साथ लाने की कोशिश में है।

वह भाभी निकहत के साथ कासगंज जेल में बंद भाई अब्बास अंसारी से भी मिलकर ढाढस बंधाया था। वह अब्बास को पैरोल पर जेल से बाहर निकालने की कोशिश में लगा है। इसी तरह गाजीपुर पुलिस की ओर से 50 हजार और मऊ पुलिस की ओर से 25 हजार की इनामी घोषित आफ्शां को भी सामने लाने का प्रयास कर रहा है। उमर अंसारी ने मीडियाकर्मियों से बातचीत में कहा कि पिता की मौत के बाद मां नहीं पहुंच पाई थी। हम कानूनी तरीके से लड़ाई के लिए तैयार हैं। आफ्शा जल्द ही सामने आ सकती है। वहीं, मुख्तार अंसारी के भाई और सांसद अफजाल अंसारी ने भी कहा कि मुख्तार अंसारी की पत्नी आफ्शा को सरेंडर कर देना चाहिए। उनके वकील कोर्ट में न्यायिक प्रक्रिया अपनाएं। इसमें आफ्शा के सरेंडर करने की संभावना बढ़ी है।

**बार-बार एक ही मकान पर नोटिस चस्पा कर लौट जाती है पुलिस :** मुख्तार अंसारी और उसकी पत्नी के नाम फाटक से करीब 100 मीटर दूरी पर दर्जी मोहल्ले में एक मकान है, जिसपर ही न्यायालय की नोटिस चस्पा करने के साथ डुगडुगी पिटवाकर कुर्की की कार्रवाई कर पुलिस लौट जाती है। जमीन की खरीद फरोख्त, फर्जी तरीके से भूमि पर कब्जा कर आर्थिक लाभ लेना के अलावा सरकारी भूमि को रसूख के बल पर अपने नाम कराने जैसे कई मामलों को लेकर आफशां अंसारी पर गाजीपुर, मऊ, लखनऊ में मुकदमा दर्ज है। मऊ पुलिस ने उसे भगोड़ा घोषित कर दिया है।

# सियासत में दलीय निष्ठा से बंधे नहीं रह सके नेता जी, अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए खूब चल रहे दांव

**बलरामपुर, एजेंसी।** सियासत में नेताओं की पैंतरेबाजी का खेल नया नहीं है। श्रावस्ती संसदीय सीट की बात करें तो संसद में पहुंचने की चाह में दलीय निष्ठा बदलने में नेताओं ने महारत हासिल कर रखी है। नेताओं ने पाला बदलकर अपनी स्थिति को मजबूत बनाने का दांव खूब चला। तीन बार ही लोकसभा चुनाव में दलीय निष्ठा टूटती रही है।




बात साल 2009 के चुनाव की करें तो कांग्रेस ने विनय कुमार पांडेय को मैदान में उतारा। उन्हें जीत भी मिली, लेकिन 2014 में हार का सामना करना पड़ा तो पाला बदल लिए। अब वह सपा में है, लेकिन स्थितियां कुछ ऐसी बनीं हैं कि सपा की उनके पुराने पार्टी से ही दोस्ती हो चुकी है। अब वह एक बार फिर मुख्यधारा में वापसी में दांवपेंच चल रहे हैं। उस समय बसपा से चुनाव लड़े रिजवान जहीर भी पार्टी छोड़ चुके हैं। इसी तरह 2014 में अंबेडकर नगर के लालजी वर्मा बसपा से लड़े थे, वह भी समाजवादी पार्टी में चले गए। अब वह अंबेडकरनगर से चुनाव लड़ रहे हैं। दद्दन मिश्र भी बसपा से भाजपा में आए और 2014 में चुनाव लड़े और जीते भी। इस बार उनको भाजपा ने टिकट नहीं दिया। यह बात अलग है कि उन्होंने पार्टी नहीं छोड़ी है। वह श्रावस्ती जिला पंचायत के अध्यक्ष हैं। साल 2019 के लोकसभा चुनाव में बसपा से राम शिरोमणि वर्मा जीते थे। लेकिन पार्टी ने ही उनकी निष्ठा पर सवाल उठाते हुए बाहर का रास्ता दिखा दिया।

### सांसद बृजभूषण सिंह ने भी छोड़ी थी भाजपा

साल 2004 में बलरामपुर संसदीय सीट से भाजपा ने गोंडा के सांसद बृजभूषण शरण सिंह को मैदान में उतारा था। उन्होंने जीत भी हासिल की। लेकिन साल 2009 के चुनाव के पहले ही उन्होंने भाजपा छोड़कर सपा का दामन थाम लिया था। उस समय सपा ने कैसरगंज से उन्हें प्रत्याशी बनाया और वह जीते भी। लेकिन 2014 में उन्होंने फिर भाजपा में वापसी कर ली।

### नेताओं की चाल से पार्टियों ने भी बदली रणनीति

स्थानीय नेताओं की सियासी चालों के बाद पार्टियों ने भी अपनी रणनीति में बड़े बदलाव किए। अब टिकाऊ और जिताऊ पर जोर देने के लिए कई स्तर से परखा जा रहा है। यही कारण है कि श्रावस्ती संसदीय सीट से भाजपा ने जहां साकेत मिश्र पर विश्वास जताया है, वहीं सपा व बसपा लोगों को परखने में जुटी है। पार्टी के पदाधिकारियों से सलाह मशविरा के साथ ही समीकरण की पड़ताल कर रही है। इसके चलते अभी तक दोनों दलों की ओर प्रत्याशी तय नहीं किए गए हैं।

# डंपर बना आग का गोला: नेशनल हाईवे पर धू-धू कर जला वाहन

### चालक व खलासी ने कूदकर बचाई जान

**चंदौली, एजेंसी।** चंदौली के सदर कोतवाली क्षेत्र के जगदीशसराय गांव के समीप नेशनल हाईवे पर एक डंपर आग का गोला बन गया। इसके बाद चालक और खलासी ने कूदकर किसी पर अपनी जान बचाई। वहीं लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस व फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। संयोग अच्छा रहा की कोई बड़ी दुर्घटना नहीं हुई। वहीं आग लगने के दौरान करीब आधे घंटे तक हाइवे जाम रहा। आग पर काबू होने के बाद ही आवागमन शुरू हुआ।

मिर्जापुर के डगमगपुर से गिट्टी लादकर डंपर बिहार के डेहरी आन सोन जा रहा था। चालक को ब्रेक शू में कुछ दिक्कत महसूस हुई। इस पर उसने पीडीडीयू नगर में एक स्थान पर गड़बड़ी दूर कराई। इसके बाद आगे के लिए लिए रवाना हो गया। इस बीच डंपर जैसे ही सदर कोतवाली के जगदीश सराय पहुंचा तो टायर के पास धुआं उठता देख चालक डंपर किनारे खड़ा कर दिया। इसके बाद चालक और खलासी कूद गए। इसके बाद देखते ही देखते डंपर आग का गोला बन गया। यही नहीं लोग जब तक कुछ समझ पाते तब तक तेज धमाके के साथ आग विकराल रूप धारण कर लिया। वहीं देखते ही देखते ट्रक का पिछला हिस्सा आग की जद में आ गया। वहीं लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंचकर आग पर काबू करने में जुट गए। वहीं फायर टेंडर की मदद से आग पर काबू पाया। सदर कोतवाल गगनराज सिंह ने कहा कि आग पर काबू पा लिया गया है।



### एक करोड़ के नकली स्टाम्प के साथ मास्टरमाइंड गिरफ्तार, 84 साल का कमरुद्दीन 40 साल से कर रहा था धंधा

**गोरखपुर , एजेंसी।** पुलिस ने नकली स्टाम्प बनाने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 84 वर्षीय मोहम्मद कमरुद्दीन समेत सात शातिरों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक करोड़ 52 हजार 30 रुपये के नकली स्टाम्प के अलावा छपाई मशीन, यूपी व बिहार के गैर-न्यायिक स्टाम्प, एक लैपटॉप, सौ पैकेट इंक, पेपर कटर मशीन और सादे कागज बरामद हुए हैं।

पुलिस के मुताबिक, कमरुद्दीन ही गिरोह का मास्टरमाइंड है और बीते 40 साल से इस धंधे में लिप्त है। इसमें उसका नाती साहेबजादे भी लिप्त है। बिहार के सिवान में फर्जी स्टाम्प छापकर गोरखपुर, देवरिया, कुशीनगर, महराजगंज के अलावा यूपी के दूसरे हिस्सों में बेचे जा रहे थे। गिरोह में ऐसे वेंडर शामिल पाए गए, जो ट्रेजरी की ओर से स्टाम्प बेचने के लिए अधिकृत हैं। आरोपियों को शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। आरोपियों में कुशीनगर के रामलखन जायसवाल, ऐश मोहम्मद, रविंद्र दीक्षित, देवरिया के संतोष गुप्ता और नंदू उर्फ भी नंदलाल शामिल हैं।

**तीन महीने चली जांच :** एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने प्रेसवार्ता में बताया, गोरखपुर कोर्ट में इस्तेमाल नकली स्टाम्प का मामला सामने आने के बाद केस दर्ज किया था। एसआईटी की तीन महीने की जांच के आधार पर ये गिरफ्तारियां हुई हैं। कुशीनगर के एक वेंडर की गिरफ्तारी के बाद सिवान के कमरुद्दीन का नाम सामने आया था।



### यूपी का मौसम: प्रयागराज में दिन का पारा 41.2 डिग्री, बढ़ा न्यूनतम तापमान भी

**लखनऊ , एजेंसी।** दिन का पारा तीखी धूप के कारण लगातार बढ़ रहा है। प्रयागराज में शुक्रवार को तापमान 41.2 डिग्री सेल्सियस रहा। अधिकतम तापमान में तेजी बरकरार है। वहीं रात का तापमान भी सामान्य से अधिक बना हुआ है। प्रदेश में न्यूनतम तापमान 18.5 से 23.5 के बीच दर्ज हुआ है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, अधिकतम व न्यूनतम तापमान सामान्य से 5 डिग्री तक अधिक रहा।

# इंडिया गठबंधन: राहुल-अखिलेश की होगी संयुक्त रैली

### प्रियंका गांधी करेंगी रोड शो, दिग्गजों की होंगी सभाएं

**लखनऊ , एजेंसी।** प्रदेश में एक तरफ जहां एनडीए की ताबड़तोड़ सभाएं व रैली शुरू हो गई हैं वहीं इंडिया गठबंधन भी इसकी तैयारियों में तेजी से लगा हुआ है। इसके तहत पश्चिमी उत्तर प्रदेश में इंडिया गठबंधन की पहली रैली कराने की तैयारी है। अगले सप्ताह इसकी शुरुआत अमरोहा में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी व सपा प्रमुख अखिलेश यादव की संयुक्त सभा से की जाएगी।

इसके लिए 12 से 16 अप्रैल के बीच की तिथि प्रस्तावित की गयी है। प्रदेश में पहले व दूसरे चरण में पश्चिमी उत्तर प्रदेश की 16 सीटों पर मतदान होना है। इसमें कांग्रेस सहारनपुर, अमरोहा, बुलंदशहर, गाजियाबाद सीटों पर चुनाव लड़ रही है। इन सीटों पर प्रचार-प्रसार काफी जोरों पर है। इसे देखते हुए प्रदेश कांग्रेस की ओर से पार्टी के प्रमुख नेताओं व इंडिया गठबंधन की संयुक्त रैली का प्रस्ताव राष्ट्रीय नेतृत्व को भेजा गया है।

इसके तहत अमरोहा में राहुल गांधी व अखिलेश यादव की संयुक्त रैली कराने के साथ-साथ पहले दो चरण के लिए कई अन्य प्रमुख नेताओं की सभा का भी कार्यक्रम प्रस्तावित किया गया है। कांग्रेस वार रूम के संजय दीक्षित ने बताया कि इसी के साथ सहारनपुर में प्रियंका गांधी के रोड शो व राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, सचिन पायलट की सभाओं का कार्यक्रम मांगा गया है। उन्होंने बताया कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में सभा के लिए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे व कुछ अन्य नेताओं के लिए भी कार्यक्रम भेजा गया है। एक-दो दिन में इनकी सभाओं के कार्यक्रम फाइनल होने शुरू हो जाएंगे।



बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com/epaper



## संक्षिप्त समाचार

### इरोड में लॉरी और कार की टक्कर से भीषण सड़क हादसा, डॉक्टर दंपती की मौके पर मौत

**इरोड।** तमिलनाडु के इरोड में लॉरी और एक कार की टक्कर से भीषण हादसा हो गया। इस हादसे में एक डॉक्टर दंपती की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि यह हादसा ओराची कोट्टई हाइडल इलेक्ट्रिसिटी बैराज के पास हुई, जब दंपती अपने बेटे से मिलने के बाद मेट्टूर स्थित अपने घर लौट रहे थे। पुलिस ने आगे बताया कि इस हादसे में घायल दोनों पीड़ितों को यहां पास के भवानी सरकारी अस्पताल ले जाया गया। वहीं, अस्पताल ले जाते समय दोनों ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मृतकों की पहचान 75 साल के मडप्पन और उनकी 72 साल की पत्नी पद्मावती के रूप में की है। भवानी पुलिस दुर्घटना का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### तमिलनाडु को ड्रग्स से एनडीए सरकार ही दिला सकती है मुक्ति



**चेन्नई।** तमिलनाडु के युवा शराब और ड्रग्स के आदी होकर अपना जीवन बर्बाद कर रहे हैं। स्थिति यह है कि कक्षा नौ और दस के छात्र भी ड्रग्स ले रहे हैं। अमेरिका में मिलने वाले गांजा, हेरोइन और कोकेन जैसे सभी प्रकार के ड्रग्स तमिलनाडु में मिल रहे हैं। यह बात कहते हुए पट्टाली मक्कल काची (पीएमके) के अध्यक्ष और पूर्व केंद्रीय मंत्री अंबुमणि रामदास ने समस्या के लिए द्रमुक और अन्नाद्रमुक को दोषी ठहराया। उन्होंने कहा कि राज्य को केवल राजग सरकार की ड्रग्स की समस्या से मुक्ति दिला सकती है। लोकसभा चुनाव के लिए पीएमके ने राज्य में भाजपा के साथ गठबंधन किया है। पीएमके नेता रामदास ने आरोप लगाया कि द्रमुक और अन्नाद्रमुक ने 57 साल के शासन में राज्य को बर्बाद कर दिया। ड्रग्स राज्य की सबसे बड़ी समस्या है और सरकार ने इसके बारे में कुछ नहीं किया। कई बार मुद्दा उठाए जाने के बाद भी मुख्यमंत्री एमके स्टालिन को कोई चिंता नहीं है। यदि ऐसा ही चलता रहा तो आने वाले 10 साल में राज्य के विकास के लिए हमारे पास मानव संसाधन उपलब्ध नहीं होगा। लोग भ्रष्ट द्रमुक सरकार से तंग आ चुके हैं और वे सरकार से नाराज हैं। उन्होंने कहा,

### सीएम स्टालिन ने लोकसभा चुनाव को बताया देश का दूसरा स्वतंत्रता आंदोलन



**चेन्नई, एजेंसी।** भाजपा आरक्षण और सामाजिक न्याय के खिलाफ है। यदि भाजपा एक बार फिर केंद्र की सत्ता में आई तो आरक्षण खत्म कर देगी। भाजपा सामाजिक न्याय को दफना देगी और हमारे लोगों को 100 साल पीछे ले जाएगी। यह आरोप तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने लगाए। वह शुक्रवार को विक्रवंडी में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने चुनाव प्रचार के दौरान लोकसभा चुनाव को देश का दूसरा स्वतंत्रता आंदोलन करार देते हुए कहा कि इस समय देश बहुत बड़े खतरे का सामना कर रहा है। पिछड़ा और अति पिछड़ा वर्ग (एमबीसी), अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अल्पसंख्यकों के आरक्षण पर खतरा है। उन्होंने कहा कि भाजपा आरक्षण के खिलाफ है और यही कारण है कि केंद्र सरकार में पिछड़े वर्ग के तीन प्रतिशत सचिव भी नहीं हैं। केंद्र सरकार द्वारा प्रशासित उच्च शिक्षण संस्थानों में ओबीसी, एससी और एसटी से संबंधित उम्मीदवारों को आरक्षण के माध्यम से प्रोफेसर और सहायक प्रोफेसर जैसे पदों पर नहीं चुना जाता है। यह पिछड़े समाज के साथ अन्याय है।

# जेवर से गाजियाबाद तक बनेंगे नमो भारत और मेट्रो ट्रेन के 22 स्टेशन

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
एनसीआर में रहने वालों के लिए राहत की खबर है। नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट जेवर से गाजियाबाद तक के लिए नमो भारत और मेट्रो को जोड़ने के लिए 22 स्टेशन बनेंगे। भविष्य में इसे 35 स्टेशन तक बढ़ाया जा सकेगा। पहले 25 स्टेशन बनाने की तैयारी थी। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) ने परियोजना की डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार कर यमुना प्राधिकरण को सौंप दी है। एयरपोर्ट से गाजियाबाद तक 72.2 किलोमीटर तक एलिवेटेड ट्रैक बनाया जाएगा। एक ही ट्रैक पर मेट्रो और नमो भारत दोनों दौड़ेगी।

यमुना प्राधिकरण के एक अधिकारी ने बताया कि नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट की बेहतर कनेक्टिविटी के लिए गाजियाबाद के सिद्धार्थनगर से वाया ग्रेनो वेस्ट, एल्फा-1 व जेवर एयरपोर्ट तक नमो भारत (रैपिड रेल) रूट का डीपीआर तैयार कर लिया गया है। परियोजना की



डीपीआर और फिजीबिलिटी रिपोर्ट में 4.58 करोड़ रुपये का खर्च आया है। अहम बात यह भी है कि जेवर एयरपोर्ट से इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट और यमुना सिटी में बनने वाली फिल्म सिटी की सीधी कनेक्टिविटी होगी। गाजियाबाद से ग्रेटर नोएडा वेस्ट, एल्फा-1 और यीडा सिटी से जेवर एयरपोर्ट तक रैपिड रेल का रूट अब फाइनल कर लिया गया है। नमो भारत और मेट्रो में छह बोगी होंगी। गाजियाबाद आरआरटीसी से वाया ग्रेटर नोएडा वेस्ट होते हुए जेवर एयरपोर्ट तक चलने वाली नमो भारत का निर्माण कार्य पूरा होने का लक्ष्य वर्ष 2031 रखा गया है।

पहले चरण में गाजियाबाद के सिद्धार्थ विहार से ग्रेटर नोएडा ईकोटेक-6 तक 39.39 किलोमीटर का ट्रैक तैयार किया जाएगा। इस ट्रैक पर 18 स्टेशन बनेंगे, जिनमें से सात नमो भारत और 11 मेट्रो के होंगे। यह रूट गाजियाबाद आरआरटीएस स्टेशन से जुड़ेगा। इसे विश्वकर्मा रोड (सिद्धार्थ विहार/प्रताप विहार), ताज हाईवे, ग्रेटर नोएडा वेस्ट की चार मूर्ति चौक, ग्रेटर नोएडा लिंक रोड नॉलेज पार्क-5 से घुमाकर सुरजपुर कासना से परी चौक से ले जाकर ईकोटेक-6 पर खत्म किया जाएगा।

नोएडा एयरपोर्ट से गाजियाबाद तक 72.2 किलोमीटर तक एलिवेटेड ट्रैक बनाया जाएगा। एक ही ट्रैक पर मेट्रो और नमो भारत दोनों दौड़ेंगी। नमो भारत ट्रेन 80 किलोमीटर से 114 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ेगी। मेट्रो की गति 46 किलोमीटर प्रति घंटे रहेगी। उम्मीद जताई गई है कि वर्ष 2031 तक इस रूट पर 3.09 लाख यात्री होंगे।

परियोजना के मूर्तरूप लेने पर न सिर्फ नोएडा एयरपोर्ट बल्कि ग्रेटर नोएडा वेस्ट व ग्रेटर नोएडा के निवासियों को काफी लाभ होगा। ग्रेटर नोएडा वेस्ट के लिए यह परियोजना तो लाइफ लाइन साबित होगी। दरअसल अभी ग्रेनो वेस्ट व ग्रेटर नोएडा से गाजियाबाद पहुंचना आसान नहीं है। लोगों को ग्रेनो वेस्ट में प्रतिदिन जाम से जूझना पड़ता है। एनसीआरटीसी ने यमुना सिटी के सेक्टर-21 में विकसित होने वाली फिल्म सिटी की जेवर एयरपोर्ट से सीधी कनेक्टिविटी के लिए भी खाका तैयार किया है। इसके लिए फिल्म सिटी से जेवर एयरपोर्ट तक एलआरटी चलाई जाएगी। इसके लिए 14.6 किमी का अलग ट्रैक तैयार किया जाएगा। वहीं, इंदिरा गांधी एयरपोर्ट से जेवर एयरपोर्ट के लिए भी नमो भारत चलाई जाएगी।

दूसरे चरण में ईकोटेक-6 से जेवर एयरपोर्ट तक सिर्फ चार स्टेशन बनेंगे।

## गवाहों को पट्टी पढ़ाया जाना चिंताजनक, सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु के डीजीपी से दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा



**नईदिल्ली, एजेंसी।**
सुप्रीम कोर्ट ने थाने के अंदर आपराधिक मामले में गवाहों को पट्टी पढ़ाए जाने को चिंताजनक करार दिया है। मामले में तमिलनाडु के डीजीपी से दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए गए हैं।

जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस पंकज मित्तल की पीठ ने कहा कि यह चिंताजनक है कि ट्रायल कोर्ट और हाई कोर्ट दोनों ने मामले में गवाहों को पाठ पढ़ाए जाने के महत्वपूर्ण पहलू को नजरअंदाज कर दिया है। पीठ ने एक आदेश में कहा कि उनके सुबूतों को खारिज करना होगा, क्योंकि इस बात की स्पष्ट संभावना है कि उक्त गवाहों को पहले दिन पुलिस द्वारा सिखाया गया था। न्यायिक प्रक्रिया में पुलिस द्वारा इस तरह का हस्तक्षेप चिंताजनक है। कोर्ट ने सख्त लहजें में कहा कि पुलिस को अभियोजन पक्ष के गवाहों को पाठ पढ़ाने की अनुमति नहीं दी जा सकती, क्योंकि यह पुलिस मशीनरी द्वारा शक्ति का घोर दुरुपयोग है। पीठ ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा अपीलकर्ताओं को जमानत दिए जाने से पहले वे 10 साल से अधिक समय तक जेल में रह चुके थे। दो आरोपितों मणिकंदन और शिवकुमार पर आरोप था कि उन्होंने चार अक्तूबर, 2007 को बालामुरुगन की हत्या कर दी थी।

## चूहे को जलाकर मारने वाले डीटीयू के 2 छात्र सस्पेंड, जुर्माना भी ठोका; साइको एनालिसिस टेस्ट कराने के आदेश

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (डीटीयू) के दो छात्रों को एक चूहे को डिब्बे में फंसाकर और निर्दयतापूर्ण जलाकर मारना महंगा पड़ गया। डीटीयू ने आरोपी दोनों छात्रों को दो सप्ताह के लिए क्लास सस्पेंड कर दिया है। साथ ही, दोनों छात्रों को हमेशा के लिए हॉस्टल से बाहर निकालकर उन पर 10-10 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया गया है। आरोपियों ने खुद ही इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया था। इस मामले में दोनों छात्रों पर जनवरी 2024 में केस दर्ज होने के बाद पीपुल फॉर द एथिकल ट्रीटमेंट ऑफ एनिमल्स (पेटा) इंडिया ने दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. प्रतीक शर्मा से मुलाकात कर शिकायत की थी।

पेटा ने इस मुलाकात के दौरान डीटीयू के कुलपति से अनुरोध किया था कि आरोपी दोनों छात्रों के खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए। इसके बाद डीटीयू ने एक आधिकारिक आदेश जारी कर दोनों छात्रों को दो सप्ताह के लिए क्लास से सस्पेंड कर दिया। इन्हें अपनी डिग्री खत्म करने तक प्रोबेशन पर डाल दिया गया है। इनको भविष्य में इस प्रकार के कृत्यों में शामिल न होने की शपथ भी लेनी होगी। इसके अलावा इनके माता-पिता को दोनों छात्रों का इनका साइको एनालिसिस टेस्ट कराने और एक महीने के भीतर रिपोर्ट विश्वविद्यालय में जमा कराने के निर्देश दिए गए हैं। पेटा इंडिया की क्रूएल्टी रिस्पॉन्स कोऑर्डिनेटर सुनयना बसु ने बताया कि जो लोग जानवरों के साथ दुर्व्यवहार करते हैं, वे मनुष्यों को भी नुकसान पहुंचा सकते हैं।

## रामेश्वरम कैफे में आईईडी ब्लास्ट को अंजाम देने वाले आरोपी की हुई पहचान

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे में ब्लास्ट के आरोपी और सह-साजिशकर्ता की पहचान हो गई है। बता दें कि राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण ने ब्लास्ट को अंजाम देने वाले की पहचान मुसाविर हुसैन शाजिब और सह-साजिशकर्ता अब्दुल मथीन ताहा के रूप में की।

बेंगलुरु के आईटीपीएल रोड पर स्थित रामेश्वरम कैफे में एक मार्च को ब्लास्ट हुआ था। इस मामले को लेकर एनआईए की जांच चल रही है। एनआईए ने रामेश्वर कैफे में ब्लास्ट करने वाले दोनों आरोपियों की पहचान कर ली है, जो शिवमोगा जिले के तीर्थहल्ली के निवासी हैं।

समाचार एजेंसी एएनआई ने एनआईए के हवाले से बताया कि रामेश्वरम कैफे में आईईडी विस्फोट को अंजाम देने वाले आरोपी व्यक्ति की पहचान मुसाविर हुसैन शाजिब और सह-साजिशकर्ता अब्दुल मथीन ताहा के रूप में की है, जो शिवमोगा जिले के तीर्थहल्ली के रहने वाले हैं।

# जहरीले खेल का आरोपी है एल्विश यादव, नोएडा पुलिस ने 1200 पेज की फाइल की चार्जशीट

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
रेव पार्टी आयोजित करने और उसमें सांपों का जहर सप्लाई करने के मामले में यूट्यूबर एल्विश यादव समेत आठ आरोपियों के खिलाफ नोएडा पुलिस ने न्यायालय में 1200 पन्नों की चार्जशीट शुक्रवार दाखिल कर दी। इसमें 24 गवाहों के बयान नत्थी किए गए हैं। पीपुल्स फॉर एनिमल संस्था के पदाधिकारी ने बीते साल एल्विश यादव और उसके साथियों पर सांपों के जहर का इस्तेमाल करने का आरोप लगाते हुए सेक्टर-49 थाने में केस दर्ज कराया था।

संस्था के सदस्य ने एक स्टिंग किया था। इसमें कोबरा समेत नौ सांप और 20 एमएल सांपों का जहर पांच सपेरों के पास मिला। सभी को जेल भेज दिया गया। संस्था के पदाधिकारी का एक ऑडियो इसके बाद वायरल हुआ, जिसमें मुख्य आरोपी राहुल संस्था के पदाधिकारी से बात कर रहा है। इसमें राहुल यह कह रहा है कि



वह एल्विश की ओर से आयोजित होने वाली पार्टियों में शामिल हो चुका है।

राहुल पार्टियों में अपने अन्य सपेरे दोस्तों के साथ गया था। हालांकि, बाद में सभी को जमानत मिल गई। इसके बाद एल्विश को दबोचने के लिए पुलिस ने ऑपरेशन चक्रव्यूह तैयार किया। पूछताछ के बाद उसे नोएडा से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। वह पांच दिन तक जेल में रहा। हालांकि होली के पहले उसे इस मामले में जमानत मिल गई। पुलिस ने चार्जशीट में एल्विश के ऊपर लगे सभी आरोपों का जिक्र किया है।

चार्जशीट में नोएडा पुलिस की ओर से बताया गया है कि एल्विश का जहरीले खेल में जेल भेजे गए सपेरों से संपर्क था। एल्विश के खिलाफ लगी एनडीपीएस की धाराओं का आधार भी पुलिस ने इसमें बताया है। एल्विश और उसके सहयोगियों पर लगे आरोपों की पुष्टि पुलिस ने चार्जशीट में की है। 155 दिन बाद दायर हुआ आरोपपत्र नोएडा पुलिस ने एल्विश यादव और उसके आठ साथियों के खिलाफ केस दर्ज होने के करीब 155 दिन बाद चार्जशीट दाखिल की है। उसके खिलाफ बीते साल तीन नवंबर को सेक्टर-49 थाने में केस दर्ज हुआ था। बीते माह 17 मार्च को 136 दिन नोएडा पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया था।

केस दर्ज होने वाले दिन सपेरे राहुल, टीटूनाथ, जयकरन,नारायण और रविनाथ गिरफ्तार हुआ था। मामले में कुल सात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज हुआ था। इसमें एल्विश के अलावा कई अज्ञात भी थे। एल्विश की गिरफ्तारी के बाद उसके दो करीबियों ईश्वर और विनय यादव को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया था। राहुल और उसके साथियों से सांप बरामद हुए थे।

# सीएए पर अगाथा संगमा का अहम बयान, कहा- मेघालय को छूट मिली थी, इसलिए किया समर्थन

**शिलांग , एजेंसी।**
नेशनल पीपुल्स पार्टी की नेता एवं मेघालय के तुरा से निवर्तमान सांसद अगाथा संगमा ने सीएए यानी नागरिकता संशोधन अधिनियम को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि मैंने सीएए को समर्थन दिया, क्योंकि मेघालय को इससे छूट दी गई थी। गौरतलब है कि सीएए पर उनके रुख के लिए उन्हें विपक्षी दलों की आलोचना का सामना करना पड़ा था। समाचार एजेंसी पीटीआई की रिपोर्ट के अनुसार उन्होंने अपने रुख को स्पष्ट करते हुए कहा कि अगर गारो हिल्स को सीएए में शामिल किया जाता तो वह विधेयक का समर्थन नहीं करतीं। वह कहती हैं कि सीएए मेघालय में लागू नहीं होता है, इसलिए चिंता का कोई कारण नहीं है। अगाथा संगमा ने बताया कि जब 2019 में सीएए का विधेयक संसद में पेश किया गया था, तब तत्कालीन सांसद और अब के मुख्यमंत्री कॉनराड संगमा के साथ-साथ अन्य सांसदों के सुझाव के आधार पर मेघालय और अन्य पूर्वोत्तर राज्यों को इसके प्रावधानों से छूट दी गई थी।






इससे पहले कॉनराड के संगमा ने भी स्पष्ट किया था कि सीएए मेघालय पर प्रभाव नहीं डालेगा, क्योंकि राज्य का केवल एक छोटा सा हिस्सा इसके दायरे से बाहर रखा गया है। 13 मार्च को जारी हुई थी अधिसूचना गौरतलब है कि केन्द्र सरकार की ओर से 13 मार्च को सीएए कानून की अधिसूचना जारी की गई थी, जिसके अनुसार 31 दिसंबर 2014 से पहले पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से भारत में आए गैर-मुस्लिम प्रवासियों को भारत की राष्ट्रीयता प्रदान की जाएगी।

# आप के एक और नेता पर कसेगा शिकंजा, समन पर नहीं हुए पेश; कोर्ट पहुंची ईडी

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
आम आदमी पार्टी (आप) के एक और नेता पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का शिकंजा कसने वाला है। ईडी ने शुक्रवार को एक अमानतुल्ला खान के खिलाफ ट्रायल शुरू करने की मांग की है। एजेंसी का कहना है कि मनी लॉन्ड्रिंग मामले में भेजे गए समन का विधायक पालन नहीं कर रहे हैं। ईडी ने उन्हें दिल्ली वक्फ बोर्ड में कर्मचारियों की नियुक्ति और संपत्तियों को पट्टे पर देने के मामले में कथित अनियमितताओं को लेकर समन जारी किए हैं। ईडी के अनुसार, खान 23 जनवरी, 31 जनवरी, 9 फरवरी, 19 फरवरी, 26 फरवरी और 4 मार्च को पूछताछ के लिए जारी किए गए समन पर पेश नहीं हुए।

एडिशनल चीफ मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) दिव्या मल्होत्रा इस मामले पर 6 अप्रैल को सुनवाई करेंगी। एजेंसी ने भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 174 के साथ पढ़ी जाने वाली आपराधिक प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 190 और धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की धारा 63(4) के तहत आप विधायक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। कानून की यह धाराएं एजेंसी को समन जारी करने की शक्ति प्रदान करते हैं। सीआरपीसी की धारा 190 अदालत को उसके समक्ष दायर शिकायत पर संज्ञान लेने और



उस व्यक्ति को समन जारी करने का अधिकार देती है जिसके खिलाफ शिकायत दर्ज की गई है। वहीं पीएमएलए की धारा 63(4) में कहा गया है कि जो व्यक्ति जानबूझकर धारा 50 पीएमएलए के तहत एजेंसी द्वारा जारी समन को नजरअंदाज करता है, उस पर आईपीसी की धारा 174 के तहत मुकदमा चलाया जाएगा, जिसमें एक महीने तक की कैद या जुर्माना हो सकता है जो 500 रुपये तक बढ़ सकता है। उसे जुर्माना और कैद दोनों भी हो सकते हैं।

बता दें कि ईडी ने 2016 में दर्ज केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) केस के आधार पर जांच शुरू की, जिसमें खान पर दिल्ली वक्फ बोर्ड में गैर-स्वीकृत और गैर-मौजूद भर्तियां करने का आरोप लगा। कई लोगों को अवैध रूप से नियुक्त करने की वजह से दिल्ली सरकार को वित्तीय नुकसान हुआ।

# 1 जून से जयपुर एयरपोर्ट से ट्रैवल करना पड़ेगा महंगा

**जयपुर , एजेंसी।**
राजस्थान के जयपुर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर अडानी समूह आम यात्रियों पर बड़ा बोझ डालने की तैयारी में है। बताया जा रहा है कि 1 जून 2024 से यात्रियों पर लगने वाले यूजर डवलपमेंट फीस को दोगुना करने की तैयारी कर ली गई है। खास बात यह है कि एयरपोर्ट पर अराइवल यात्रियों से भी टैक्स वसूला जाएगा। एयरपोर्ट प्रशासन ने यात्रियों पर लगने वाले टैक्स को दोगुने से भी अधिक करने की तैयारी कर ली है। टैक्स यूडीएफ यानी यूजर डवलपमेंट फीस के रूप में वसूला जाएगा। अभी जयपुर एयरपोर्ट से उड़ान भरने वाले प्रत्येक यात्री से 465 रुपए यूडीएफ टैक्स लिया जाता है, लेकिन अब अडानी समूह के जयपुर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर इस राशि को बढ़ाकर 910 रुपए करने की तैयारी की जा रही है। यूडीएफ को करीब दोगुना किए जाने से हवाई यात्रियों के लिए मुश्किल बढ़ सकती है। बड़ी बात यह भी है कि केवल जयपुर से डिपार्चर




वाले यात्रियों पर यूडीएफ टैक्स ही नहीं बढ़ेगा, बल्कि अराइवल वाले यात्रियों से भी यूडीएफ वसूल किया जाएगा। देश में ज्यादातर एयरपोर्ट्स पर अराइवल यात्रियों से कोई टैक्स नहीं लिया जाता। इसके पीछे बड़ी वजह यह है कि अराइवल वाले यात्री एयरपोर्ट पर किन्हीं सुविधाओं का उपयोग नहीं करते। विमान से उतरकर यात्री सीधे बाहर निकल जाते हैं, लेकिन जयपुर एयरपोर्ट पर 1 जून से अराइवल यात्रियों से भी टैक्स वसूल किया जाएगा। हवाई किराए पर अभी कितना लगता है टैक्स एयरपोर्ट विकास के नाम पर 465 रुपए यूजर डवलपमेंट फीस। सीआईएसएफ सुरक्षा जांच के नाम पर 236 रुपए एविएशन सिक्योरिटी फीस। कॉमन यूज टर्मिनल इक्विपमेंट फीस 50 रुपए। रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम फीस 50 रुपए जयपुर से जाने वाले घरेलू यात्री के लिए 910 रुपए यूडीएफ। जयपुर से जाने वाले अंतरराष्ट्रीय यात्री के लिए यूडीएफ 1260 रुपए।

## स्कूल प्रबंधन के खिलाफ एफआईआर रद्द होगी या नहीं? मद्रास होई कोर्ट में सुनवाई

**चेन्नई , एजेंसी।**
तमिलनाडु में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 18 मार्च को एक रोड शो किया था। इस दौरान स्कूली बच्चों की मौजूदगी के संबंध में कोयंबटूर सिटी पुलिस ने स्कूल प्रबंधन के खिलाफ मामला दर्ज किया था। इसी मामले में मद्रास हाई कोर्ट ने गुरुवार को एक याचिका पर सुनवाई की। कोर्ट ने स्कूल प्रबंधन के खिलाफ पुलिस की किसी भी तरह की जबरन कार्रवाई को लेकर सुरक्षा बढ़ा दी।

न्यायमूर्ति जी जयचंद्रन ने गुरुवार को अपने अंतरिम आदेश में कहा कि 28 मार्च, 2024 को इस न्यायालय द्वारा पारित बलपूर्वक कार्रवाई न करने का सुरक्षात्मक आदेश अगले आदेश तक जारी रहेगा।

स्कूल की प्रधानाध्यापिका ने हाई कोर्ट में एक याचिका दाखिल कर एफआईआर रद्द करने की मांग की थी। ऐसे में कोर्ट ने सुनवाई करते हुए प्रश्नों की एक सूची पेश की और सवाल किया कि किशोर न्याय देखभाल और बच्चों की सुरक्षा अधिनियम की धारा 75 वर्तमान मामले में कैसे लागू होगी।

किशोर न्याय देखभाल और बच्चों की सुरक्षा अधिनियम की धारा 75 बच्चों पर हमला, दुर्व्यवहार या अनावश्यक मानसिक या शारीरिक पीड़ा पहुंचाने से जुड़ी हुई है। जिसके तहत तीन साल तक की सजा का प्रावधान है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 8 अप्रैल को तय की है।

## संक्षिप्त समाचार

### यूएई छोड़कर पाकिस्तान वापसी करने वाले उस्मान पर लगा बैन

**एमिरेट्स क्रिकेट बोर्ड के किसी भी टूर्नामेंट में पांच साल नहीं ले सकेंगे हिस्सा**



**नईदिल्ली, एजेंसी।** यूनाइटेड अरब एमिरेट्स छोड़कर वापस पाकिस्तान आने वाले बल्लेबाज उस्मान खान पर एमिरेट्स क्रिकेट बोर्ड ने पांच साल का बैन लगा दिया है। उस्मान 2029 तक यूएई में होने वाले ईसीबी के किसी भी टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। इसमें आईएलटी 20 और अबु धाबी टी10 दो बड़े टूर्नामेंट भी शामिल हैं। ईसीबी ने उस्मान पर अपने दायित्वों का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है। बोर्ड ने अपने बयान में बताया है कि बोर्ड के प्रति अपनी जिम्मेदारियों के खिलाफ जाने के कारण उस्मान पर यह बैन लगाया गया है। उस्मान का जन्म कराची में हुआ था, लेकिन उन्होंने यूएई के घरेलू खिलाड़ी के तौर पर आईएलटी 20 और अबु धाबी टी10 में हिस्सा लिया था। अब जब उन्हें पाकिस्तान टीम के साथ ट्रेनिंग कैंप में बुलाया गया तो उन्होंने इसे स्वीकार कर लिया।

**बोर्ड ने कहा- उस्मान ने ईसीबी को गलतफहमी में रखा**

बोर्ड ने बयान में कहा, उस्मान ने यूएई की तरफ से खेलने के अपने फैसले को लेकर ईसीबी को गलतफहमी में रखा। इसके अलावा बोर्ड की तरफ से दिए गए साधनों का इस्तेमाल नए मौके तलाश करने के लिए किया। अब साफ हो चुका है कि वह श्व के लिए नहीं खेलना चाहते हैं और उन्हें पात्रता के लिए जो चीजें पूरी करनी थी वह भी नहीं करने वाले हैं।

**उस्मान पीएसएल -2024 के दूसरे टॉप स्कोरर**

उन्होंने यूएई के घरेलू खिलाड़ी के तौर पर आईएलटी 20 और अबु धाबी टी10 में हिस्सा लिया था। हाल ही में उन्होंने पाकिस्तान सुपर लीग में भी विदेशी खिलाड़ी के रूप में रजिस्ट्रेशन कराया था। पीएसएल में मुल्तान सुल्तांस के लिए सात मैच खेलने वाले उस्मान दूसरे टॉप स्कोरर रहे। उन्होंने इस दौरान दो शतक भी लगाए। उन्होंने ने कुछ वक्त पहले क्रिकइंफो के साथ इंटरव्यू में पाकिस्तान के लिए खेलने की इच्छा जताई थी। अब जब उन्हें पूरी टीम के साथ ट्रेनिंग कैंप में बुलाया गया तो उन्होंने इसे स्वीकार कर लिया है।

### प्रगनानंदा ने फिरोजा के साथ खेला ड्रॉ

**भारत की आर वैशाली भी नहीं रहीं पीछे**



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आर प्रगनानंदा ने कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के पहले दौर में फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा को ड्रॉ पर रोक दिया। वहीं डी गुकेश ने विदित गुजराती के साथ ड्रॉ खेला। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रगनानंदा ने कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के पहले दौर में फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा को ड्रॉ पर रोक दिया। वहीं डी गुकेश ने विदित गुजराती के साथ ड्रॉ खेला।

पुरुष वर्ग में पहले दिन चारों मुकाबले ड्रॉ रहे। वहीं, भारत की आर वैशाली ने हमवतन कोनेरू हंपी के खिलाफ ड्रॉ खेला। रूस की अलेक्जेंड्रा गोरियाशिकना और कैटरीना लागनो के बीच मुकाबला ड्रॉ रहा। चीन की तिंगजी ली को हमवतन झोंगई टान से हार मिली। उधर, बुल्गारिया की नूरगुल सलीमोवा ने अन्ना मुजिचुक को ड्रॉ पर रोका। पुरुष वर्ग में, फेबियानो कारूआना और हिकारू नकामूरा का मुकाबला ड्रॉ रहा जबकि अजरबेजान के निजात अबासोव ने रूस के इयान नेपोमनियाश्ची को ड्रॉ पर रोका।



वीरेंद्र सहवाग की भविष्यवाणी

# टी20 वर्ल्ड कप स्क्वॉड में शिवम दुबे बनेंगे

## सूर्यकुमार यादव और ऋषभ पंत के लिए खतरा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्व भारतीय विस्फोटक सलामी बल्लेबाज और मौजूदा एक्सपर्ट वीरेंद्र सहवाग का मानना है कि 1 जून से शुरू होने वाले टी20 वर्ल्डकप 2024 के लिए भारतीय स्क्वॉड में शिवम दुबे सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, केएल राहुल और श्रेयस अय्यर जैसे खिलाड़ियों के लिए खतरा बन सकते हैं। दुबे की जब से चेन्नई सुपर किंग्स की टीम में एंट्री हुई है तब से वह धमाल मचा रहे हैं। स्पिनर्स के खिलाफ बड़े-बड़े शॉट लगाना उनकी ताकत है।

आईपीएल 2024 में भी बाएं हाथ का यह बल्लेबाज खतरनाक फॉर्म में दिखाई दे रहा है। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मुकाबले में भी जब सीएसके के सभी खिलाड़ी संघर्ष करते हुए नजर आ रहे थे, तब दुबे ने 24 गेंदों पर 2 चौकों और 4 गगनचुंबी छक्कों की मदद से 45 रनों की धुआंधार पारी खेली।

शिवम दुबे के बारे में बात करते हुए वीरेंद्र सहवाग ने क्रिकबज से कहा, वह (दुबे) जिस तरह की फॉर्म में हैं, टी20 वर्ल्ड कप के लिए उनका टिकट पक्का होना चाहिए। उन्होंने कई खिलाड़ियों को दबाव में डाला है, चाहे वह श्रेयस अय्यर हों, केएल राहुल हों, सूर्यकुमार यादव हों या मध्यक्रम के अन्य बल्लेबाज हों। यहां तक कि ऋषभपंत भी। दूसरों को अगर टी20 वर्ल्ड कप टीम में जगह बनानी है तो अब लगातार अच्छा प्रदर्शन करना होगा, और यही आगे का रास्ता होना चाहिए।

सहवाग ने अंत में चयनकर्ताओं से गुजारिश की कि टी20 वर्ल्ड कप स्क्वॉड में उन्हीं खिलाड़ियों को चुनें जो फॉर्म में हो। वहीं पूर्व हरफनमौला युवराज सिंह का भी यही मानना है। उनका कहना है कि टी20 वर्ल्ड कप में शिवम दुबे भारत के लिए गेम चेंजर साबित हो सकते हैं। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, शिवम दुबे को फील्ड को आसानी से भेदते हुए देखकर अच्छा लगा। मुझे लगता है कि उसे टी20 विश्व कप स्क्वॉड में होना चाहिए। उसके पास गेम चेंजर बनने के लिए स्किल है।



## जब धोनी बल्लेबाजी करने के लिए उतरे तो शोर उतना ही तेज था जितना मैंने कभी सुना था: पैट कमिंस

**हैदराबाद , एजेंसी।** सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के कप्तान पैट कमिंस शुक्रवार को चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की पारी के 20वें ओवर में महेंद्र सिंह धोनी के बल्लेबाजी करने के लिए आने पर खचाखच भरे राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में धोनी की जय-जयकार सुनकर दंग रह गए। । कमिंस ने मैच के बाद प्रेजेंटेशन समारोह में कहा, आज रात भीड़ पागल थी। जब एमएस बल्लेबाजी के लिए बाहर आये , तो शोर उतना ही जोर से था जितना मैंने कभी सुना है, लेकिन हां हमें यहां खेलना पसंद है और हमने इसे दो से दो जीत कर दिया है। हालाँकि, धोनी ने दो गेंदों पर सिर्फ एक रन बनाया, लेकिन यह उन दर्शकों के लिए खुशी का क्षण था जो उन्हें बल्लेबाजी करते देखने आए थे। कमिंस ने सीएसके के खिलाफ एसआरएच की छह विकेट की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी क्योंकि उन्होंने शिवम दुबे का कीमती विकेट लिया था, जिन्होंने 24 गेंदों में 45 रन बनाए थे।

टी20 वर्ल्ड कप से पहले जूझ रहे बड़े सितारे

## 5 खिलाड़ी जिनका आईपीएल फॉर्म टीम इंडिया के लिए चिंता



**नईदिल्ली, एजेंसी।** टी20 वर्ल्ड कप 2024 का आयोजन जून में होना है। उससे ठीक पहले आईपीएल खेली जा रही है। 22 मार्च को लीग की शुरुआत हुई थी। इस महीने के अंत में टी20 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम का ऐलान होना है। लेकिन इससे पहले भारतीय टीम के कई स्टार खिलाड़ी फॉर्म से जूझ रहे हैं। 2007 में हुए पहले टूर्नामेंट के बाद से भारत ने वर्ल्ड कप नहीं जीता है। ऐसे में इन स्टार खिलाड़ियों की फॉर्म भारत के लिए चिंता है।

### जितेश शर्मा

पंजाब किंग्स के विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश शर्मा टी20 वर्ल्ड कप के दावेदार हैं। 4 मैच में जितेश ने 15 की औसत और 126 की स्ट्राइक रेट से 58 रन बनाए हैं। ऋषभ पंत भी फिट हो चुके हैं। उनके बैट से रन भी निकल रहे हैं। अगर जितेश की यही स्थिति रही तो पंत को वर्ल्ड कप का टिकट मिल सकता है।

### यशस्वी जायसवाल

इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में कमाल करने वाले यशस्वी जायसवाल के बल्ले से आईपीएल 2024 में रन नहीं निकला है। 3 मैच में यशस्वी ने 13 की औसत से 39 रन बनाए हैं। उनकी सबसे बड़ी पारी 24 रनों की रही है। वह वर्ल्ड कप के दौरान भारत के लिए रोहित शर्मा के साथ सलामी बल्लेबाजी कर सकते हैं।

### मोहम्मद सिराज

मोहम्मद सिराज वर्ल्ड कप के दौरान जसप्रीत बुमराह के साथ नई गेंद संभाल सकते हैं। लेकिन सिराज की आईपीएल 2024 में बुरी स्थिति है। 4 मैच में वह सिर्फ तीन विकेट ले पाए हैं। इस दौरान उन्होंने 10 से ज्यादा की इकोनॉमी से रन खर्च किए हैं।

### रविंद्र जडेजा

रविंद्र जडेजा के बल्ले से न तो रन निकल रहे हैं और न ही उन्हें विकेट मिल रहा। 4 मैच में जडेजा सिर्फ एक ही बल्लेबाज को आउट कर पाए हैं। बल्लेबाजी में भी वह फिनिशर की भूमिका नहीं निभा पा रहे। आईपीएल 2024 में 60 गेंदों का सामना करने के बाद रविंद्र जडेजा सिर्फ एक ही छक्का मार पाए हैं।

### हार्दिक पंड्या

हार्दिक पंड्या वर्ल्ड कप 2024 के दौरान चोटिल हुए थे। कई महीनों तक मैदान से बाहर रहने के बाद उन्होंने डीवाई पाटिल टी20 टूर्नामेंट में हिस्सा लिया। आईपीएल के इस सीजन में वह कुछ खास नहीं कर पाए हैं। फैंस की हूटिंग का सामना कर रहे हार्दिक ने 3 मैच में 69 रन बनाए हैं। गेंदबाजी में करीब 11 की इकोनॉमी से रन देकरक एक विकेट लिया है।

# अभिषेक शर्मा ने तोड़ा क्रिस गेल का रिकॉर्ड



**हैदराबाद, एजेंसी।** आईपीएल 2024 के 18वें मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद ने गतविजेता चेन्नई सुपर किंग्स को एकतरफा 6 विकेट से मात देने के साथ इस सीजन अपनी दूसरी जीत दर्ज की। हैदराबाद को इस मुकाबले में 166 रनों का टारगेट मिला था, जिसका पीछा करने जब टीम उतरी तो 23 साल के अभिषेक शर्मा ने सिर्फ 12 गेंदों में 37 रनों की पारी खेलने के साथ मुकाबले को पूरी तरह से एकतरफा करने का काम किया। अभिषेक की पारी के दम पर सनराइजर्स हैदराबाद ने इस टारगेट को सिर्फ 18.1 ओवरों में 4 विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। अभिषेक ने अपनी पारी के दम पर आईपीएल के इतिहास का एक रिकॉर्ड भी तोड़ दिया जो इससे पहले क्रिस गेल और सुनील नरेन के नाम पर था।

### आईपीएल में किसी पारी के दूसरे ओवर में बनाए सबसे ज्यादा रन

सनराइजर्स हैदराबाद की टीम जब चेन्नई सुपर किंग्स के टारगेट का पीछा करने उतरी तो पारी का दूसरा ओवर करने आए मुकेश चौधरी के खिलाफ अभिषेक शर्मा ने आक्रामक रुख अपनाते हुए 3 छक्के और 2 चौके लगाने के साथ कुल 26 रन बटोर लिए। इसी के साथ वह आईपीएल इतिहास में किसी मैच में पारी के दूसरे ओवर में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए। इससे पहले ये रिकॉर्ड सुनील नरेन और क्रिस गेल के नाम पर था, दोनों ही खिलाड़ियों ने 24-24 रन बनाए थे। अभिषेक का फॉर्म इस सीजन अब तक काफी शानदार देखने को मिला है, जिसमें ऑरेंज कैप की रेस में 161 रनों के साथ पांचवें नंबर पर पहुंच गए हैं, जिसमें उन्होंने 217.57 के स्ट्राइक रेट के साथ रन बनाए हैं।

### आईपीएल के दूसरे ओवर में एक मैच में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज

अभिषेक शर्मा - 26 रन (मुकेश चौधरी, साल 2024)
सुनील नरेन - 24 रन (वरुण चक्रवर्ती, साल 2019)
क्रिस गेल - 24 रन (भुवनेश्वर कुमार, साल 2015)
क्रिस गेल - 24 रन (मनप्रीत गोनी, साल 2012)

### युवराज सिंह और ब्रायन लारा का दिया धन्यवाद

अपनी छोटी लेकिन धमाकेदार पारी के दम पर अभिषेक शर्मा ने इस मुकाबले में प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड अपने नाम किया। वहीं उन्होंने इस दौरान कहा कि गेंदबाजी के समय हमें ये एहसास हो गया था कि ये विकेट थोड़ा धीमा है। ऐसे में हमें ये पता लग गया था कि पावरप्ले में तेजी से रन बनाने होंगे क्योंकि गेंद पुरानी होने के बाद पिच से और धीमा आएगी। हमने इस सीजन के शुरू होने से पहले काफी बेहतर तैयारी की थी। बड़ा स्कोर जरूर मायने रखता है लेकिन मैं अपनी लय को बरकरार रखना चाहता था। मैं अपने पिता के अलावा युवराज सिंह और ब्रायन लारा का खासतौर पर धन्यवाद देना चाहता हूं।

जर्मन ओपन

### क्वार्टर फ़ाइनल में यो एनजी ने सेंथिलकुमार को हराया



**हैम्बर्ग, एजेंसी।** राष्ट्रीय स्क्वैश चैंपियन वेलावन सेंथिलकुमार 50,000 अमेरिकी डॉलर की पीएसए विश्व टूर कांस्य प्रतियोगिता जर्मन ओपन के पुरुष क्वार्टर फाइनल में चौथी वरीयता प्राप्त मलेशिया के इयान यो एनजी से शुक्रवार को 7-11, 6-11, 4-11 से हार गए। यो एनजी ने विश्व के 59वें नंबर के भारतीय खिलाड़ी की आधिकारिक पीएसए वेबसाइट से कहा , यह (हमारे बीच) हमेशा करीबी मामला रहा है। किसी न किसी कारण से, हर बार वह कुछ खिलाड़ियों को मेरे पास आने तक अपसेट करता है। दुनिया के 22वें नंबर के मलेशियाई खिलाड़ी ने कहा, ÷यह हर बार कठिन होता जा रहा है, लेकिन मैं अपनी ताकत भी जानता हूं, मुझे पता है कि मैं वहां टिक सकता हूं, बड़े अंकों को बेहतर ढंग से खेल सकता हूं, और मुझे लगता है कि यह पहले और दूसरे गेम में दिखा।

शाहीन अफरीदी ने दी चेतावनी !

## मेरे सब्र का इम्तिहान मत लो, वरना...

**लाहौर, एजेंसी।** शाहीन अफरीदी को हाल ही में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने कप्तानी से हटा दिया. शाहीन टी20 टीम के कप्तान थे, जिन्हें बाबर आज़म के बाद कमान सौंपी गई थी. लेकिन अब, शाहीन को हटाकर एक बार फिर बाबर को कप्तान बना दिया गया है. बाबर को दोबारा पाकिस्तान का व्हाइट बॉल कप्तान नियुक्त किया गया है. अब कप्तानी से हटाए जाने के बाद शाहीन अफरीदी ने चुप्पी तोड़ते हुए कहा कि मेरे सब्र का इम्तिहान मत लो.



बता दें कि पाकिस्तान ने भारत की सरज़मीं पर खेले गए वनडे वर्ल्ड कप 2023 काफी खराब प्रदर्शन किया था, जिसके बाद बाबर आज़म ने तीनों फॉर्मेट की कप्तानी से इस्तीफा दे दिया था. बाबर के बाद शाहीन को टी20 और शान मसूद को टेस्ट का कप्तान बनाया गया था.

लेकिन बाबर के कप्तान बने शाहीन को बतौर कप्तान पहली ही सीरीज़ में बुरी तरह हार का सामना करना पड़ा था. अब कप्तानी छिनने के बाद शाहीन ने चुप्पी तोड़ते हुए चेतावनी दे डाली. दरअसल शाहीन ने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी शेयर की, जिसमें एक कोट है. शाहीन का यह कोट किसी चेतावनी से कम नहीं लग रहा है.

उस कोट में कहा गया, मुझे कभी ऐसी स्थिति में न डालें कि जहां मुझे आपको दिखाना पड़ जाए कि मैं कितना क्रूर और बेरहम हो सकता हूं. मेरे सब्र का इम्तिहान मत लो क्योंकि अब तक मैं आपके लिए सबसे प्यारा और दयालु शख्स रहा हूं लेकिन जब हद पार हो जाती है तो आप मुझे ऐसी चीज़ें करते हुए देखेंगे जिसकी किसी को मुझे उम्मीद भी नहीं होगी.

शाहीन की कप्तानी में 4-1 से सीरीज़ हारी थी पाकिस्तान .

# शेफील्ड पर जीत से लिवरपूल फिर शीर्ष पर, जीत पाने के लिए करना पड़ा संघर्ष



**प्रीमियर लीग**

**लंदन, एजेंसी।** लिवरपूल ने अंतिम स्थान पर चल रहे शेफील्ड यूनाइटेड को 3-1 से हराकर इंग्लिश प्रीमियर लीग में एक बार फिर शीर्ष स्थान पर जगह बना ली है। स्कोर लाइन जरूर लिवरपूल के पक्ष में 3-1 से रही, लेकिन उसे जीत के लिए कड़ा संघर्ष करना पड़ा।

76 मिनट तक मुकाबला 1-1 की बराबरी पर थी। अर्जेंटीना के एलेक्सिस मैकएलिस्टर ने 76वें मिनट में गोल कर लिवरपूल को बढ़त दिलाई। कोडी गाक्पो ने 90वें मिनट में तीसरा गोल किया। इस जीत के साथ लिवरपूल के 30 मैचों में 70 अंक हो गए हैं। 68 अंकों के साथ आर्सेनल दूसरे और 67 अंकों के साथ गत विजेता मैनचेस्टर सिटी तीसरे स्थान पर है।

### ब्रैडली ने किया आत्मघाती गोल

खेल के 17वें मिनट में डार्विन नुनेज ने लिवरपूल को बढ़त दिलाई, लेकिन 58वें मिनट में कोनर ब्रैडली ने अपनी ही टीम पर आत्मघाती गोल कर स्कोर 1-1 कर दिया। इसके बाद मुकाबला काफी रोचक हो गया। हालांकि मैकएलिस्टर ने बेहतरीन गोल कर लिवरपूल को बढ़त दिला दी।

लिवरपूल के कोच जुर्गेन क्लॉप ने कहा कि हमें काफी गहराई तक जाना पड़ा, लेकिन यह सामान्य बात है। हमारा रवैया अच्छा था, लेकिन हमने कई मौकों पर अच्छी फुटबाल नहीं खेली। रविवार को लिवरपूल का मैनचेस्टर यूनाइटेड के साथ कठिन मुकाबला होगा।

### अंतिम क्षणों में दो गोल खाकर यूनाइटेड हारा

मैनचेस्टर यूनाइटेड को चेल्सी के हाथों 3-4 से अविश्वसनीय हार का सामना करना पड़ा। कोले पामर की हैट्रिक की बदौलत चेल्सी को जीत मिली। पामर ने स्टापेज समय में एक मिनट के अंतराल में दो गोल कर यूनाइटेड के डच मैनेजर एरिक टेन हेग की मुश्किलें बढ़ा दीं। ब्रेंटफोर्ड के खिलाफ पिछले मुकाबले में भी यूनाइटेड ने अंतिम क्षणों में गोल खाया था। यह मुकाबला 1-1 की बराबरी पर रहा। टेन हैग ने कहा कि दो मैचों में पांच अंक गंवाना स्वीकार नहीं किया जा सकता है। कोनोर गालेघर (4) और पामर (19) ने पेनाल्टी पर गोलकर चेल्सी को 2-0 की बढ़त दिलाई, लेकिन गारनाचो (34) और ब्रूनो फर्नांडीज (39) ने पहले हाफ में ही यूनाइटेड को बराबरी दिला दी।

67वें मिनट में गारनाचो ने एक और गोल कर यूनाइटेड को बढ़त दिलाई। यूनाइटेड जीत की ओर बढ़ रहा था। स्टापेज समय में पामर ने दूसरी पेनाल्टी को गोल में बदला और एक मिनट बाद गोल कर चेल्सी को 4-3 से जीत दिला दी।

## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में 60 वर्षीय वृद्ध घायल, रेफर

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** रफीगंज-शिवगंज पथ पर रेगनिया पेट्रोल पंप के पास सिंघी गांव निवासी 60 वर्षीय विजय सिंह सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। घायल को हरेंद्र कुमार, विजय सिंह, कुंदन सिंह सहित स्थानीय लोगों ने वाहन से रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। डॉक्टर संतोष कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल, रेफर कर दिया गया। घायल के परिजनों ने बताया कि पेट्रोल पंप के पास से पेट्रोल लेकर रफीगंज की ओर आ रहे थे। तभी रफीगंज की तरफ से आ रहे एक बाईक सामने से टक्कर मार दिया।जिससे गिरकर घायल हो गए। बाइक सवार दो लोग भी घायल हो गए। घटना स्थल से ही सदर अस्पताल औरंगाबाद भेज दिया गया है।

### 125 लीटर देसी-विदेशी शराब बरामद

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** रफीगंज थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना पर छापेमारी कर चकरदाह गांव से 80 लीटर महुआ शराब एवं 22 क्विंटल महुआ और एक बाइक जब्त किया है। वही औरंगाबाद सदर प्रखंड में जम्होर थाना की पुलिस ने शांतिपुर जाने वाली पक्की सड़क पर रात्रि गश्ती के दौरान 45.9 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया। है। दोनों मामलों में पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।

### तारामंडल में मनपसंद सीटों का चुनाव करने का रहेगा विकल्प

**पटना (नि.सं.)।** पटना। तारामंडल में मनपसंद सीटों का चुनाव करने का विकल्प आम दर्शकों को दिया गया है। दर्शक शो दिवस से सात दिन पहले भी ऑनलाइन बुकिंग कर सकते हैं। शो टिकट ऑनलाइन या तारामंडल के टिकट काउंटर से ले सकते हैं। वर्तमान में इसमें सीटों की क्षमता 200 है। थ्री डी शो के लिए दर्शकों को चश्मा उपलब्ध कराया जाएगा। शो के अंदर बैग, थैला व अन्य आपत्तिजनक सामान ले जाने पर रोक रहेगी। शनिवार देर शाम तक सात लोगों ने टिकट बुक कराया।आम दर्शक ऑनलाइन वेबसाइट पर जाकर सभी सीटिंग प्लान को देख सकते हैं। अपनी इच्छा के अनुसार आगे या पीछे कहीं पर सीट का चुनाव कर सकते हैं। टिकट बुक होने पर उनकी सीट लाल हो जाएगी। रिक्त सीटें नीली दिखेगी। जिन सीटों को बुक कर लिया जाएगा वह हरा हो जाएगा। दर्शकों को 3डी शो के लिए विशेष चश्मा दिया जाएगा। वहीं छह वर्ष से कम उम्र के बच्चों को चश्मा नहीं दिया जाएगा। तारामंडल में दो प्रकार का शो दिखाया जाएगा। पहला शो 'वी आर स्टारस और दूसरा 'एस्ट्रोनॉमी मिशन को हिन्दी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में दिखाया जाएगा। सुबह 11 बजे से 'वी आर स्टारस शो अंग्रेजी में देखने को मिलेगा। यही शो दोपहर 1 बजे, शाम 3.20 बजे और 5 बजकर 20 मिनट में हिन्दी में देखने को मिलेगी। इसके अलावे एस्ट्रोनॉमी मिशन एक्सट्रीम को हिन्दी में दोपहर 12 बजे, 2 बजकर 20 मिनट और 4 बजकर 20 मिनट में दिखाया जायेगा। इस शो को अंग्रेजी में शाम 6 बजकर 20 मिनट में दिखाया जायेगा। तारामंडल में बने सभागार की बुकिंग भी ऑनलाइन की जा सकेगी, इसमें 224 लोगों की बैठने की सुविधा होगी। यह अत्याधुनिक लाइटों से सुसज्जित है।

### राष्ट्रीय समुद्री दिवस पर रक्तदान शिविर आयोजित

**पटना (नि.सं.)।** पटना। राष्ट्रीय समुद्री दिवस पर पटना स्थित एक्जीक्यूटिव शिप मैनेजमेंट के स्वयंसेवकों ने मेडिवर्सल हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इसका मुख्य उद्देश्य आमलोगों को स्वास्थ्य और कल्याण के प्रति जागरूक करना और जीवन बचाने के लिए रक्तदान के महत्व को बढ़ावा देना था। एक्जीक्यूटिव शिप मैनेजमेंट के प्रतिनिधि ने कहा कि खून का हर एक बूंद मायने रखती है। रक्तदान के जरिये हम एक जीवन को बचाने के साथ एक समुदाय के रूप में हमारी एकजुटता और सहयोग की भावना को भी मजबूत कर सकते हैं। मेडिवर्सल हॉस्पिटल के निदेशक जयंत गांधी ने कहा कि इस तरह का आयोजन समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में मदद करता है।

# फसल अवशेष जलाने की घटना को रोकने हेतु जिला स्तरीय अन्तर्विभागीय कार्य समूह की हुई बैठक

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** श्रीकान्त शास्त्री, जिलाधिकारी, (भा.प्र.से.) औरंगाबाद की अध्यक्षता में शनिवार को फसल अवशेष जलाने की घटना को रोकने हेतु जिला स्तरीय अन्तर्विभागीय कार्य समूह की बैठक आहूत की गयी।

जिला पदाधिकारी, औरंगाबाद ने फसलों के अवशेष को खेतों में जलाने से होने वाले नुकसान को लेकर उपस्थित सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को पूरी गम्भीरता से कार्य करने का निर्देश दिया गया। साथ ही किसानों एवं आम लोगों के बीच इसका व्यापक प्रचार-प्रसार कराने का निर्देश दिया गया। बैठक में उपस्थित जिला कृषि पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि फसल अवशेष को खेतों में जलाने से फायदा कम नुकसान ज्यादा होता है जैसे पोषक तत्व की क्षति होती है, मिट्टी में कार्बनिक पदार्थ की क्षति होती है। जमीन में पाये जाने वाले लाभकारी सूक्ष्म जीवाणुओं का सफाया हो जाता है। साथ ही हानिकारक गैसों का उत्सर्जन होता है तथा फसल अवशेष जलाने से एरोसॉल के कण निकलते है जो हवा को प्रदूषित करते है। एक टन पुआल जलाने से वातावरण को होने वाले नुकसान के कारण तीन किलों ग्राम पार्टीकुलेट मैटर, 1460 कि.ग्रा. कार्बन डाईऑक्साइड, 60 कि.ग्रा. कार्बन मोनोऑक्साईड, 99 कि.ग्रा. राख एवं 02 कि.ग्रा. सल्फर डाइऑक्साइड उत्सर्जित होता है, जो मानव स्वास्थ्य के लिए काफी नुकसानदायक होता है एवं सांस लेने में तकलीफ, आंखों में जलन, नाक एवं गले की समस्या उत्पन्न होती है। जबकि एक टन पुआल जमीन में मिलाते है तो नाइट्रोजन 20-30 ग्राम, पोटाश 30-40 कि.ग्रा., सल्फर 5-7 कि.ग्रा.एवं ऑर्गेनिक कार्बन 6-8 कि.ग्रा. की मात्रा में पोषक तत्व की प्राप्ति होती है। जिला कृषि पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि आत्मा योजना के तहत आयोजित किसान चौपाल के माध्यम से प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी, प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक, कृषि समन्वयक, सहायक तकनीकी प्रबंधक, किसान सलाहकार को निर्देश दिया गया कि किसानों को फसल अवशेष जलाने की घटना को रोकने हेतु उसके दुष्प्रभाव के बारे में विस्तृत जानकारी दिया जाय। फसल अवशेष प्रबंधन के तहत रिपर कम्बाईन्डर, स्ट्री बेलर, हैपी सिडर, रोटरी मल्चर एंव सुपर सिडर आदि पर भी कृषि विभाग के द्वारा अनुदान 40-80 प्रतिषत तक दी जाती है। बैठक में जिला स्तरीय अन्तर्विभागीय कार्य समूह के पदाधिकारी एवं उनके प्रतिनिधि उपस्थित थे यथा जिला वन पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, आपदा, सिविल सर्जन, औरंगाबाद, जिला पंचायतिराज पदाधिकारी, वरिय वैज्ञानिक एवं प्रधान, कृषि विज्ञान केन्द्र, सिरीस, जिला सहाकरिता पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकरी एवं परियोजना निदेशक, आत्मा, औरंगाबाद उपस्थित थे।

# सड़क दुर्घटना में एक की मौत, दो घायल

निज संवाददाता



**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** दाउदनगर थाना क्षेत्र के जिनोरिया मोड़ के समीप एक तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवार तीन युवकों को धक्का मार दिया। इस घटना में घटनास्थल पर ही एक 42 वर्षीय युवक की मौत हो गई। वहीं दो की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। घटना शुक्रवार की सुबह की है। मृतक की पहचान हसपुरा थाना क्षेत्र के उदयभान चक गांव निवासी वासी शाह के पुत्र ऐनुल शाह के रूप में हुई है।घायलों का नाम रमजान अंसारी एवं समीद खान है।परिजनों ने बताया कि ऐनुल राजमिस्त्री का कार्य करता था। किसी कार्य से वह रमजान और समीद के साथ ओबरा जा रहा था। जैसे ही जिनोरिया मोड़ के समीप पहुंचा तभी पीछे से एक तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने तीनों को रौंद दिया, जिससे घटनास्थल पर ही ऐनुल की मौत हो गई। वहीं रमजान और समीद गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद चालक ट्रक लेकर मौके से फरार हो गया। घटना के बाद घटनास्थल पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने तीनों को दाउदनगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां के डॉक्टरों ने ऐनुल को मृत घोषित कर दिया।दोनों घायलों का उपचार किया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना दाउदनगर थाना की पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कराई और शव परिजनों को सौंप दिया।ग्रामीणों ने सिहाड़ी गांव के समीप कुछ देर के लिए सड़क को जाम कर मुआवजे के लिए प्रदर्शन किया।

## फुटपाथी दुकानदारों ने आयुक्त कार्यालय के पास किया प्रदर्शन

**पटना(नि.सं.)।** फुटपाथी दुकानदारों ने शनिवार की सुबह 11: 30 बजे गांधी मैदान स्थित प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय के पास प्रदर्शन किया। वे आयुक्त कुमार रवि से मिलना चाहते थे, लेकिन कार्यालय में नहीं होने के कारण उनसे मुलाकात नहीं हो पाई। दुकानदारों ने अपनी मांगों का ज्ञापन एडीएम विधि व्यवस्था को सौंपा। एडीएम ने इस संबंध में दो दिनों के अंदर उन्हें जानकारी देने की बात कही। सुबह 11.30 बजे करीब लगभग 2 हजार की संख्या में पटना शहर में अलग-अलग हिस्से में दुकान लगाने वाले फुटपाथी दुकानदार प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय के पास पहुंचे। नासवी संगठन के संयोजक अरविंद सिंह के नेतृत्व में दुकानदार आयुक्त कार्यालय के पास इकट्ठा हुए।

# जीविका दीदियों ने निकाली जागरूकता रैली

निज संवाददाता



**बारूण (औरंगाबाद)।** आगामी लोक सभा आम निर्वाचन 2024 के आलोक में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत जिला में मतदाता जागरूकता हेतु अलग-अलग गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। शनिवार को बारुण प्रखंड, पंचायत धमनी के मांझौली गांव के संस्कार भीओ में सीएम पिंकी देवी,एवं जीविका दीदी के साथ मतदाता जागरूकता हेतु जीविका दीदियों द्वारा डोर टू डोर अभियान चला कर मतदाताओं को जागरूकता रैली निकालकर शपथ कराया गया, जिसमें सीसी संजय कुमार ,बुककीपर सुषमा देवी सीएम पिंकी देवी, सीएनआरपी दीपू देवी, भीआरपी मंजू देवी और जीविका दीदी शामिल हुई। शनिवार को पंचायत तरार ग्राम चौरी, आराई प्रखंड दाउदनगर मशाल सीएलएफ विशाल सीएलएफ मशाल सीएलएफ अंतर्गत द्वारा मतदाता जागरूकता रैली एवं शपथ ग्रहण का आयोजन किया गया जिसमें जिसमें जीविका दीदी बीके, सीएफ सीएम, सीएनआरपी एवं जीविका कर्मी इत्यादि ने भाग लिया। देव ब्लॉक के लो-भीटीआर क्षेत्र पचोखर बूथ संख्या- 261,262 में सेविका रीना देवी और रीता देवी के द्वारा ग्रामीणों के साथ मानव श्रृंखला, मेंहदी और रैली के मध्यम से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम किया गया।

# लोकसभा चुनाव को लेकर डीएम-एसपी ने पलामू में किया फ्लैगमार्च, पलामू डीसी एंव एसपी रहे मौजूद

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के शांतिपूर्ण संचालन एवं आयोजन हेतु जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन औरंगाबाद कटिबद्ध है इसी क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी औरंगाबाद श्रीकांत शास्त्री पुलिस अधीक्षक स्वप्न जी मेश्राम एवं पलामू के डीसी शशि रंजन एवं पुलिस अधीक्षक पलामू रिषमा रमेशन सी आर पी एफ के डिप्टी कमांडेंट कबीर सरीन अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी औरंगाबाद संजय कुमार पांडे कुटुंबा थानाध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारी ने पलामू के हरिहरगंज एवं कुटुंबा बॉर्डर के अंतर्गत हरिहरगंज थाना से महाराजगंज होते हुए हरिहरगंज प्रखंड तक फ्लैग मार्च किया ताकि शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष लोकसभा संपन्न कराया जा सके। इसके साथ-साथ पलामू के डीसी एवं पुलिस अधीक्षक के साथ संयुक्त रूप से हरिहरगंज थाना में एक बैठक भी आहूत की गई। इस बैठक में लोकसभा के शांतिपूर्ण संपन्न कराने हेतु आवागमन ,चेकिंग सुरक्षा का मानक के अनुसार निर्धारण सूचना संकलन आदि महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विमर्श करते हुए एक कार्य योजना भी तैयार की गई । जिला निर्वाचन पदाधिकारी औरंगाबाद श्रीकांत शास्त्री एवं पुलिस अधीक्षक स्वप्नाजी मेश्राम ने प्रथम चरण हेतु निर्धारित चुनाव में सहयोग की अपील की आम सहमति से जिला निर्वाचन पदाधिकारी औरंगाबाद एवं पलामू के डीसी तथा दोनों जिला के पुलिस अधीक्षक ने लोकसभा चुनाव के शांतिपूर्ण संपन्न कराने हेतु सुरक्षा के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण निर्णय भी लिए। लोकसभा चुनाव के पूर्व शांतिपूर्ण संपन्न कराने हेतु विभिन्न-विभिन्न महत्वपूर्ण कार्रवाई भी करने का निर्णय लिया गया।

# 17 अप्रैल को निकलेगा रामनवमी का जुलूस

निज संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** दाउदनगर एसडीओ मनोज कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में औरंगाबाद एसपी के निर्देशानुसार दाउदनगर में रामनवमी जुलूस की तैयारी पर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इसमें दाउदनगर अनुमंडल मुख्यालय में आचार संहिता के मद्देनजर 17 अप्रैल को ही प्रशासन द्वारा जुलूस संपन्न कराने को कहा गया। बैठक में उपस्थित सत्संग नगर रामनवमी कमेटी के सदस्यों एवं मिलन पूजा समिति के सदस्यों द्वारा भी अपनी बातों को रखा गया। प्रशासन द्वारा लोकसभा चुनाव को लेकर लगाई गई धारा 144 एवं आचार संहिता के नियमों की जानकारी दी गई। रामनवमी कमेटी के युवक से बताया गया कि सभी कमेटी के सदस्यों एवं आम जनों के सहमति के बाद ही 8 अप्रैल को इस संबंध में अंतिम निर्णय लेकर बताया जाएगा। बैठक में एसडीपीओ कुमार ऋषिराज के अलावे रामनवमी कमेटी से जुड़े अटल बिहारी पप्पू गुप्ता, राजाराम प्रसाद के अलावा पूजा समिति के अध्यक्ष रणधीर कुमार उपस्थित रहे।

# बीजेपी प्रत्याशी ने रफीगंज में किया जनसंपर्क

निज संवाददाता



**औरंगाबाद।** औरंगाबाद से एनडीए समर्थित बीजेपी प्रत्याशी व निर्वतमान सांसद सुशील कुमार सिंह ने शनिवार को रफीगंज विधानसभा क्षेत्र में सिमरा, जमशेद, भदवा एवं विभिन्न गांवों में जनसंपर्क किया। उन्होंने मतदाताओं से मिलकर अपने पक्ष में मतदान करने का आग्रह किया। जनसंपर्क अभियान के दौरान भाजपा प्रत्याशी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों एवं जन कल्याणकारी योजनाओं से जुड़ी जानकारी मतदाताओं को दी। भाजपा के पक्ष में अपना वोट डालने के साथ ही क्षेत्र की महिलाओं, बुजुर्गों, युवा मतदाताओं से आशीर्वाद एवं समर्थन मांग प्रधानमंत्री के हाथों को मजबूत करने की अपील की। साथ ही उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर सभी कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कहा कि मैं उन सभी महान विभूतियों को नमन करता हूं जिनके निस्वार्थ सेवा और समर्पण से पार्टी आज इस शिखर पर पहुंची है। भाजपा देश में एक प्रमुख राष्ट्रवादी शक्ति के रूप में उभर चुकी है। हम देश में सुशासन, विकास, एकता एवं अखंडता के लिए कृत संकल्पित है। इस मौके पर भाजपा रफीगंज ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सुबोध कुमार सिंह, कसमा मंडल अध्यक्ष प्रदीप चौरसिया, लोजपा प्रखंड अध्यक्ष राजेश पासवान, अनिल सिंह, विकेश सिंह, भानु गुप्ता, गोपाल साव, लोजपा नेता बिरेन्द्र सिंह, सत्येन्द्र सिंह, भिखारी पासवान, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष विनय कुमार सिंह, संजय योगी, शुभम सिंह, शिवनारायण साव, प्रभात सिंह, नंद कुमार गुप्ता, रामकुमार सिंह, अनिल सिंह, चुन्नू शर्मा, अर्जुन पासवान एवं सैंकड़ो ग्रामीण उपस्थित रहे।

# डिप्टी सीएम विजय सिंहा का बीजेपी कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



निज संवाददाता

**ओबरा (औरंगाबाद)।** लोकसभा चुनाव को लेकर औरंगाबाद में जनसंपर्क कार्यक्रम में शामिल होने जाने के दौरान शनिवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने यहां उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा और बीजेपी के प्रदेश उपाध्यक्ष धीरेंद्र शर्मा का स्वागत किया। इस दौरान ओबरा मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार उर्फ पप्पू अग्रवाल, विधानसभा विस्तारक रमेश पांडेय, जिला महामंत्री संजय गुप्ता, मंडल उपाध्यक्ष संजय मालाकार, शिवनारायण सोनी, युगल किशोर पांडेय, कोषाध्यक्ष शिव शंकर प्रसाद साहू, डॉ. उमेश सिंह, अशोक अग्रवाल, सौरभ कुमार, विनोद नाग, अजय नाग, सुबोध कुमार चंद्रवंशी एवं अशोक कुमार शर्मा समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मैट्रिक परीक्षा में सफलता का परचम लहराने वाले छात्रों को किया गया सम्मानित

निज संवाददाता



**गोह (औरंगाबाद)।** कोचिंग सेंटर, गोह के प्रांगण में मैट्रिक की बोर्ड परीक्षा में बेहतर अंक लाने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कोचिंग के निदेशक रामबलम एवं प्राचार्य अविनाश के नेतृत्व में यह कार्यक्रम का आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मैट्रिक में बेहतर अंक लाने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। सम्मानित होनेवाले स्टूडेंट्स में विश्वजीत सिंह 462, सुरभि कुमारी 451, किरण कुमारी 417, रोशन कुमार 416, सोनी कुमारी 406, वेद प्रकाश 395, रोशन कुमार 392, पवन कुमार 380, उपेंद्र कुमार 360, शीला कुमारी 371, पप्पू कुमार 325, आरती कुमारी 375, रोहित कुमार 314, सेल्यूट कुमार 325, सुकृति कुमारी 306, सोनिया 306, राजनंदिनी 300, रंजू कुमारी 300, नेहा 302 और अन्य शामिल है। सभी छात्रों ने इसका श्रेय अपने माता-पिता और गुरु राजबलम व अविनाश को दिया।

## तारामंडल में मनपसंद सीटों का चुनाव करने का रहेगा विकल्प

**पटना (नि.सं.)।** तारामंडल में मनपसंद सीटों का चुनाव करने का विकल्प आम दर्शकों को दिया गया है। दर्शक शो दिवस से सात दिन पहले भी ऑनलाइन बुकिंग कर सकते हैं। शो टिकट ऑनलाइन या तारामंडल के टिकट काउंटर से ले सकते हैं। वर्तमान में इसमें सीटों की क्षमता 200 है। थ्री डी शो के लिए दर्शकों को चश्मा उपलब्ध कराया जाएगा। शो के अंदर बैग, थैला व अन्य आपत्तिजनक सामान ले जाने पर रोक रहेगी। शनिवार देर शाम तक सात लोगों ने टिकट बुक कराया।

# लोस चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने हेतु पुलिस ने किया वोटरो से संवाद व फ्लैग मार्च

निज संवाददाता



**गोह(औरंगाबाद)।** लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर दाउदनगर के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुमार ऋषि राज के नेतृत्व में पुलिस ने गोह प्रखंड के बंदेया थाना क्षेत्र में स्थानीय थानाध्यक्ष के साथ उग्रवाद प्रभावित चपरा, मलहद, झिकटिया एवं घोटा आदि गांवों में भ्रमण कर लोगों के बीच विश्वास जगाया। इस दौरान फ्लैग मार्च निकालने के साथ ही मतदाताओं से बातचीत कर उनकी समस्याओं को नोट किया गया। इसके अलावा राष्ट्रीय औसत से कम मतदान वाले झिकटिया गांव के लोगों से बातचीत और कारणों की पड़ताल की गई। बूथों का भौतिक सत्यापन, मतदान के प्रतिशत में कमी के कारणों की विवेचना, एवं थाना स्तर पर निर्वाचन कार्यों की तैयारी की समीक्षा की गई।

# बीजेपी के कार्यकर्ताओं ने मनाया पार्टी का स्थापना दिवस



निज संवाददाता

**गोह (औरंगाबाद)।** भाजपा के गोह मंडल इकाई के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को पार्टी का स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया। मंडल अध्यक्ष उमेश पासवान, जिला उपाध्यक्ष दीपक उपाध्याय, महामंत्री बीकू त्रिपाठी के नेतृत्व में कार्यक्रम संपन्न हुआ।मंडल अध्यक्ष उमेश पासवान ने बताया कि बीजेपी की स्थापना 6 अप्रैल 1980 को श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने की थी। पार्टी का हर कार्यकर्ता निस्वार्थ भाव से कार्य करता है। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने देशभक्ति गीत गाए और मिठाईयां बांटी। इस अवसर पर युवा मोर्चा के अध्यक्ष सचिन चंद्रवंशी, नंदू पासवान, प्रमोद सिंह, मोहर लाल मिश्रा एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

जन-जन की वाणी...
सोन वर्षा वाणी
2 राज्य | 4 संस्करण
केंद्र सरकार के डी.ए.वी.पी. तथा बिहार, झारखंड एवं उत्तराखंड राज्य सरकार के आईपीआरडी से मान्यता प्राप्त
औरंगाबाद, पटना, आरा एवं रांची (झारखंड) से प्रकाशित हिंदी दैनिक
प्रकाशन के गौरवपूर्ण 25 वर्ष रजत जयंती
आवश्यकता :
25 वर्षों से निरंतर प्रकाशित हो रहे प्रतिष्ठित हिंदी दैनिक समाचारपत्र सोन वर्षा वाणी को पेजिनेटर, कॉपी एडिटर, विज्ञापन प्रबंधक, मार्केटिंग प्रतिनिधि एवं प्रत्येक जिले से पत्रकार / संवाददाता की आवश्यकता है|
इच्छुक सम्पर्क करें : 7766886433, mail : svvpress@gmail.com
नोट : अनुभव के आधार पर पद सृजित किये जायेंगे.
प्रधान कार्यालय : सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) | मो. 9934957121
आरा कार्यालय : जयहिंद कॉलोनी, नाला मोड़, आरा (भोजपुर) बिहार | मो. 9142681546
रांची कार्यालय : 204, निर्मला एन्क्लेव, रानी बागान, बरियातू हाउसिंग कॉलोनी, बरियातू, रांची (झारखंड) | मो. 7766886433